# 2025 कुंभ से पहले गंगाजल हो जाएगा आचमन करने लायक

## केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह ने ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करके किया दावा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गंगा को साफ व स्वच्छ बनाने में 30 हजार करोड़ से अधिक लागत से नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत कार्य कराए गए हैं। यही वजह है कि गंगा पहले के मुकाबले काफी अविरल व निर्मल हुई हैं, लेकिन कुछ टेनरियों का पानी आज भी गंगा में गिर रहा है, जिनपर कार्रवाई की जाएगी और वर्ष 2025 में प्रयागराज में होने वाले कुंभ से पहले गंगा का पानी आचमन लायक बना लिया जाएगा। यह बात जाजमऊ स्थित कॉमन इंफ्लूएंट ट्रीटमेंट प्लांट और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करने आए केंद्रीय जल शक्ति गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहीं।

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत व प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह शुक्रवार को कानपुर आए और उन्होंने जाजमऊ स्थित सीईटीपी व एसटीपी का निरीक्षण किया। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री ने बताया कि जाजमऊ का सीईटीपी व एसटीपी टेनरी सेक्टर में एशिया का सबसे बड़ा ट्रीटमेंट प्लांट है, जिसकी लागत सवा छह सौ करोड़ रुपये है। इसकी मदद से प्रतिदिन कई करोड़ लीटर दूषित पानी को स्वच्छ बनाया जा सकता है। 2014 में वाराणसी से चुनाव लड़ने के बाद प्रधानमंत्री ने गंगा के सामने यह संकल्प लिया था कि गंगा की अविरलता व निर्मलता सुनिश्चित कराई जाएगी। तब नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत कार्य शुरू किए गए। पिछले नौ साल में अब तक लगभग 30 हजार करोड़ से ज्यादा से कार्य किया गया है। इस लागत से पानी का शोधन, इंफ्रास्ट्रक्चर, गंगा नदी की सहायक नदियों पर इसी तरह से इंफ्रास्ट्रक्चर वेटलेंट का कंजरवेशन व गंगा नदी के पूरे ईको सिस्टम को सुधारने के लिए समन्वित प्रयास नमामि गंगे मिशन के तहत हुए हैं। कानपुर में गंगा की निर्मलता को देखकर यह कहना गलत नहीं कि होगा कि नमामि गंगे मिशन सफल हुआ है। कानपुर की लेदर इंड्रस्टी विश्व विख्यात है। जो पुराना ट्रीटमेंट प्लांट था, वह नौ एमएलडी का था। उसकी शिथिलता के चलते यहां उद्योगों को सरकारों व न्यायालयों ने आधे-अधूरी क्षमता से चलाने के निर्देश दिये थे या उन्हें बंद कर दिया था। वहीं, पुराना ट्रीटमेंट प्लांट भी पूरी तरीके से ट्रीट नहीं कर पा रहा था। इसलिए पीएम ने एशिया का सबसे बडा टेनरी सेक्टर का ट्रीटमेंट प्लांट कानपुर को दिया। अंग्रेजों के जमाने का बना सीसामऊ नाला बंद कराया।

प्रधानमंत्री के प्रयासों से यह गर्व से कह सकता हूं कि वर्ष 2025 तक गंगा नदी में एक बूंद अशुद्ध जल नहीं गिरेगा, कुंभ आने तक यह हालत कर दिए जाएंगे कि कुंभ में आने वाले श्रद्धालु गंगा के अविरल व निर्मल जल से स्नान और आचमन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि वह एक साल बाद फिर आएंगे। तब तक पूरे सीईटीपी व एसटीपी परिसर में पौधरोपण होना चाहिए।



प्लांट के निरीक्षण के दौरान शोधित जल देखते केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह। अमृत विचार

### पहले गंगा में अंगुली डालने से काली हो जाती थी

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री ने बताया कि मानक के तहत यहां से निकलने वाले पानी को खेतों में सिंचाई के लिए भेजा जा रहा है। पहले ट्रीटमेंट प्लांट न होने से जहरीला पानी गंगा में जाता था, जिस कारण जलीय जीवन बिलकुल समाप्त हो गया था। कानपुर में ऐसा कहा जाता था कि यदि गंगा में हाथ की अंगुलियों को डालकर बाहर निकालो तो अंगुलियां काली पड़ जाती थीं। ऐसे में नदी में रहने वाले जीव का यहां रहना सम्भव नहीं था। लेकिन अब ऐसा बिल्कुल नहीं है।

- 2025 तक गंगा में सीधे गिर रहे सभी नालों को बंद किया जाएगा
- गंगा को प्रदूषित करने वाली टेनरियों पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई

**30** हजार करोड़ से ज्यादा से कराए काम

**09** साल से युद्धस्तर पर हो रहा है काम

**100** करोड़ से नाले बंद किये जाएंगे

### चोर नाले पर चुप्पी साध गए केंद्रीय मंत्री

लेदर इंड्रस्टी के लिए कानपुर एशिया में सुप्रसिद्ध था, लेकिन गंगा में जा रहे टेनरियों के गंदे के पानी की वजह से कुछ टेनरियों को बंद कर दिया गया था। वहीं, कुंभ आदि धार्मिक आयोजन होने के कुछ माह पहले से टेनिरियों का संचालन बंद करा दिया जाता था, तब श्रद्धालु गंगा में स्नान कर पाते थे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 तक पूर्ण रूप से गंगा में सीधे गिर रहे सभी नालों को बंद किया जाएगा। इसके लिए सरकार 100 करोड़ की परियोजना लाकर इन नालों को बंद कराने का काम करेगी। वहीं, जब मीडिया कर्मियों ने प्लांट के पास ही गिर रहे एयरफोर्स चोर नाले के बारे में जानकारी करनी चाहिए तो वह चुप्पी साध गए।

# मंत्री जी देखिए, यहां कैसे ली जा सकती सेल्फी



कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मंत्री जी, आप कह रहे हैं कि सीसामऊ नाला पूरी तरह से बंद है और तो और यहां पर सेल्फी भी ली जा सकती है, लेकिन मंत्री जी हकीकत तो ये है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जाने के बाद सीसामऊ नाला फिर से गंगा में गिरने लगा था। जिम्मेदार अधिकारियों ने कागजों पर ही सीसामऊ नाले का पानी रोककर गुमराह किया है।

जाजमऊ स्थित सीईटीपी व एसटीपी का निरीक्षण करने आए केंद्रीय जल शक्ति मंत्री ने कहा कि जब मां गंगा की अविरलता व निर्मलता के संबंध में प्रश्न चिन्ह खड़े किए जाते हैं तब कानपुर के सीसामऊ नाले की फोटो व वीडियो दिखाया जाता है। इस सीसामऊ नाले से प्रतिदिन 14 करोड़ लीटर गंदा पानी गंगा में गिरता था, काफी प्रयासों के बाद यह नाला बंद कराया गया, जो अब पिकनिक स्पॉट जैसा बन गया है। लोग यहां पर जाकर सेल्फी लेते हैं। मंत्री जी की यह बात गले नहीं उतर रही है। क्योंकि वर्ष 2019 के दिसंबर माह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने पर सीसामऊ नाले को बंद कर सेल्फी प्वाइंट जरूर बनाया गया था, लेकिन अब सीसामऊ नाले का पानी प्रतिदिन गंगा में गिर रहा है जो गंदा को दूषित कर रहा है। वहीं, कई छोटे व बड़े नालों व टेनरियों का पानी आज भी गंगा में गिर रहा है।

### गड्ढा युक्त सड़क से गुजरती सरकार...



गड्ढा युक्त सड़क पर हिचकोले खाती, धूल उड़ाती, सीवर भराव में दुर्गंध से गुजरी सरकार तो अफसरों के माथे पर पसीना आ गया। गाड़ी में बैठे माननीय व अफसरों ने तुरंत गाड़ी के शीशे बंद करवा दिए। वाक्या जाजमऊ वाजिदपुर इलाके का है जहां शुक्रवार को ट्रीटमेंट प्लांट सीईटीपी का निरीक्षण करने केंद्र सरकार के केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति स्वतंत्र देव सिंह का काफिला टूटी व गड्ढे वाली सड़क सीवर भराव के बीच से गुजरा। फोटो – मनोज तिवारी

## युवती ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दी

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में मॉल में काम करने वाली युवती ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। शव से कुछ दूरी पर मोबाइल और सिम कार्ड अलग-अलग पड़ा मिला।

बर्रा छह में रहने वाले प्राइवेट कर्मी विजय सिंह ने बताया कि उनकी छोटी बेटी 23 वर्षीय निशा कल्याणपुर के एक मॉल में काम करती थी। वह किराए पर कमरा लेकर रहती थी। गुरुवार रात और शुक्रवार सुबह निशा का मोबाइल पहुंच से बाहर बताता रहा। दोपहर करीब 12 बजे कल्याणपुर पुलिस ने उनको फोन कर बताया कि बेटी ने दलहन अनुसंधान क्रॉसिंग के पास ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली है। पिता विजय सिंह ने बताया कि गुरुवार शाम को ही पत्नी उससे मिलकर आई थीं। तब कोई परेशानी की बात नहीं थी।

# होमगार्ड न फोटो खींचेंगे, न चालान करेंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- वकीलों की शिकायत पर पुलिस कमिश्नर ने दिए आदेश
- अभद्रता के विरोध में अधिवक्ता पुलिस कमिश्नर से मिले, की शिकायत
- घंटाघर चौराहे पर होमगार्ड ने अधिवक्ता की पिटाई की थी

**अमृत विचार।** गुरुवार को घंटाघर चौराहे पर होमगार्ड के अधिवक्ता को झापड़ मारने और अभद्रता करने के विरोध में लायर्स एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल पुलिस कमिश्नर से मिला। बताया कि विवाद के दौरान अधिवक्ता की बाइक भी चोरी हो गई, जिसकी पुलिस ने रिपोर्ट नहीं की।

पुलिस कमिश्नर ने तत्काल चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए। इसी के साथ आश्वासन दिया कि होमगार्ड अब वाहनों का चालान नहीं करेंगे और न ही फोटो खींचेंगे।

केशव नगर निवासी अधिवक्ता बृज कुमार भारतिया को गुरुवार दोपहर एक बजे घंटाघर चौराहे पर हेलमेट न होने की वजह से होमगार्ड वीरेंद्र कुमार ने रोक लिया था और फोटो खींच कर चालान करने लगा। फिर 500 रुपये में छोड़ने के लिए कहा। विरोध करने पर होमगार्ड ने अधिवक्ता भारतिया को थप्पड़ जड़ दिया था। सूचना पर कई अधिवक्ताओं ने मौके पर पहुंच कर हंगामा किया था। विवाद के दौरान अधिवक्ता की मौके से गाड़ी भी चोरी हो गई, जिसकी पुलिस ने रिपोर्ट नहीं लिखी। शुक्रवार को लायर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रवींद्र शर्मा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं का प्रतिनिधि मंडल पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से मिला।

अध्यक्ष रवींद्र शर्मा ने आरोप लगाया कि शहर भर के चौराहों पर होमगार्ड वाहनों की फोटो खींच कर अवैध वसूली कर रहे हैं। दूसरे शहरों की गाड़ियों होमगार्ड और ट्रैफिक कर्मी घेर कर रोकते हैं। पुलिस कमिश्नर ने तत्काल प्रभाव से बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए।

उन्होंने साथ ही निर्देश दिए कि चौराहों पर होमगार्ड वाहनों की फोटो खींच कर चालान नहीं करेंगे। इस दौरान विजय सागर, अरविंद दीक्षित, देशबंधु तिवारी, नूर आलम, ऋषभ मिश्रा, युग अवस्थी, नितिन पांडेय, आयुष शुक्ला, श्रीकांत मिश्र मौजूद रहे।



पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से विरोध दर्ज कराते अधिवक्ता। अमृत विचार

## 11 वीं की छात्रा ने खाया जहर, मौत

**कानपुर।** काकादेव थानाक्षेत्र में 11वीं की छात्रा ने जहर खाकर जान दे दी। छात्रा की मां ने हैलट में डॉक्टर पर इलाज न करने का आरोप लगाया है।

विजय नगर निवासी अनूप की 17 वर्षीय बेटी तान्या 11 वीं की छात्रा थी। मां सावित्री ने बताया कि शुक्रवार सुबह बेटी उल्टी करने लगी। बेटी की जेब से चिट्ठी मिली जिसमें जहर खाने की बात लिखी थी। उसे हैलट ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मां ने आरोप लगाया कि डॉक्टर के बजाये नाम पता ही पूछते रहे। देरी से इलाज शुरू किया तो उसने दम तोड़ दिया।

# अखिलेश यादव से मिले बेरिया, सपा में वापसी पर लगी मुहर

**घर वापसी**

विशेष संवाददाता, अमृत विचार

- विधायक अमिताभ वाजपेयी ने मतभेद दूर कराने में मध्यस्थता निभाई

**कानपुर।** सपा सरकार में मंत्री रहे वर्तमान में भाजपा नेता शिवकुमार बेरिया की सपा में वापसी का रास्ता तय हो गया है। शुक्रवार को लखनऊ में बेरिया ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिलकर गिले-शिकवे दूर किए। इस दौरान मध्यस्थ रहे विधायक अमिताभ वाजपेयी भी उपस्थित रहे। अब बेरिया को सपा में किसी बड़ी सभा में औपचारिक रूप से शामिल कराया जाएगा।

अखिलेश सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे शिवकुमार बेरिया ने पांच बार अलग-अलग क्षेत्रों से विधानसभा का चुनाव जीता था। समाजवादी विचारधारा के वरिष्ठ नेता बेरिया ने पहला चुनाव सीसामऊ से 1989 में जीता था। दो बार वह बिल्हौर (सु) और दो बार रसूलाबाद (सु) से विधायक रहे। दलितों में उनकी मजबूत पकड़ है। मुलायम सिंह यादव के करीबी गिने जाने वाले बेरिया राजनीतिक मतभेद के चलते भाजपा में शामिल हो गए थे। कानपुर में नेताजी के दौरे में चौधरी हरमोहन सिंह यादव और शिवकुमार बेरिया साथ होते थे।

सपा विधायक अमिताभ वाजपेयी ने बताया कि पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव से पहले बातचीत हो चुकी थी। उनकी स्वीकृति के बाद शुक्रवार की बैठक तय हुई। बेरिया की सम्मानजनक वापसी की रूपरेखा तैयार कर ली गयी है। प्रयास होगा कि कानपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन में बेरिया और उनके समर्थकों की ज्वाइनिंग करायी जाए। विधायक वाजपेयी ने बताया कि नाराज होकर भाजपा में जाने वाले अन्य नेता भी चुनाव से पहले पार्टी में लौट आएंगे। सपा विधायक मोहम्मद हसन रूमी ने बताया कि बेरिया की ज्वाइनिंग को लेकर 11 फरवरी को अमिताभ के साथ पार्टी अध्यक्ष के साथ हुई बैठक में वह भी थे। पूर्व मंत्री शिवकुमार बेरिया ने विधानसभा चुनाव 2022 से पहले भाजपा की सदस्यता ली थी।



लखनऊ में अखिलेश यादव से मिले शिवकुमार बेरिया।

## स्टैंड संचालकों ने चालक को जमकर पीटा

कानपुर। दबंग स्टैंड संचालकों ने जमकर दबंगई दिखाई। हनुमंतविहार थाना क्षेत्र के उसमानपुर चौकी के पीछे सवारी बैठाने के विवाद में स्टैंड संचालकों और टाटा मैजिक के चालक में कहासुनी हो गई। कहासुनी के बाद पुलिस चौकी के पीछे दबंग स्टैंड संचालकों ने चालक की जमकर पिटाई की।

**पहल** तीन देशों की भारत सरकार के साथ चल रही बातचीत

# एनएसआई में सीखेंगे विदेश के वैज्ञानिक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- संस्थान में चीनी उत्पादन के नए तरीके जानेंगे

**अमृत विचार।** बेहतर चीनी उत्पादन के गुर सीखने के लिए फिजी और तंजानिया के वैज्ञानिक शहर आएंगे। इन देशों के साथ ही बांग्लादेश के विशेषज्ञों को भी चीनी उत्पादन से जुड़ा प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए तीनों देशों की ओर से भारत सरकार से बातचीत चल रही है। प्रशिक्षण राष्ट्रीय शर्करा संस्थान (एनएसआई) में दिया जाएगा।

राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में विदेशी विशेषज्ञों को अत्याधुनिक शर्करा उत्पादन के तरीकों को समझाया जाएगा। इसके लिए संस्थान में विशेषज्ञों का पैनल बनाया जा रहा है। तकनीकी अधिकारी महेंद्र कुमार ने बताया कि अनुमति मिलते ही विदेशी वैज्ञानिक यहां आ जाएंगे।



आवेदन पत्र दिखाते निदेशक नरेंद्र मोहन। अमृत विचार

### चीनी मिलों का दौरा शामिल

तीनों देश से आने वाले वैज्ञानिकों को संस्थान की ओर से चीनी मिलों का दौरा भी कराया जा सकता है। यहां से सीखने के बाद वे अपने देशों में यहां के तरीकों को अपनाकर चीनी के उत्पादन में बढोत्तरी करेंगे। संस्थान में इससे पहले भी विदेशी विशेषज्ञ आकर चीनी उत्पादन से जुड़ी बारीकियों को सीख चुके हैं। इन देशों में केन्या प्रमुख रूप से शामिल हैं।

### कर्मचारियों का प्रशिक्षण देना जरूरी

चीनी मिलों में गुणवत्ता और रसायन नियंत्रण के लिए नवीनतम विश्लेषणात्मक तकनीक विषय पर दो सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हो गया। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में हुए कार्यक्रम में प्रदेश की बीस चीनी मिलों के तकनीकी कर्मियों ने भाग लिया। इस आयोजन में बताया गया कि कच्चे माल की गुणवत्ता और प्रक्रिया दक्षता के लिए गन्ने, चीनी व अन्य उत्पादों का सटीक विश्लेषण सुनिश्चित करना बहुत महत्वपूर्ण है। संस्थान के निदेशक नरेंद्र मोहन ने कहा कि चीनी मिलों का कर्मचारियों का प्रशिक्षित होना बहुत जरूरी है। इससे उत्पादन क्षमता बेहतर होती है।

# भक्तों की रक्षा के लिए अवतार लेते भगवान

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचार:** कस्बा के रहीम नगर में पीपलेश्वर भोलेनाथ मंदिर में चल रही श्रीमदभागवत कथा में आचार्य पंडित ललित नारायण त्रिवेदी वृंदावन धाम ने भक्त प्रहलाद का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भक्ति मार्ग पर कोई बड़ा सूरमा ही चल सकता है।

उन्होंने कहा कि भक्त प्रहलाद ने माता के गर्भ में ही नारायण नाम का मंत्र सुना था। जिसके सुनने मात्र से भक्त प्रहलाद के कई कष्ट दूर हो गए थे। उन्होंने भक्त प्रहलाद के जीवन के कष्टों एवं उनकी भक्ति को दर्शाया। जिसके कारण भगवान विष्णु को नरसिंह का अवतार लेकर हिरण्यकश्यप का अंत करने के लिए पृथ्वी पर आना पड़ा।

उन्होंने कहा कि राजा हिरण्यकश्यप खुद को भगवान समझता था और प्रजा को भी वह उसे भगवान मानने के लिए विवश करता था, लेकिन हिरण्य कश्यप का पुत्र प्रहलाद विष्णु को ही भगवान मानता था।

आचार्य ने कहा कि एक दिन हिरण्य कश्यप ने प्रहलाद से पूछा कि तुम्हारा भगवान विष्णु कहां रहता है। प्रहलाद ने एक खंभे की और इशारा करते हुए कहा कि मेरा भगवान हर जगह है। आक्रोश में आकर हिरण्य कश्यप ने उस खंभे को तोड़ने का प्रयास किया।



कथा सुनाते आचार्य।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूच्य हो कि मैंने अपना नाम शाह जहां खातून से बदलकर शांह जहां रख लिया है। मुझे इसी नाम से जाना–पहचाना जाए। – **शांह जहां पत्नी मकबूल अहमद नि0 ग्रा0 जारमऊ पो0 मंगौवा, बाराबंकी उ0प्र0**

**सार्वजनिक सूचना**
**जी.एस. कालेज ऑफ लॉ**
खजुरहट (गन्डई), तहसील–बीकापुर, जिला–अयोध्या (उ.प्र.), पिन कोड–224 206
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जी. एस. एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के चेयरमैन एवं जी. एस. कॉलेज आफ लॉ खजुरहट (गंडई) बीकापुर, अयोध्या के अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता द्वारा दिनांक 14.2.2024 को अमर उजाला माई सिटी में पब्लिक नोटिस के माध्यम से प्रबंधक अनुरुद्ध कुमार तिवारी को हटाए जाने की सूचना दी गई है। जो पूर्णतया असत्य व निराधार है। कुछ माह पहले कॉलेज से महत्वपूर्ण प्रपत्र सहित थैला गुम हुआ था, काफ़ी खोजबीन के बाद भी न मिलने पर प्रबंधक जी द्वारा कोतवाली बीकापुर में दिनांक 13.12. 2023 को गुमशुदगी दर्ज कराई गई है। उन्हीं गुम हुए प्रपत्रों का दुरुपयोग एवं कूटरचना कर अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता व उनके पुत्र अनुज गोयल द्वारा प्रबंधक को गैरकानूनी तरीके से हटाए जाने का प्रयास किया जा रहा है। जिसके संबंध में संजीव कुमार गुप्ता, अनुज कुमार गोयल, राजेंद्र यादव उर्फ राजन आदि लोगों पर थ्स्ट पंजीकृत कराए जाने हेतु वाद श्रीमान न्यायालय सिविल जज (सी.डी.) 3 अयोध्या के यहां विचाराधीन है। उपरोक्त सभी विपक्षी लोगों के द्वारा ट्रस्ट व कॉलेज के संबंध में प्रबंधक हस्ताक्षरित कोई कूटरचित लेख व प्रपत्र प्रस्तुत किए जाने पर बिना प्रबंधक की पुष्टि के उसे पूर्णतया असत्य, गैरकानूनी एवं कूटरचित माना जाय।
**आज्ञा से**
**अनुरुद्ध कुमार तिवारी**
**प्रबंधक – जी. एस. कॉलेज आफ लॉ**
**सचिव – जी. एस. एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **मोहम्मद शकील पुत्र मोहम्मद रफीक, निवासी–मो0 लला कजियाना खुर्द जायस, जि0 अमेठी,** मेरी एलआईसी पॉलिसी संख्या–214496968 में मेरा नाम त्रुटिवश बाबू अंकित हो गया है। जबकि मेरा सही नाम बाबू उर्फ मो0 शकील है। यहकि मोहम्मद शकील व बाबू एक ही व्यक्ति के नाम हैं इस नाम का कोई अन्य व्यक्ति नहीं है। अतः मेरी एलआईसी पॉलिसी में मेरा सही नाम बाबू उर्फ शकील दर्ज किया जाय।

**सूचना**
मकान सं. 126 बी फ्रेन्डस कॉलोनी इटावा का आवटन पत्र वास्तव मे कही खो गए है। जिसका डीड सं. 509 दिनांक 17.03.1966 है। जिसका प्रयोग अवैध माना जाएगा। **यतीन्द्र नाथ दुवे पुत्र सत्य नारायण दीक्षित निवासी मकान सं. 126 बी फ्रेन्डस कॉलोनी तुलसी नगर इटावा उ.प्र.**

**सूचना**
पहले मेरा नाम MITHILESH KUMARI था अब मैने बदलकर अपना नाम MITHILESH YADAV रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **W/O: AJAY KUMAR, R/O E-10, PANDEY KA TALAB COLONY TAL KATORA ROAD AISHBAGH LUCKNOW 226004**

**सूचना**
मैंने अपना नाम SAFINAJ से बदलकर SAYYED SAFINAZ रख लिया। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **W/o- SAYYED MOHAMMAD AKRAM, Add- VILLAGE-SALAHUDDIN PATTI,Post-ZAMIN RASOOLPUR, JAMIN RASULPUR, AZAMGARH (U.P.)- 276127**

# रात भर बिजली गायब, परीक्षार्थी कैसे करें पढ़ाई

## खखरेरु कनपुरवा उपकेंद्र के कर्मचारी कर रहे मनमानी, रात 11 बजे के बाद कोट फीडर से हो रहा खिलवाड़

संवाददाता, खागा फतेहपुर



खखरेरु कनपुरवा विद्युत उपकेंद्र।

**अमृत विचार।** खखरेरु नगर क्षेत्र के कनपुरवा उपकेंद्र में इस समय कर्मचारियों की मनमानी सिर चढ़कर बोल रही है। एक तरफ सूबे की सरकार विद्युत आपूर्ति को लेकर गांव देहात में बिजली की संकट को दूर करने के लिए जहां हर दिन आदेश जारी कर रही है तो वहीं दूसरी तरफ पावर हॉउस में बैठे कर्मचारी रात होते ही बिजली गुल करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे। क्षेत्र के किसान व बोर्ड परीक्षा की पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राएं रात होते ही बिजली की कटौती को लेकर विद्युत विभाग पर नाराजगी जाहिर की है तथा कई तरह के सवाल खड़े कर दिए हैं।

क्षेत्रीय किसानों ने बताया कि खखरेरु कनपुरवा उपकेंद्र से चार फीडर सुचारु रूप से चलाए जाते हैं। जिनमें धाता, कोट, विश्वबैंक, ऐंरॉया शामिल हैं। रात ग्यारह बजते ही कोट फीडर की लाइन काट दी जाती है, फिर सुबह दस बजे बिजली आपूर्ति दी जाती है। वह भी लो-वोल्टेज के साथ। ड्यूटी करने वाले कर्मचारी मनमानी करके हर दिन विद्युत आपूर्ति को बाधित कर रहे हैं। इसी हफ्ते से यह खेल किया जा रहा है। किसानों में कुल्ली गांव से गुरुशरण सिंह, भैया लाल, ईश्वरदीन सिंह, छेदीलाल सिंह व मानुपुर से संतशरण सिंह, लल्लू सिंह, ज्ञान सिंह, कैलाश सिंह, बदनमऊ से जैनुल अली, किसवर अली, यह सभी किसान बड़े पैमाने पर खेती करते हैं। इन्होंने यह भी बताया कि हम सभी बकाया बिल को समय रहते विभाग को देते हैं फिर भी विद्युत विभाग के कर्मचारी मनामनी करते हैं। यह समय गेहूं सिंचाई का है, जिसको लेकर रात भर खेतों में बिजली आने का इंतजार किया जाता है। बिजली उपकेंद्र में चौबीस घंटे उपलब्ध रहती है। जैसे ही कोट फिडर को आपूर्ति दी जाती है। लोहारपुर गांव समीप बने कटऑप से आपूर्ति को बंद कर दिया जाता है। जिससे हम किसानों को सिचाई के लिए पर्याप्त सुविधा नहीं मिल पा रहीं है।

- ग्रामीणों ने बिजली की कटौती को लेकर विद्युत विभाग पर नाराजगी जाहिर की

"इस तरह की कोई सूचना उपभोक्ताओं द्वारा नहीं दी गई। यदि ऐसा किया जाता है तो इसकी जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी तथा किसानों को सही समय पर बिजली आपूर्ति मिलेगी।
–आदित्य कुमार त्रिपाठी, जेई

### क्या बोले स्थानीय ग्रामीण


रात ग्यारह बजे के बाद कोट फीडर को बंद कर दिया जाता है। रात को ड्यूटी करने वाले कर्मचारी लापरवाह हैं। देखा जाए तो खखरेरु नगर में रात भर बिजली आपूर्ति दी जाती है फिर कोट फीडर को क्यू बंद कर दिया जाता है।
– गुरुशरण सिंह, कुल्ली


दसवीं की छात्रा होने के कारण बोर्ड परीक्षा देनी है। परीक्षा सिर पर आ गई है। रात को बिजली गुल हो जाने के कारण पढ़ाई सही नहीं हो पा रही है। जिससे बोर्ड परीक्षा की तैयारी में व्यवधान उतपन्न हो रहा है।
–शोभना देवी, कुल्ली


यह समस्या पहले नहीं थी। बीते कुछ दिनों से कटौती के नाम पर खेल किया जा रहा है। जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। समय पर बिजली आपूर्ति नहीं मिलने से सिंचाई प्रभावित हो रही है।
–भैया लाल सिंह, कुल्ली


इंटर की पढ़ाई कर रहा हूं। बोर्ड परीक्षा होने में कुछ ही वक़्त बचा है। रात को ज़ब भी पढ़ाई के लिए बैठो उसी वक़्त बिजली काट दी जाती है। जिससे परीक्षा की तैयारी सही से नहीं हो पा रही है।
–ओम नारायण, कुल्ली

# सनातन धर्म का संरक्षण जरूरी: नरेन्द्रानंद

संवाददाता, अमौली फतेहपुर


श्रीमदभागवत कथा में बोलते जगदगुरु शंकराचार्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारत के मस्तक के रूप में जाने जानी वाली काशी सुमेरू पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती जगद्गुरु शंकराचार्य ने कहा कि यदि भारत को बचाना है, तो सनातन धर्म का संरक्षण और संवर्धन जरूरी है। 28962 मंदिर तोड़कर जो मस्जिद बनाई गई है, उन्हें मुस्लिम समुदाय सेवा भाव से समर्पित कर दें। उन्होंने मथुरा काशी बाकी है का नारा लगाते हुए उद्घोष किया। भागवत मुक्ति पद है श्रीमदभागवत में कर्म, ज्ञान, उपासना, समाहित है। जब धरती पर अत्याचार बढ़ता है तब धरती मां गौ रूप में अवतार लेती है।

अमौली विकास खण्ड क्षेत्र के कुलखेड़ा गांव में राजेन्द्र दीक्षित के द्वारा किए गए साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन के अंतिम दिन काशी के जगत गुरु शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती जी का आगमन हुआ। उन्होंने श्री मद्भागवत कथा के प्रसंग पर कहा कि 100 करोड़ कल्पों में भी किए गए कर्म का उपभोग व्यक्ति को भोगना पड़ता है। उन्होंने इतिहास, वेद, पुराण की कई कथाओं का बखान करते हुए देश की रक्षा करते हुए वीर सैनिकों की वीरगती पर उन्हें अमर होने की बात कही। उन्होंने बेटी पढ़ाओ के साथ बेटी को आत्म निर्भर व आत्म सुरक्षा के लिए उनकी जेब पर एक चाकू रखने की सीख देने के लिए महिलाओं को प्रेरित किया। उन्होंने कश्मीर में भगवान अमरनाथ को भारत का मस्तक बताया। कहा भगवान राम का विरोध करने वाला कभी सुखी नहीं रह सकता। मेरी जन्म भूमि मेरे लिए स्वर्ग से भी अधिक महत्व है। उन्होंने अयोध्या के बाद मथुरा के कारागार व बनारस में भी भगवान के शीघ्र दर्शन करने की बात कही। उन्होंने कहा जो भी भारत से अलग हुआ वह अलग देश बन गया। उन्होंने लोगों को एक साथ आने का आवाहन किया।

उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि यदि देश के जवानों को असलहे न देकर चरखा दे दिया जाए तो क्या आजादी मिल सकती है। उन्होंने गांधी जी को नहीं बल्कि सुभाष चन्द्र बोस, आजाद भगत सिंह को आजादी का हिस्सा बताया। पूर्व एमएलसी लवकुश मिश्रा, उमेश त्रिवेदी, प्रमोद शुक्ला, शिवगोपाल तिवारी, जितेंद्र त्रिपाठी, श्याम दीक्षित, कैलाश दीक्षित, छोटे दीक्षित, धनंजय अग्निहोत्री, ललित दीक्षित सहित कई लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### मुनीम व ट्रैक्टर चालक से मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**असोथर।** थाना क्षेत्र के हरनवा गांव के पास अज्ञात लोगों ने बालू बेचकर आ रहे मुनीम और ट्रैक्टर चालक से मारपीट की। घायल मुनीम और ट्रैक्टर चालक का पीएचसी असोथर भेजकर इलाज कराया गया। असोथर कस्बा निवासी विजय कुमार ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि जिला पंचायत सदस्य मनोज गुप्ता का ट्रैक्टर है। वह उनकी फर्म में मुनीम है। जो कि 14 फरवरी को फतेहपुर से बालू बेचकर वापस जा रहा था। तभी एक अज्ञात व्यक्ति ने बेसड़ी हरनवा गांव के पास ट्रैक्टर के आगे अचानक आकर रुकवाया। जैसे ही ट्रैक्टर रुका वैसे ही तीन अज्ञात लोग और आ गए और शिवबली पाल को पूछने लगे। जिस पर मुनीम ने कहा कि शिवबली ट्रैक्टर में नहीं है तो उन लोगों ने मुनीम विजय गुप्ता व ट्रैक्टर चालक हरीलाल के साथ मारपीट शुरू कर दी।

### कार्यकाल समाप्ति पर, उठने लगी चुनाव कराने की मांग

**फतेहपुर।** अधिवक्ता संघ बिंदकी का कार्यकाल फरवरी माह के अखिर में खत्म हो रहा है। इसी के साथ दावेदारों ने संघ का चुनाव कराये जाने की मांग भी तेज कर दी है। यही नहीं दावेदार अधिवक्ताओं के बीच जाकर समर्थन भी जुटा रहे हैं। अधिवक्ता संघ बिंदकी के कार्यकाल के फरवरी माह से एक साल पूरे हो रहे हैं। दावेदार समय से चुनाव कराये जाने की मांग शुरू कर दी है। वहीं अधिवक्ता संघ की वर्तमान कमेटी अभी तक चुनाव संबंधी कार्यक्रम की कोई घोषणा नहीं की। जिससे दावेदारों में बेचैनी देखने को मिल रही है। चुनाव को लेकर बिंदकी के अधिवक्ता फिलहाल तीन गुटों में बंटे दिख रहे हैं। पूर्व अधिवक्ता संघ अध्यक्ष विपनारायन तिवारी, यंग लायर्स पूर्व अध्यक्ष गोली सिंह ने अधिवक्ताओं की मीटिंग बुलाने जा रहे हैं। इसको लेकर शुक्रवार को अधिवक्ताओं के बीच जनसंपर्क कर समर्थन जुटाते देखा गया।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहपुर।** चांदपुर पुलिस ने सिकरी गांव निवासी चन्द्रकांत पुत्र शिवशंकर के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया है।

# सड़क हादसे में अज्ञात युवक की मौत

संवाददाता, थरियांव, फतेहपुर

- हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस
- पुलिस ने शव की पहचान कराने का भी प्रयास किया

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के हनुमानपुर मोड़ के पास नेशनल हाइवे पार कर रहे एक युवक को तेज रफ्तार वाहन टक्कर मारते हुए निकल गया। हादसा देख स्थानीय लोग दौड़कर मदद के लिए मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। पुलिस ने बताया कि शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। शव की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

**सड़क हादसों में दो लोग घायल, गंभीर: फतेहपुर।** बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के बैरमपुर गांव निवासी आशीष गुरूवार की शाम बाइक पर सवार होकर किसी काम से जा रहा था। जब उसकी बाइक कोतवाली क्षेत्र जोनिहां रोड पर स्थित अरबी टैम्पल के समीप पहुंची तभी सामने से आये दूसरे बाइक सवार ने उसकी बाइक को टक्कर मारते हुए निकल गया। हादसे में आशीष गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए बिंदकी सीएचसी पहुंचाया गया। इधर, सदर कोतवाली क्षेत्र महर्षि मोहल्ला निवासी शिवचरन कश्यप ई-रिक्शा चालक है। वह अपने रिक्शे से स्कूल के बच्चों को लाता ले जाता है। रोज की तरह स्कूल से बच्चों को लेने जा रहा था तभी सदर कोतवाली क्षेत्र के बुलेट चौराहे के पास अचानक रिक्शे के सामने कुत्ता आ गया और ई-रिक्शा डिवाइडर से जाकर टकरा गया। जिससे रिक्शा चालक घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

### 45 वाहनों का हुआ चालान

**फतेहपुर।** एसपी उदय शंकर सिंह के निर्देश पर शुक्रवार को चलाए गए चेकिंग अभियान में पुलिस ने 45 वाहनों का चालान कर एक वाहन से एक हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। वहीं नौ लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई है।

# 'जीवन में कभी अभिमान कतई नहीं करना चाहिए'

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर


श्रीमदभागवत कथा सुनाते कथावाचक।

**अमृत विचार।** लक्ष्मनपुर एवं सामियाना के समीप एक फार्म हाउस में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन शुक्रवार को भागवताचार्य स्वामी मुक्तानन्द महराज ने कथा का भक्तों को रसपान कराया।

उन्होंने बताया कि रिषभ देव की कथा से हमें ज्ञान मिलता है। जीवन में अभिमान नहीं करना चाहिए क्योंकि जीवन भोग के लिये नहीं भजन करने के लिए है। अजामिल की कथा में नाम की महिमा वर्णन करते हुए कहा कि प्रह्लाद भगवान में आसक्त होकर ही भगवान को प्राप्त किया। गजेंद्र मोक्ष की कथा में बताया कि जीव ही गज है व काल गृह है जो धीरे धीरे अपनी ओर खींच लेता है। भगवत नाम लेने पर ही गज का उद्धार हुआ। हमें भी आसक्त होकर प्रभु की भक्ति करनी चाहिए। उन्होंने संगीतमयी भजनों का रसपान कराया। स्वामी अजून शब्दानन्द पुरी जी महाराज, स्वामी महेशानन्द, साध्वी चेतना, सेवानन्द पुरी, राजा सिंह कछवाह, धर्मेन्द्र सिंह भदौरिया आदि व्यवस्था में लगे रहे।

## सार-संक्षेप

### इंस्पायर मानक अवार्ड के लिए आकांक्षा व संजय चयनित

**किशनपुर फतेहपुर।** विजयीपुर क्षेत्र के श्रीराम गोपाल त्रिपाठी इंटर कॉलेज के दो छात्रों का चयन इंस्पायर मानक अवार्ड में बेहतरीन मॉडल बनाने पर पुरुस्कृत किए गए हैं। जिसमें अध्यापक व अभिभावकों में खुशी की लहर है। भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा आयोजित इंस्पायर अवॉर्ड स्कीम 2024 के लिए इन दोनों का चयन हुआ है। वहीं इस सराहनीय कार्य के लिए दोनों छात्रों को 10-10 हजार रुपए की धनराशि पुरस्कार स्वरूप सरकार द्वारा प्रदान की गई है। कॉलेज के विज्ञान के अध्यापक सियाराम के मार्गदर्शन में कक्षा 8 की छात्रा आकांक्षा देवी ने छत और दीवारों से धूल हटाने की स्वचालित मशीन का मॉडल तैयार किया था। वहीं कक्षा 9 के छात्र संजय तिवारी ने आधुनिक एवं बहुउद्देशीय स्मार्ट कूड़ेदान का मॉडल तैयार किया था। जिसे भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की संस्थान ने पुरस्कार के लिए चयनित किया है। बताया गया कि उत्तर प्रदेश में कुल 1940 बच्चे चयनित किए गए हैं। जिसमें से फतेहपुर जिले के 21 बच्चे थे। जिसमें इन दोनों बच्चों का चयन हुआ है। इसके पहले भी इस विद्यालय से राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के लिए बच्चे चयनित हो चुके हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य व अध्यापकों ने दोनों विद्यार्थियों को उन्हें इस उपलब्धि के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।


आकांक्षा देवी।


संजय तिवारी।

### रास्ते में बाइक खड़ी करने को लेकर हुआ विवाद

**असोथर।** नगर पंचायत के झाल तिराहे में बुधवार की शाम एक बाईक सवार अपनी बाईक को सड़क के किनारे खड़ी करके कोई सामान दुकान से लेने जा रहा था। उसी दौरान एक ठेली दुकानदार ने गाड़ी हटाने के लिए बोला। इसी बात को लेकर हुए विवाद में मारपीट होने लगी। इस दौरान कई दुकानदारों ने मिलकर बाइक चालक को पीट दिया। बाइक चालक ने थाने में चार नामजद रामप्रताप, शीबू, विजय, अनिल व अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी। जिसके बाद मारपीट का वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए एक्शन में आई पुलिस ने झाल तिराहे पर रास्ते में अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को नोटिस जारी किया और कहा कि अतिक्रमण किसी भी हालत में नहीं होने दिया जाएगा। अतिक्रमण के कारण यातायात प्रभावित होने के साथ ही आए दिन जाम से लोगों को जूझना पड़ता है। थाना प्रभारी विनोद कुमार मौर्य ने कहा कि अगर अतिक्रमण नहीं हटा तो दुकानदारों पर जुर्माना लगाया जाएगा।

### कार सवार महिला समेत चार लोगों को पीटा

**असोथर।** असोथर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक विधवा महिला ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह कार चालक और अपने रिश्तेदारों के साथ घर जा रही थी। उसी दौरान कुछ लोगों ने कार रुकवाकर मारपीट की। बताया कि मनावा मोड़ के पास ससुर के कहने पर करीब 10 से 15 लोगों ने गाड़ी रोककर चालक और उसे व रिश्तेदारों को लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित महिला ने आरोप लगाया कि उसके पति की कई साल पहले मौत हो गई है। तीन दिन पूर्व ससुर ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। जिसपर रिश्तेदारों संग शिकायत करने असोथर थाना गई थी। वहां पर थाना प्रभारी के नही मिलने पर गाड़ी से शाम को अपने घर जाते समय ससुर के कहने पर अज्ञात लोगों ने मनावा गांव के पहले बर्रा बगहा-सरकंडी मोड़ के पास रोककर मारपीट किया। मामले में पुलिस ने हरिश्चंद्र, रामकिशोर, गंगादीन समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### जरूरतमंदों को बांटे गए कंबल

**बहुआ।** नगर पंचायत से सभासद अरुण कुमार गुप्ता द्वारा शुक्रवार को गरीब जरूरतमंदों को 200 कंबल वितरित किए गए। कंबल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ सभासद अरुण कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। पुलिस चौकी प्रभारी विजय त्रिवेदी के द्वारा कम्बल वितरण की शुरुआत की गई। सुशील कुमार गुप्ता, मानस गुप्ता, ईश्वर दयाल शुक्ला, रूप नारायण गुप्ता, सभासद नीरज पासवान, राहुल कुमार, वेद शुक्ला, राजा शास्त्री समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# फसल नुकसान पर किसान व पीडब्ल्यूडी आमने-सामने

संवाददाता, किशनपुर फतेहपुर

**अमृत विचार।** विजयीपुर क्षेत्र के रारी से चन्दापुर मार्ग के निर्माण कार्य शुरू होने के बाद शुक्रवार को किसानों ने मिट्टी पुराई में रोक लगा दी। खड़ी फसल नष्ट होता देख किसानों ने नाराजगी जाहिर करते हुए विभाग से सीमांकन करा फसल का मुआवजा देने की मांग की है।

दशकों बाद रारी से चन्दापुर मार्ग के निर्माण के लिए बजट स्वीकृत हुआ है। जिसमें निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। सड़क निर्माण के लिए लगभग 23 करोड़ रुपए स्वीकृत किये गए हैं। सड़क निर्माण से एक तरफ लोगों के मन में काफी खुशी है तो दूसरी तरफ फसल नुकसान को लेकर मन में दुःख भी है। किसान दिनेश सिंह, सुरेंद्र सिंह, भद्रपाल सिंह, जय नरेश तिवारी, ओमनाथ सिंह, अजय सिह ने बताया कि विभाग में मानक के विपरीत कार्य किया जा रहा है। नाप की जगह से अलावा मशीन से खुदाई करा मिट्टी पुराई करवा रहे हैं। खेत के बगल में 5 फिट गहरा गड्ढा खोद रहे हैं। जिससे किसानों को खेत में ट्रैक्टर ले जाने में दिक्कत होगी। साथ ही सड़क किनारे यदि कोई हादसा होता है तो गहरे गड्ढे में गिरने से जान का भी खतरा है। शुक्रवार को किसानों ने सड़क के कार्य को रुकवा दिया। सही तरह से माप करा किसानों को सन्तुष्ट कर कार्य करने की किसानों ने बात कही है।

### क्या बोले जिम्मेदार

मामले को लेकर जेई राम आशीष ने बताया कि पीडब्ल्यूडी अपने जमीन में खुदाई कर रहा है। मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को दे दी गई है। अधिकारी और किसानों से बातचीत करके आगे काम फिर से शुरू कराया जाएगा।

# निपुण भारत प्रशिक्षण का पहला बैच तैयार

संवाददाता, खागा फतेहपुर


प्रशिक्षण में मौजूद शिक्षक एवं शिक्षामित्र। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बीआरसी धाता में चल रहे निपुण भारत के अंतर्गत बुनियादी भाषा एवं गणित में कौशल विकास का चार दिवसीय प्रशिक्षण के प्रथम बैच का समापन हो गया। इस प्रशिक्षण में भाषा एवं गणित में बाल वाटिका से कक्षा तीन तक के बच्चों को न्यूनतम अधिगम स्तर को प्राप्त करने के लिए सरल तरीकों की चर्चा संदर्भ दाताओं का केंद्र बिंदु रही। प्रशिक्षण के आयोजक खंड शिक्षा अधिकारी राम पूजन पटेल ने बताया कि प्रशिक्षण के दस बैच चलाए जायेंगे। जिसमें पांच सौ से अधिक शिक्षक, शिक्षिमित्रों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

बताया कि वर्ष 2025 तक सभी बच्चों को निपुण बनाने के लक्ष्य पर सभी प्राथमिक शिक्षकों शिक्षामित्र को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आधार पर निर्मित सीएफएस 2022 को समाहित करते हुए कक्षा एक दो एवं तीन के लिए भाषा व गणित के 25 सप्ताह की वार्षिक कार्य योजना बनाई गई है। शिक्षक इसी आधार पर शिक्षण कार्य कर सकें। जिससे बच्चों के सीखने के स्तर में सकारात्मक परिवर्तन होंगे। प्रशिक्षण के दूसरे दिन में मौखिक भाषा विकास, डिकोडिंग, पठन व लेखन पर चर्चा की गई। वहीं तीसरे दिन गणित शिक्षण की प्रक्रिया और आकलन तथा रीमीडियल शिक्षण पद्धति पर विशेष चर्चा हुई। अंतिम दिन कक्षा चार और पांच में रिमिडियल शिक्षण के बारे में विस्तार से बताया गया है। संदर्भदाताओं ने अपने अपने विषयों को सरलीकरण करते हुए चर्चा की। प्रशिक्षण के चारों दिन प्रेरणा गीत, प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षण को और अधिक सुगम बनाकर समझाया गया। बताया कि सभी प्राथमिक शिक्षक, शिक्षामित्रों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के मार्गदर्शक नजरुद्दीन अंसारी डायट प्राचार्य, पंकज कुमार यादव बेसिक शिक्षा अधिकारी, राम पूजन पटेल खंड शिक्षा अधिकारी, राजेंद्र कुमार डायट मेंटर एवं अशोक कुमार त्रिपाठी जिला समन्वयक के मार्गदर्शन में चल रहा है।

**अनोखी पहल** नामचीन रेस्टोरेंट एवं डायट की प्रशिक्षुओं ने किया प्रतिभाग, अधिकारियों ने व्यंजन खाकर परीक्षण किया

# मिलेट्स रेसिपी प्रतियोगिता में लिया व्यंजनों का लुत्फ


मिलेट्स रेसिपी प्रतियोगिता में व्यंजनों का लुत्फ उठाते अधिकारी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- मोटे अनाजों को बढ़ावा देने के लिए की जा रही कवायद
- केन्द्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने लिया स्वाद

**अमृत विचार।** मोटे अनाज रागी, सावां, कोदो, संकर ज्वार एवं बाजरा का बोये जाने वाले क्षेत्रफल व उत्पादन को बढावा दिये जाने एवं मिलेट्स फसलों की खेती, प्रसंस्करण एवं उपभोग को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से मिलेट्स श्रीअन्न मिलेट्स रेसिपी प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को किया गया। जिसमें कई रेस्टारेंट एवं डायट की प्रशिक्षुओं ने प्रतिभाग किया। विजेताओं को पुरस्कार भी दिया गया। वहीं केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति समेत अफसरों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ भी उठाया।

शहर के ठा. युगराज सिंह महाविद्यालय में आयोजित मिलेट्स रेसिपी प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद एवं केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, विशिष्ट अतिथि विकास गुप्ता, विधायक अयाह शाह, कृष्णा पासवान विधायक, खागा, जय कुमार सिंह जैकी विधायक, बिन्दकी एवं राजेन्द्र सिंह पटेल विधायक जहानाबाद उपस्थित रहे।

मिलेट्स रेसीपी प्रतियोगिता में 7 होटल एण्ड रेस्टोरेन्ट एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के 15 प्रशिक्षुओं ने प्रतिभाग किया। अंतिमा सिंह, प्रवक्ता गृह विज्ञान के निर्देशन में मिलेट्स उत्पादों की रेसीपी, व्यंजन तैयार मिलेट्स उत्पादों के अधिक से अधिक उपभोग किये जाने के उद्देश्य से मिलेट्स रेसिपी एवं व्यंजन तैयार किये गये।

### पुरस्कार से हुए सम्मानित

मिलेट्स रेसीपी के स्वादिष्ट व्यंजन तैयार करने वाले प्रतिष्ठानों को पुरस्कार एवं प्रसस्ति पत्र से सम्मानित भी किया गया। मिलेट्स रेसीपी प्रतियोगिता के लिए नामित निर्णायक मण्डल के सदस्य ब्रजेश सिंह, जिला कृषि अधिकारी, देवेन्द्र पाल सिंह, सहायक आयुक्त, खाद्य द्वितीय एवं डा. जितेन्द्र सिंह, कृषि वैज्ञानिक के समक्ष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें निर्णायक मण्डल एवं मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा मिलेट्स व्यंजनों का स्वाद लिया गया। प्रतियोगिता में अजय स्वीट्स एण्ड लेमन चील बेकर्स प्रथम, हाइड आउट स्वीट्स एण्ड रेस्टोरेन्ट द्वितीय एवं चौहान स्वीट्स तृतीय पुरस्कार पाकर विजेता रहे।

# नम आंखों से सीनियर्स को दी विदाई

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



विदाई समारोह के दौरान नृत्य पेश करती छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बोर्ड परीक्षाओं के शुरू होने से पूर्व विद्यालयों में दीक्षांत समारोह का सिलसिला चल रहा है। जूनियर छात्र-छात्राओं द्वारा कार्यक्रम का आयोजन करके अपने सीनियर कक्षा 12 के बोर्ड परीक्षार्थियों को विदाई दे रहे हैं। इस दौरान छात्र एक साथ बिताए गए पलों को यादकर यादों को सहेज रहे हैं।

शहर के सांई सिटी इंटर कॉलेज, मां सरस्वती ज्ञान मंदिर सांई विहार जयराम नगर में छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम का आयोजन किया। शुभारंभ विद्यालय निदेशक रेखा सिंह गौर ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करके किया। उसके बाद बच्चों ने कविता पाठ, नृत्य, संगीत, फैशन शो आदि प्रस्तुत किये। साथ ही स्कूल में बिताए हुए पलों और अनुभवों को साझा किया। 12वीं के छात्र-छात्राओं ने अपने गुरुओं का टीका व माल्यार्पण करके आशीर्वाद प्राप्त किया। विद्यालय के प्रबंधक पवन सिंह गौर ने शत-प्रतिशत उपस्थिति देने वाले बच्चों को मेडल व शील्ड देकर पुरस्कृत किया। प्रधानाचार्य अरविंद कुमार ने बोर्ड परीक्षा में अधिक अंक प्राप्त करने के तरीकों को साझा किया।

इसी तरह से कोटेश्वर इण्टर कालेज रमवां में भी कक्षा 12 के छात्र छात्राओं का विदाई समारोह किया गया। कक्षा 9 व 11 के छात्रों ने सीनियरों को टीका लगाकर व माल्यार्पण कर अश्रुपूरित नेत्रों से बिदाई दी गयी। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये। प्रधानाचार्य डा.उमा शंकर तिवारी व प्रबंधक कोटेश्वर शुक्ला ने बच्चों को परीक्षा में सफलता के लिए बधाई दी। संजय तिवारी, रवींद्र द्विवेदी, अशोक श्रीवास्तव, अश्वनी अग्निहोत्री व शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# संतों के आदर्श अपनाने से मिलती है भगवान की कृपा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन दंडी स्वामी ने कही कथा

**अमृत विचार।** क्षेत्र के गदनपुर ठठिया में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिवस चित्रकूट धाम से पधारे सरस कथा वाचक दंडी स्वामी महेश्वरानंद सरस्वती ने बताया कि संतों की सेवा और उनकी शरण में जाकर हरि भजन ईश्वर के चरणों स्थान प्राप्त करने का मार्ग है।

उन्होंने कहा कि जो संतों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाते हैं वह सांसारिक बंधनों से मुक्त होकर भगवान की कृपा प्राप्त करते हैं। भगवान में श्रद्धा रखने वाले लोग गृहस्थ जीवन का पालन करते हुए भी काम-क्रोध-मोह-लोभ जैसी बुराइयों से विरत रहते हैं। व्यक्ति का मन यदि अनुशासन में है तो उसके लिए सद मार्ग पर चलना आसान होता है। मन विचलित और विषयों में रत है तो ऐसा व्यक्ति मोक्ष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है।

कहा कि संसार के सभी जनों में


श्रीमद्भागवत कथा कहते दंडी स्वामी महेश्वरानंद सरस्वती। अमृत विचार

ईश्वर प्राण बनकर विचरण करते हैं। जो उनकी भक्ति करते हैं उन्हें ईश्वर कृपा प्राप्त होती है। इस अवसर पर सनिल द्विवेदी, विमल दुबे, रमेश तिवारी अरविंद दुबे, विष्णु शरण तिवारी, दिनेश दुबे, सुमित दुबे, संजीव दुबे विवेक द्विवेदी, अवधेश दुबे, राजन दुबे , राजू अवस्थी सहित गांव व आस पास क्षेत्र से बड़ी श्रद्धालु मौजूद रहे।

# मदरसा दारुल उलूम गोसिया में रसूले आजम कॉन्फ्रेंस कल

**छिबरामऊ।** मोहल्ला सैयद वाड़ा आवास विकास स्थित मदरसा दारुल उलूम गौसिया के प्रधानाचार्य करी शमसुल कमर ने बताया 18 फरवरी को आवास विकास के मैदान में रसूल ए आजम कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। बताया कि सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक खवातीने इस्लाम (महिलाओं) का इस्लाही प्रोग्राम होगा। ईशा की नमाज के बाद से रसूले आजम कान्फ्रेस की शुरुआत होगी। मीडिया प्रभारी मोहम्मद जैनुल खान ने बताया कि जलसे की सदारत सैय्यद उवैस मुस्तफा बिलग्रामी फरमाएगे। इस बार मशहूर शायर ख्वाजा गुलाम सरवर (उड़ीसा), हज़रत मौलाना सगीर अहमद जोखनपुरी बरेली, मौलाना सिराज अहमद चिश्ती घाटकोपर (महाराष्ट्र) व मौलाना तबरेज़ आलम रामपुरी समेत सूफिया-ए-किराम मौजूद रहेंगे। हाफिज मुजीब ने बताया कि इलाके के उलेमा भी मौजूद रहेंगे।

# अखिलेश ने फिर दिए संकेत, कन्नौज से लड़ना तय

इरा अवस्थी, कन्नौज

- भाजपा को दे सकते हैं कड़ी टक्कर, कराया विकास आ सकता काम
- दो दिन पूर्व निजी दौरे में सपा मुखिया ने कन्नौज को बताया था अपना घर

**अमृत विचार।** विगत करीब ढाई दशक से कन्नौज की राजनीति पूरे प्रदेश में चर्चा का केंद्र रही है। वर्ष 1999 में सपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव के चुनाव लड़ने के साथ ही इसकी शुरुआत हुई थी। इसके बाद ही मौजूदा अध्यक्ष व उनके बेटे अखिलेश ने 2000 में यहीं से राजनीतिक पारी शुरू की थी। अब 14 साल बाद एक बार फिर से वे यहां से ताल ठोंकने की तैयारी में हैं और इस बात के संकेत वे दो दिन पहले कन्नौज के निजी दौरे में दे चुके हैं। उन्होंने कहा कि घर से भी चुनाव लड़ने की घोषणा करनी पड़ेगी। भले ही भाजपा ने अभी उम्मीदवार घोषित नहीं किया है लेकिन पिछले दिनों मुख्यमंत्री द्वारा मौजूदा सांसद के लिए ही संकेत दिए थे। ऐसा होता है तो अखिलेश व सुब्रत के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है।

समाजवादी चिंतक डॉ. राममनोहर लोहिया की कर्मभूमि अपनी खुशबू के लिए तो विश्वप्रसिद्ध है ही, राजनीति को लेकर भी कम चर्चित नहीं रहती है। इस क्रम में समय-समय पर राजनीतिक धुरंधरों ने न सिर्फ यहां से चुनाव लड़कर जनप्रतिनिधित्व हासिल किया बल्कि इसे वीआईपी की श्रेणी से भी नवाजा। विगत 25 साल की बात करें तो 1999 में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव ने संभल के साथ यहां से भी चुनाव लड़ा था। तब उन्होंने दोनों ही सीटों पर विजयश्री दर्ज कराई थी। उस दौरान मुलायम ने करीब दर्जन


कन्नौज में निजी दौरे के समय प्रेस से बात करते अखिलेश। (फाइल फोटो)

भर जनसभाएं लोकसभा क्षेत्र में कीं थीं। तब मुलायम ने बेटे अखिलेश उर्फ टीपू को राजनीति का ककहरा सिखाने के लिए यहां से मैदान में उतार दिया था और खुद यह सीट छोड़ दी थी।

कन्नौज की जनता ने भी भारी बहुमत से अखिलेश की ताजपोशी की थी। इसके बाद 2004 और 2009 के लोकसभा चुनाव में भी अखिलेश लगातार सांसद रहे जिससे यह सीट वीआईपी बनी रही। इसके बाद 2012 में विधानसभा चुनाव में सपा को बहुमत मिला तो मुलायम ने बेटे को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठा दिया। इससे खाली हुई इस सीट पर उनकी पत्नी डिंपल यादव सांसद चुनी गईं और फिर 2014 के चुनाव में मौजूद सांसद सुब्रत यादव को शिकस्त देकर सीट बरकरार रखी।

हालांकि 2019 के चुनाव यह सीट सुब्रत ने नजदीकी अंतर से जीत ली। इसके बाद से चल रही मोदी लहर में 2022 के विधानसभा चुनाव में सभी विधानसभा क्षेत्र कमल मय हो गए। हाल ही में भाजपा ने अयोध्या में भव्य राममंदिर निर्माण के साथ प्राणप्रतिष्ठा के माध्यम से हिंदू बहुल आबादी में खासी पैठ बना ली है। ऐसे में मौजूदा सांसद जीत को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त हैं। उधर दो दिन पहले यहां पहुंचे अखिलेश यादव ने सदर विधायक राज्यमंत्री असीम अरुण के उस तंज का जवाब दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि 'हार के डर से उन्होंने यहां से चुनाव लड़ने की घोषणा नहीं की'। कहा कि 'कन्नौज, अपने घर में भी घोषणा करनी पड़ेगी'। उनके उत्तर से इस बात को बल मिल रहा है कि वे यहां से चुनाव लड़ने का मन बना चुके हैं। खास यह कि उनके पास अपने सांसद रहते कराए कार्य गिनाने के लिए हैं। इनको वे समय-समय पर गिनाते भी रहे हैं। हालिया दौरे में भी उन्होंने कैंसर अस्पताल, मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाए जिनका निर्माण उनके या उनकी सरकार में हुआ था।

इधर मौजूदा जनप्रतिनिधि के पास (टिकट मिलने की स्थिति में) गिनाने के लिए कोई ऐसे काम नहीं जिनको जनता की आंखें देख रहीं हों। ऐसे में अगर जनता काम को चुनती है तो इस चुनाव में कांटे की लड़ाई देखना दिलचस्प होगा।

# जिला अस्पताल गेट पर जन औषधि केंद्र के संचालक पर जानलेवा हमला

## बेटे को एंटीरेबीज इंजेक्शन लगवाने आए थे, पांच नामजद व 20-25 अज्ञात पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** पुत्र को रैबीज बैक्सीन लगवाने जिला अस्पताल गये जन औषधि केंद्र संचालक, उनकी मां और पुत्र पर फार्मासिस्ट ने जानलेवा हमला कर दिया। कार से घर जाते समय अस्पताल गेट पर कार रोक कर साथियो के साथ मिल कर मारपीट की। सिर पर लोहे की राड तो पुत्र के सीने पर तमंचे की बट से वार किया। युवक का सिर फट गया। इससे अस्पताल गेट पर अफरा तफरी मच गई। पांच नामजद और 20-25 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव तेरारागी निवासी अजीत पाण्डेय पुत्र राम बाबू जिला अस्पताल में जनऔषधि केंद्र का संचालन करते हैं। शुक्रवार को सुबह करीब 11 बजे मां के साथ वह कार से पुत्र को रेबीज इंजेक्शन लगवाने जिला अस्पताल आये थे। पर्चा बनवा कर डॉक्टर से लिखवाने के बाद कमरा नंबर 10 में मौजूद अप्रेंटिस



घटना के बाद घायल से जानकारी लेते विष्णुकांत तिवारी। अमृत विचार

फार्मासिस्ट सूफियान पुत्र अतीक निवासी जलालपुर सरवन के पास पहुंचे। पर्चा थमाते हुए उन्होंने इंजेक्शन लगाने को कहा तो उसने मना कर दिया। दोबारा कहने पर धमकी देते हुए मां को धक्का मार दिया, जिससे वह गिर पड़ी। इसके बाद धमकी दी कि उसे जानते नहीं वह कौन है।

आरोप है कि इसके बाद उसने अपने गांव जलालपुर सरवन फोन कर 20-25 लोगों को जिला अस्पताल बुला लिया। इससे पहले वह पुत्र व मां को कार में बैठाने के बाद घर के लिये चल दिया। जैसे ही वह जिला अस्पताल के गेट के निकट पहुंचा उसी समय सूफियान व उसके साथियों ने कार रोक ली और एक भी न सुनते हुए कार के अंदर उनके साथ मारपीट करने लगे। लोहे की राड से वार कर अजीत का सिर फोड़ दिया। पुत्र के सीने में तमंचे की बट मार दी। इस दौरान अजीत के गले में पड़ी सोने की चेन कहीं गिर गई। घटना से अस्पताल गेट पर अफरा तफरी मच गई। शोर सुन कर कुछ लोग मौके पर पहुंचे और बचाया। घटना की सूचना पर कोतवाली प्रभारी विष्णुकांत तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक आरोपी भाग चुके थे। इसके बाद पुलिस ने गांव जलालपुर दविस दी पर आरोपी नहीं मिले।

### मारपीट के बाद लगी भाजपाइयों की भीड़

भाजपा नेता अजीत के साथ जिला अस्पताल में हुई मारपीट की जानकारी पर भाजपाइयों की भीड़ लगी रही। डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराने तक भाजपाई मौजूद रहे।

### इन आरोपियों पर दर्ज हुई रिपोर्ट

पुलिस ने पीड़ित अजीत की तहरीर पर सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव जलालपुर सरवन निवासी सूफियान पुत्र अतीक, इस्तखार उर्फ भोला पुत्र अतीक, रजा वारसी पुत्र हासिम, एपीशान पुत्र शमशाद, मसरूफ पुत्र रफीक व 20-25 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट सदर कोतवाली में दर्ज की है।

# 672 ई-पॉस मशीनें तीनों तहसीलों में सुरक्षित रखीं

**कन्नौज।** खाद्यान्न की घटतौली रोकने के लिए कोटेदारों के लिए 672 ई-पॉस मशीनें आ गईं हैं। तीनों तहसीलों में उसे सुरक्षित रखवा दिया गया है। शासन से इसको लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हुई और ई-कांटा पहुंचने का सत्यापन भी किया गया। ई-तौल मशीन आ जाने के बाद प्रशिक्षण व वितरण प्रक्रिया चलेगी।

डीएसओ राजीव मिश्र ने बताया कि कन्नौज सदर तहसील क्षेत्र के लिए 185 ई-पॉस मशीनें आईं हैं। तिर्वा क्षेत्र के लिए 175 और छिबरामऊ के लिए 292 कुल 652 ई-पॉस हैं। इसके अलावा 20 मशीनें अतिरिक्त आईं हैं। डीएसओ ने बताया कि तीनों तहसीलों में ई-पॉस को स्ट्रांग रूम में सुरक्षित किया गया है।

मशीनें आने के बाद शासन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जानकारी ली। साथ ही सुरक्षित रखने को भी कहा। डीएसओ ने बताया कि ई-कांटा आने के बाद उचित दर विक्रेताओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। डीएसओ का कहना है कि नई मशीनों के प्रयोग के बाद घटतौली की गुंजाइश नहीं रहेगी। मार्च में नई व्यवस्था लागू होने की संभावना है।


बीएसए उपासना रानी वर्मा से प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद सभागार में मौजूद शिक्षक-शिक्षिकाएं। अमृत विचार

# वैज्ञानिक प्रदर्शनी के लिए शिक्षक सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- बीएसए ने शिक्षकों को दिए प्रमाण पत्र, बच्चों को विद्यालय में मिलेंगे

**अमृत विचार।** जनपद स्तर पर 51वीं राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी हुई थी। इसके लिए मेहनत करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बीएसए ने जनपद स्तर पर प्रतिभाग करने वाले शिक्षकों के अलावा विद्यार्थियों के लिए भी प्रमाण पत्र दिए। स्कूलों में उनका वितरण होगा।

गुरुवार को बीएसए उपासना रानी वर्मा ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन सभागार में कार्यक्रम के दौरान कहा कि विद्यार्थियों की सफलता में शिक्षकों का मार्गदर्शन बेहतर होता है। बच्चों की सफलता ही शिक्षकों की असली पूंजी है। विद्यार्थियों के भविष्य के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय एवं प्रशंसनीय हैं। जनपद नोडल आशुतोष दुबे ने बताया कि कुल 32 शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। प्रतिभाग करने वाली छात्रा पूर्वी गौतम कक्षा आठ कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय महमूदपुर पैठ, शनि कक्षा आठ कन्या उच्च प्राथमिक स्कूल महमूदपुर पैठ, पर्णिता कक्षा सात, आदर्श मिश्र कक्षा सात व रश्मि कक्षा आठ उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर भड़िया, अमित कुमार कक्षा सात उच्च प्राथमिक स्कूल अमोलर, आराध्या कक्षा सात, गीतिका कक्षा आठ, सृष्टि कक्षा आठ कम्पोजट विद्यालय उमर्दा के लिए उनके शिक्षकों को बीएसए ने प्रमाण पत्र दिए। इसके अलावा रामेंद्र पाल, राहुल कटियार, पुष्पेंद्र शर्मा, प्रदीप कटियार, नेहा गुप्ता, मोहम्मद सदाकत, नीता शुक्ला, प्रिया मिश्रा, करिश्मा तिवारी, शिव प्रताप सिंह, हरिवंश यादव, पीयूष गुप्ता, कपिल चतुर्वेदी, अरुण प्रताप, मोहम्मद आकील, अमित पाल, शांति यादव, उपेंद्र प्रताप, रणविजय सिंह, प्रीती त्रिपाठी, नेहा आदर्श, जगत नारायण व सर्वेश कुमार को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

# गर्भाशय से निकाला चार किलो का ट्यूमर

संवाददाता, तिर्वा-कन्नौज

- मेडिकल कॉलेज के प्रसूति विभाग की सफलता को प्राचार्य ने सराहा

**अमृत विचार।** मेडिकल कॉलेज के प्रसूति विभाग के डॉक्टरों की टीम ने महिला का ऑपरेशन कर गर्भाशय से चार किलो का ट्यूमर निकाला। महिला के परिजनों ने टीम को धन्यवाद दिया तो प्राचार्य ने डॉक्टरों को बधाई दी।

राजकीय मेडिकल कॉलेज में चार दिन पहले एक महिला गायनी विभाग में पेट बढ़ने के साथ दर्द की शिकायत लेकर पहुंची थी। रक्तस्राव भी होता था। उसे चलने के साथ अन्य काम करने मे परेशानी होती थी। विभाग की सहआचार्य डॉ. अमृता शाह ने महिला का अल्ट्रासाउंड से लेकर सीटी स्कैन व सभी जांच कराईं। गर्भाशय में ट्यूमर देखकर उन्होंने परिजनों ने ऑपरेशन की सलाह दी। शुक्रवार को उनकी टीम ने महिला के पेट का ओटी में सफल ऑपरेशन कर चार किलो का ट्यूमर निकाल कर जांच के लिए भेज दिया। डॉ. शाह ने बताया कि महिला के पेट में करीब छह माह से ट्यूमर पल रहा था। इस ऑपरेशन के लिए बाहर निजी अस्पतालों में लाखों रुपये खर्च करने पड़ते। प्राचार्य डॉ. सीपी पाल ने टीम को बधाई दी। इस दौरान डॉ. अमृता शाह के साथ डॉ. शिखा मिश्रा, डॉ. रितुराज समेत स्टाफ नर्स मौजूद रहीं।


आपरेशन करते डाक्टर अमृता शाह व उनकी टीम। अमृत विचार

# ग्राम समाज की जमीन पर भूमाफिया का कब्जा

**कन्नौज।** राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे खाली पड़ी ग्राम समाज की जमीन पर भूमाफिया ने तहसील के अधिकारियों से साठगांठ कर कब्जा जमा लिया। कई बार शिकायत पर भी कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा है।

शुक्रवार को छिबरामऊ तहसील क्षेत्र के ग्राम रामपुर निगोह के कई ग्रामीण कलक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। ग्रामीणों ने बताया कि जीटी रोड के किनारे 45 डिसमिल ग्राम समाज की सुरक्षित आराजी है। इस पर एक भूमाफिया ने कब्जा कर लिया, जबकि भूमि राजस्व अभिलेखों में ग्राम सभा के नाम दर्ज है। भूमाफिया ने तहसील के सभी अधिकारियों से साठगांठ कर उस पर कब्जा भी जमा लिया है। उन्होंने बताया कि यह भूमि उसी ग्राम सभा के वासियों के लिए ही है। कई बार तहसील में शिकायत की, जिस पर कार्रवाई नहीं हुई। गांव के संतोष कुमार, कुलदीप राठौर, अंकित सेंगर व राजेंद्र कठेरिया ने मुख्यमंत्री से भूमि को कब्जा मुक्त करा कार्रवाई करने की मांग की है।

# सड़क पर रोज जाम से आम नागरिक परेशान

**तिर्वा।** सरकार के निर्देश हैं कि फुटपाथ को कब्जा मुक्त कराने के साथ वहां कोई भी वाहन खड़ा नहीं करेगा। ऐसा होता है तो कार्रवाई की जाएगी।

तिर्वा-बेला-खैरनगर मार्ग का चौड़ीकरण होने के बाद भी फुटपाथ पर दुकानदारों द्वारा कब्जा कर लिया गया है। मौजूदा समय में गांधी चौराहा व ठठिया चौराहा पर फुटपाथ पर अतिक्रमण के साथ डग्गामार वाहनों का भी कब्जा है। इसके बाद वाहन सड़क पर भी खड़े होकर जाम का कारण बन रहे हैं। आवागमन करने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## सार-संक्षेप

### दस साल बाद शुरू होगी मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी ओटी

**तिर्वा, कन्नौज।** मेडिकल कॉलेज इमरजेसी की बंद ओटी का 23 फरवरी को शुरू हो जाएगा। इसका विधिवत शुभारंभ राज्यमंत्री व सदर विधायक असीम अरुण करेंगे। इसके शुरू होने से रात के समय आने वाले गंभीर मरीजों को ऑपरेशन की सुविधा मिलने लगेगी। राजकीय मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी का शुभारंभ 2013 में कर दिया गया था। डॉक्टर व कर्मचारियों की कमी के चलते इमरजेसी में बनी ओटी (ऑपरेशन थियेटर) का शुभारंभ नहीं हो सका था। प्राचार्य डॉ. सीपी पाल ने मरीजों की सुविधा के लिए इमरजेसी ओटी को खुलवाकर साफ सफाई के साथ उपकरणों को शुरू करा दिया। ओटी का शुभारंभ समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री असीम अरुण करेंगे। इसके साथ ही रात में आने वाले गंभीर मरीजों के यहां आपरेशन किए जा सकेंगे।


इमरजेंसी ओटी का निरीक्षण करते प्राचार्य। अमृत विचार

### अपर आयुक्त के सामने खोला तहसील की कमियों का पुलिंदा

**तिर्वा, कन्नौज।** तहसील का निरीक्षण करने पहुंचे अपर आयुक्त के सामने वकीलों ने तहसील की कमियों का पुलिंदा खोलते हुए उन्हें दूर कराने की मांग की। अधिकारी ने तहसील के सभी पटलों का निरीक्षण कर जनसुनवाई के निस्तारण की हकीकत परखी। शुक्रवार को अपर आयुक्त प्रेम प्रकाश उपाध्याय तहसील का निरीक्षण करने पहुंचे। एसडीएम अशोक कुमार, तहसीलदार अवनीश कुमार, नायब तहसीलदार अतुल हर्ष ने उनका स्वागत किया। अपर आयुक्त ने मतदाताओं के जागरूक करने के लिए लगी ईवीएम पर जानकारी ली। फिर अभिलेखागार, तहसीलदार न्यायालय, नायब तहसीलदार के साथ आरके कार्यालय का काम काज परखा। निर्देश दिए कि जनसुनवाई मे आने वाली शिकायत को मौके पर जाकर गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करें। निरीक्षण के बाद वकीलों के प्रतिनिधि मंडल ने उनके साथ बैठक कर तहसील की समस्याओं के निस्तारण की मांग की।


तहसील का निरीक्षण करते अपर आयुक्त। अमृत विचार

### गमलो में पौधे रख सजा दी तहसील

**तिर्वा, कन्नौज।** अपर आयुक्त के निरीक्षण से तहसील प्रशासन ने सभी कार्यालयों के साथ परिसर की साफ सफाई करा दी। बाजार से आनन फानन गमले मंगाने के साथ उनमें पौधे रखकर खानापूरी कर ली। नए गमलों में रखे पौधे लोगों का ध्यान खींचते रहे।


गमले में रखा पौधा।

**बैठक** राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर अफसरों के साथ समीक्षा में जिला जज ने दिए निर्देश

# वादकारियों को मिले न्याय, विभाग बनें भागीदार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी विभागों के अधिक से अधिक मुकदमों के निस्तारण की रूपरेखा तैयार की गई है। वादकारियों को सुलह-समझौते के आधार पर न्याय मिले, जिसमें विभागों की भी सहभागिता हो। शुक्रवार को यह बात जिला जज लोकेश वरुण ने अफसरों के साथ हुई समीक्षा बैठक में कही।

शुक्रवार को जनपद न्यायालय में हुई समीक्षा बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी तथा जिला जज लोकेश वरुण ने कहा कि इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए


अफसरों को निर्देश देते जिला जज लोकेश वरुण व एडीजे लवली जायसवाल।

तथा वादकारियों व प्रतिवादियों के पास समय से सूचना भेजी जाए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं अपर जिला जज लवली जायसवाल ने कहा कि 9 मार्च को दीवानी न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें शमनीय वाद, स्टांप वाद, राजस्व वसूली, बैंक संबंधी वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, उपभोक्ता फोरम वाद, पारिवारिक एवं श्रम संबंधी वादों का निस्तारण किया जाएगा। लघु आपराधिक मामलों के निस्तारण के लिए पांच, छह व सात मार्च को विशेष लोक अदालत होगी। सभी विभागों के अधिकारियों व नोडल अफसरों की जिम्मेदारी है कि वह अधिक से अधिक वादों के निस्तारण में सक्रिय भूमिका का निर्वहन करें। बैठक में नोडल अधिकारी एसडीएम नवनीता राय, पुलिस विभाग के नोडल अधिकारी सीओ सिटी कमलेश कुमार व अग्रणी जिला प्रबंधक अमरेंद्र कुमार उपस्थित थे।

### विधिक शिविर में दी कानून की जानकारी

शुक्रवार को सदर तहसील में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें पराविधिक स्वयंसेवक सीमा बानो ने लोगों को पॉक्सो एक्ट एवं वैवाहिक विवादों में प्री-लिटिगेशन के बारे में जानकारी दी। जलालाबाद ब्लॉक परिसर में भी विधिक शिविर के दौरान ग्रामीणों को कानूनों की जानकारी देकर जागरूक किया।

# बाइकों की भिड़ंत में छात्रा सहित तीन लोग घायल

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** कस्बा सिकंदरपुर में बाइकों की भिड़ंत में प्रैक्टिकल का पेपर देने जा रही छात्रा सहित तीन लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सौ शैया अस्पताल पहुंचाया गया।

ग्राम सिलुआपुर निवासी अफरुद्दीन की 15 वर्षीय पुत्री दसवीं की छात्रा है। शुक्रवार को उसे बेवर में प्रैक्टिकल देने जाना था। वहीं छात्र के ताऊ सरफुद्दीन का 19 वर्षीय पुत्र जियान व 26 वर्षीय रुबीना पत्नी सईम बाइक से छिबरामऊ जा रहे थे। इस पर छात्र भी उनकी बाइक से छिबरामऊ तक के लिए बैठ गई। तभी एन एच 34 जीटी रोड स्थित कस्बा सिकंदरपुर के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात बाइक चालक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे तीनों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से छात्रा को किसी निजी चिकित्सक के पास उपचार करा कर पेपर देने के लिए बेवर जाने वाली रोडवेज बस पर बैठा दिया गया, जबकि रुबीना और जियान को एंबुलेंस द्वारा सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया।


घायलों का इलाज करते डॉ. कुलदीप।

# 5.43 करोड़ रुपये से जगमग होंगे 1,451 परिषदीय स्कूल

## पहली किस्त के रूप में 2.71 करोड़ रुपये विद्यालयों के खातों में भेजे गए

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जनपद के 1451 प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट स्कूलों को मार्च तक रंगरोगन करना है। उसकी कमियां भी समय रहते दुरुस्त करनी हैं। इसके लिए कंपोजिट ग्रांट के तहत पांच करोड़ 43 लाख 10 हजार रुपये का बजट स्वीकृत हो गया है। इसके सापेक्ष पहली किस्त के रूप में दो करोड़ 71 लाख 55 हजार रुपये परिषदीय स्कूलों के खातों में भेज दिया गया है।

बीएसए उपासना रानी वर्मा ने बताया कि जिले में 1459 परिषदीय स्कूल हैं। इसमें आठ विद्यालय पीएम श्री योजना के तहत चयनित हैं। उनके लिए अलग से बजट भेजा गया है। कुल 1451 विद्यालयों को ही कंपोजिट ग्रांट के लिए धनराशि भेज दी गई है। उन्होंने बताया कि सभी बीईओ व नगर शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि कंपोजिट ग्रांट को समय रहते जरूरी मदों में खर्च कर लिया जाए। जो शिक्षक-शिक्षिकाएं इस पर ध्यान नहीं देंगे, उनसे जवाब-तलब भी हो सकता है। बीएसए का कहना है कि शासन से मिलने वाले बजट का अध्यापक सदुपयोग करें। बताया गया है कि वर्ष 2018 के बाद से विद्यालयों में कंपोजिट ग्रांट छात्र संख्या के हिसाब से पहुंचती है।

**छात्र संख्या के हिसाब से जाती धनराशि**

| बच्चे | धनराशि |
|---|---|
| 1 से 30 तक | 10 हजार |
| 31 से 100 तक | 25 हजार |
| 101 से 250 तक | 50 हजार |
| 251 से 1000 तक | 75 हजार |

- मार्च तक हर हाल में कंपोजिट ग्रांट को करना होगा व्यय, शिक्षकों को दिए गए निर्देश

**इन मदों में खर्च हो सकता है बजट**

स्कूल भवन की रंगाई-पुताई, अग्निशमन यंत्र रिफिल कराना, फर्स्ट-एड-बॉक्स, बिजली के उपकरण सही कराएं, उच्च प्राथमिक स्कूलों में प्रयोगशालाओं व कंप्यूटर शिक्षा के लिए जरूरी सामग्री, इंटरनेट, दरवाजा, खिड़कियां, ग्रिल, चहारदीवारी, गेट के पेंट भी कराई जा सकती है। जिन स्कूलों में 75 हजार या इससे अधिक कंपोजिट ग्रांट मिलती है तो टूटी फर्श को भी सही कराया जाएगा। विद्यालय प्रबंध समिति के अनुमोदन पर टाइलीकरण भी कराया जा सकता है। विद्यालय गेट पर डबल इंटरलॉकिंग, स्मार्ट क्लास के उपकरण हों तो वहां की खिड़कियां लोहे की सुरक्षित ग्रिल व कुंडी की व्यवस्था की जाए।

## कारखाने का ताला तोड़ कर हजारों का सामान चोरी

**कन्नौज।** बंद कारखाने का ताला तोड़ कर हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया गया। पीड़ित ने सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू की है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव कपूरापुर निवासी अविनाश चंद्र कटियार का जीटी रोड ददौरा बुजुर्ग के निकट कारखाना लगा है। गुरुवार की रात कारखाने पर कोई नहीं रुका था। उसमें ताला लगा था। रात चोरों ने ताला काट कर कारखाने में रखी एक बैट्री, इनर्वटर, चार क्विटल राई, 100 फिट पटा काट ले गये। इस के अलावा एक टायर डीसीएम व गोलक में रखे 200 रुपये चोरी कर ले गये। शुक्रवार की सुबह जब वह कारखाने पह पहुंचे तो ताला कटा देखा। अंदर जाने पर सामान गायब था।

# 12,559 दिव्यांग करेंगे मतदान

**लोकसभा चुनाव**

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव में दिव्यांग मतदाता भी वोट से चोट करेंगे। जिले की मतदाता सूची में अब 12,559 दिव्यांग मतदाता हैं, जिन्हें भारत निर्वाचन आयोग के प्रारूप 12डी के अंतर्गत घर से वोट देने का विकल्प भी मिलेगा। यदि वह पोलिंग बूथ पर वोट डालने जाएंगे तो उन्हें लाइन में नहीं लगना पड़ेगा। सबसे पहले वोट डलवाया जाएगा और वहां व्हील चेयर की सुविधा भी दी जाएगी।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान में इस बार दिव्यांग एवं पहली बार वोट देने वाले युवाओं पर फोकस किया गया था। बीएलओ के माध्यम से डोर टू डोर सर्वे कर दिव्यांगों को जोड़ा गया। पहले जब ड्राफ्ट तैयार किया गया तो जिले की तीनों की विधानसभा क्षेत्रों में 12,407 दिव्यांग मतदाता थे। इसके बाद 152 मतदाताओं के वोट और बनाए गए तो अंतिम सूची में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 12,559 पहुंच गई। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार ने बताया कि इस बार पिछली सूची की अपेक्षा दिव्यांग मतदाताओं में वृद्धि हुई है, सबसे अधिक छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र में 126 मतदाताओं को जोड़ा गया है, जबकि तिर्वा में 101 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर दिव्यांग मतदाताओं को बुजुर्गों की तरह प्रारूप 12डी के अंतर्गत घर बैठे वोट देने का विकल्प दिया जाएगा। इसके लिए उन्हें बीएलओ से फार्म लेकर आवेदन करना होगा, तभी इस सुविधा का लाभ मिलेगा। जिन बूथों पर दिव्यांग अधिक होंगे, वहां व्हील चेयर उपलब्ध होगी।

**जिले में दिव्यांग मतदाताओं की स्थिति**

| विधानसभा क्षेत्र | पहले | बाद में | वृद्धि |
|---|---|---|---|
| 196-छिबरामऊ | 4815 | 4991 | +126 |
| 197-तिर्वा | 4103 | 4204 | +101 |
| 198-कन्नौज | 3489 | 3414 | -75 |
| योग | 12407 | 12559 | +152 |



- विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान में 152 दिव्यांगों ने बनवाये वोट
- प्रारूप 12डी के अंतर्गत मिलेगा घर से वोट डालने का विकल्प

# तप स्थली में बने विश्वामित्र का मंदिर

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** प्रभु श्री राम के गुरु महर्षि विश्वामित्र की तपोस्थली कन्नौज में उनका मंदिर और आश्रम बनाने की मांग कान्यकुब्ज शिक्षा एवं समाज सेवा समिति ने की है। इस संबंध में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है।

शुक्रवार को दोपहर 12 बजे कान्यकुब्ज शिक्षा एवं समाज सेवा समिति के अध्यक्ष नवाब सिंह यादव की नेतृत्व में कन्नौज से बुद्धिजीवी, साहित्य, अध्यात्म और धर्म व शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लगभग एक सैकड़ा लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कहा कि पुराणों और शास्त्रों में कन्नौज विश्वामित्र की तपोस्थली के रुप में वर्णित है।

भागीरथी तट पर स्थित गांव अड़ंगापुर और चिंतामणि के रुप में महर्षि विश्वामित्र तपस्थली और कर्मभूमि पुराणों में वर्णित स्थानों को चिन्हित कर गुरु विश्वामित्र का मंदिर और उनके आश्रम निर्माण कार्य सरकार से कराया जाये। इस अवसर पर सुशील राकेश शर्मा, जय कर्ण सिंह, सागर सिंह, साहिल वर्मा, ओम प्रकाश मिश्रा, राकेश तिवारी एडवोकेट, अजय यादव एडवोकेट, अमरनाथ मिश्रा, राम नाथ मिश्रा, शिव प्रताप मिश्र, मनोज शुक्ला, उमेश चन्द्र द्विवेदी, आलोक मिश्रा, अनुराग मिश्र, डॉ ओपी शर्मा, संजय दुबे, डॉ. आरएन मिश्र, डॉ. सुदीप शर्मा, सुशील भारद्वाज, पुनीत मिश्रा, डॉ. राम देव बाजपेई, जय करन सिंह, सागर सिंह, शेर सिंह, कमल मिश्रा, संतोष चतुर्वेदी, ओमकार, सुमित, हिमांशू, शिव प्रताप आदि मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट में डीएम को ज्ञापन देने पहुंचे समिति के लोग। अमृत विचार

- कान्यकुब्ज शिक्षा व समाज सेवा समिति ने सीएम को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे कांग्रेसी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर में पुराने सौरिख बस अड्डे स्थित कांग्रेस कार्यालय में हुई बैठक में तय किया गया कि राहुल गांधी की न्याय यात्रा में कानपुर पहुंचकर कांग्रेसी शामिल होंगे।

कांग्रेस विचार मंच के जिलाध्यक्ष विनोद दुबे ने बताया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की न्याय यात्रा 21 फरवरी को कानपुर पहुंच रही है। इसमें शामिल होने के लिए यहां से भी कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में कानपुर पहुंचेंगे। इस दौरान यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अंबुज शुक्ला, कांग्रेस सेवा दल के देवकीनंदन दुबे मुन्ना, उपदेश तिवारी, आदेश श्रीवास्तव जिला महासचिव, आसाराम यादव, अजय दुबे, सुभाष चंद्र, राजेश कुमार व भैया लाल दुबे आदि मौजूद रहे।

# निजी स्कूलों में फ्री पढ़ाने को कल तक करें आवेदन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** निजी स्कूलों में निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत बच्चों को पढ़ाने के लिए 25 फीसदी सीटें आरक्षित होती हैं। पूर्व प्राथमिक और कक्षा एक में प्रवेश लेने के लिए पहले चरण के ऑनलाइन आवेदन करने की आखिरी तारीख 18 फरवरी यानि कल तक है। 26 फरवरी को लॉटरी निकाली जाएगी। उसके बाद विद्यालयों में प्रवेश होंगे।

बीएसए उपासना रानी वर्मा ने बताया कि प्रवेश की प्रक्रिया चार चरणों में चलेगी। जो लोग 18 फरवरी तक ऑवेदन नहीं कर सकते हैं उनके लिए तीन और चरण हैं। उन्होंने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों का प्राइवेट स्कूलों में निशुल्क दाखिला होता है। तीन से सात वर्ष उम्र के बच्चों को मान्यता प्राप्त विद्यालयों में 25 फीसदी सीटें आरक्षित हैं। पढ़ाई के अलावा निशुल्क यूनिफार्म व पुस्तकें भी दी जातीं हैं। बीएसए का कहना है कि इच्छुक लोग वेबसाइट http://rte25.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। डीसी सामुदायिक शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पहले चरण के तहत अब तक 75 आवेदन आए हैं। दूसरे चरण की प्रक्रिया में एक मार्च से 30 मार्च तक आवेदन होंगे। पहली अप्रैल से सात अप्रैल तक बीएसए आवेदनों को सत्यापित कर लॉक करेंगी। आठ अप्रैल को लॉटरी निकाली जाएगी। 17 अप्रैल तक स्कूलों में प्रवेश होंगे। तीसरे चरण के आवेदन 15 अप्रैल से आठ मई तक होंगे। नौ से 15 मई तक आवेदन सत्यापित होंगे। 16 मई को लॉटरी निकलेगी और 23 तारीख तक बच्चों के प्रवेश होंगे। चौथे चरण के लिए ऑनलाइन आवेदन एक जून से 20 जून तक होंगे। 21 से 27 जून तक आवेदनों का सत्यापन होगा। 28 को लॉटरी निकलेगी और सात जुलाई तक विद्यालयों में प्रवेश होंगे।

**आवेदन के लिए यह जरूरी**

- एससी, एसटी, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग, एचआईवी, कैंसर पीड़ित माता-पिता या अभिभावकों के बच्चे, निराश्रित बेघर बच्चे व कम आय के तहत सामान्य वर्ग के एक लाख से कम आय वाले अभिभावकों के बच्चे प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं।
- प्रवेश के लिए बच्चों की उम्र तीन से सात साल के बीच होनी चाहिए। आवेदन में जन्म प्रमाण पत्र होना जरूरी है।
- निवास के लिए निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, वोटर आईडी, राशन कार्ड व आय प्रमाण पत्र मान्य होगा।
- जिस स्कूल में बच्चे का प्रवेश कराना है वह विद्यालय निवास प्रमाण पत्र में लिखे पते के आसपास ही होना चाहिए।
- एक बच्चे का एक ही आवेदन स्वीकार होगा। तथ्य छिपाने पर आवेदन निरस्त किया जाएगा।

- निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत 26 फरवरी को निकलेगी लॉटरी
- जनपद के विद्यालयों में 25 फीसदी सीटें हैं कमजोर वर्ग व अन्य लोगों के लिए आरक्षित

**कुछ जरूरी तथ्य**

- 7800 सीटें जिले के स्कूलों में हैं।
- 666 बेसिक शिक्षा महकमे के तहत स्कूल हैं।
- 400 विद्यालयों में मैपिंग है, इन्हीं में प्रवेश मिलेगा।
- 2024-25 के लिए प्रक्रिया चार चरणों में चलेगी।

# अवैध कब्जों पर चला बुलडोजर, हड़कंप

संवाददाता सौरिख,कन्नौज

**अमृत विचार।** खाद के गड्ढों पर कुछ ग्रामीणों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया। शिकायत पर राजस्व टीम व पुलिस बल ने पहुंचकर बुलडोजर चलवाकर गड्ढों को कब्जा मुक्त कराया। इससे हड़कंप मच गया।

सौरिख विकास खंड की ग्राम पंचायत कबीरपुर के मजरा राजापुर में गांव के ही रहने वाले शिव सिंह, प्रताप सिंह पुत्र गण भूपाल सिंह व मोहित पुत्र प्रताप सिंह ने खाद के गड्ढों के लिए चिन्हित गाटा संख्या 118 व 119 में 31 डिसमिल जमीन पर झोपड़ी व टिन शेड डालकर कब्जा कर रखा था। शिकायत पर पुलिस बल के साथ पहुंची राजस्व टीम ने बुलडोजर चलवाकर जमीन को कब्जा मुक्त कर ग्राम प्रधान के सुपुर्द कर दिया। इस दौरान महिलाओं वा पुलिस में तीखी नोकझोंक भी हुई। ग्राम प्रधान फरहान ने बताया आरआरसी सेन्टर बनाया जाएगा। नायब तहसीलदार ने बताया शेष रकबे पर मकान बने हैं उन पर 67 की कार्रवाई की जाएगी। नायब तहसीलदार भारत कुमार मौर्य, कानूनगो व लेखपाल आशीष अवस्थी आदि मौजूद रहे।

**कब्जदारों ने ग्राम प्रधान पर लगाए आरोप**

कब्जेदार प्रताप सिंह ने बताया 2016 में बेटे रोहित को गांव के ही अरबाज, मेहराज, सहवाज पुत्र इस्तखार व इस्तखार ने गालीगलौज कर मारपीट कर दी थी जिस पर उसने हरिजन एक्ट की रिपोर्ट लिखाई थी। यह सब लोग ग्राम प्रधान के बहुत करीब हैं और मामला वापस लेने का दबाव बना रहे थे। मना करने पर प्रधान ने उसके ही कब्जे को हटवाया। कबीरपुर गांव में भी खाद के गड्ढों पर लोगों के तीन मंजिल मकान बने हुए हैं उन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

# पुलिस भर्ती की परीक्षा आज से, तैयारियां पूरी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** 'खाकी' पहनने के लिए बेताब 19,488 अभ्यर्थियों के साथ ही पुलिस व प्रशासन के इम्तिहान की घड़ी आज है। कन्नौज के दो और तिर्वा इलाके के आठ विद्यालयों में दो दिनों तक दो-दो पालियों में पुलिस आरक्षी भर्ती की लिखित परीक्षा होगी। एक दिन पहले डीएम व एसपी ने केंद्रों पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। कहा भड़काऊ पोस्ट प्रसारित करने वालों से अफसर सख्ती से निपटेंगे।

जिले के 10 केंद्रों पर 17 व 18 फरवरी को आरक्षी भर्ती की लिखित परीक्षा निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से कराने को लेकर डीएम शुभ्रान्त शुक्ल व एसपी अमित कुमार आनंद ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। प्रधानाचार्य व स्टाफ के साथ तैयारियों को लेकर बैठक की। साथ ही परीक्षा के लिए आए निर्देश बताए। अधिकारियों ने सीसीटीवी कैमरे भी देखे। सुरक्षा व यातायात व्यवस्था पर भी बात कही। बताया गया है कि सोशल मीडिया के सभी प्लेटफॉर्मों की कड़ी निगरानी हो रही है। किसी ने भी गलत पोस्ट की तो उस पर कड़ी कार्रवाई होगी।

**कंट्रोल रूम से होगी मॉनीटिरंग :** डीएम ने बताया कि परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक व दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक होगी। केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की मॉनिटरिंग के लिए कंट्रोल रूम बना दिए गए हैं। यहां नियुक्त पुलिसकर्मियों की ओर से निगरानी की जा रही है। निरीक्षण के दौरान सीओ तिर्वा डॉ. प्रियंका बाजपेई उपस्थित रहीं।



तिर्वा में महाराणा प्रताप विद्यालय में मौजूद डीएम शुभ्रान्त व एसपी अमित आनंद।

**रात में रुकने के लिए यहां मिलाएं नंबर**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कई पदाधिकारी व सदस्य पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए बाहर से आए अभ्यर्थियों को उनके केंद्रों तक पहुंचाने में सहयोग करेंगे। बताया गया है कि परीक्षार्थियों को केंद्रों की सही जानकारी देंगे। साथ ही रात्रि विश्राम के लिए बस अड्डे एवं रेलवे स्टेशन पर कार्यकर्ता बैनर लगा कर अभ्यर्थियों की मदद करेंगे। कन्नौज स्थित अशोक दुबे इंटर कॉलेज शिवाजी नगर सरायमीरा और तिर्वा में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में छात्रों के रात में रुकने का इंतजाम किया गया है। इसके लिए मोबाइल नंबर 6393203986 एवं 9807285837 पर संपर्क किया जा सकता है।

**यहां होगी परीक्षा**

- कन्हैया लाल सरस्वती विद्या मंदिर कन्नौज
- सोनी पारिया पब्लिक स्कूल कन्नौज
- दीनानाथ जनता इण्टर कालेज तिर्वा
- एसपी महिला महाविद्यालय तिर्वा
- महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज तिर्वा
- महेंद्र नीलम जनता इंटर कॉलेज तिर्वा
- सोनेश्री स्मारक बालिका महाविद्यालय तिर्वा
- एके रहमानिया इंटर कॉलेज तिर्वा
- एसएसपी इंटर कॉलेज तिर्वा
- किसान इंटर कॉलेज तिर्वा

## सार-संक्षेप



महिलाओं को जागरूक करतीं सिमरन शर्मा। अमृत विचार

### अपराधों को लेकर सजग हों महिलाएं

**जलालाबाद, कन्नौज।** महिलाएं अपराध को सहन न कर उसके खिलाफ आवाज उठाएं और कानून की सहायता लेकर अपराधी को सबक सिखाएं। महिलाओं की सजगता से यौन शोषण व लैंगिक हिंसा के मामले कम होंगे। यह जानकारी जिला नोडल अधिकारी सिमरन शर्मा ने महिलाओं को दी। पराविधिक स्वयं सेवक सीमा बानो ने भी महिलाओं को कानूनी जानकारी दी। इस दौरान बीडीओ सोनिया श्रीवास्तव, वन स्टॉप सेंटर की रीतापाल, गीता चतुर्वेदी भी मौजूद रहीं।



बाजाद बंद कराते भाकियू टिकैत नगर अध्यक्ष मुईन अहमद। अमृत विचार

### किसानों ने समधन में बंद कराया बाजार

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शुक्रवार को संयुक्त किसान मोर्चा के भारत बंद आह्वान पर कस्बा समधन में बंद का मिलाजुला असर देखने को मिला। इसके तहत कई दुकानदारों ने दुकानें बंद रखी जबकि कई लोग दुकानें खोले रहे। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष मोहम्मद शमीम सिद्दीकी के निर्देशन पर कस्बा समधन के नगर अध्यक्ष मुईन अहमद ने कार्यकर्ताओं के साथ भारत बंद के आह्वान पर बाजार में दुकानें बंद कराई। नगर अध्यक्ष ने कस्बा में भ्रमण कर दुकानदारों से भारत बंद के तहत दुकानदारों से दुकानें बंद करने की अपील की। नगर में बंदी का मिलजुला असर दिखा। भाकियू टिकैत के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भारत बंद को सफल बनाने के लिए दिन भर बाजार में पसीना बहाया।

### तहसीलों में आज नहीं होगा समाधान दिवस

**कन्नौज।** हर महीने के पहले व तीसरे शनिवार को तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस के तहत समस्याएं सुनी जातीं हैं। 17 फरवरी को तीसरा शनिवार है लेकिन आज पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा होने की वजह से समाधान दिवस स्थगित कर दिया गया है। अपर मुख्य सचिव सुधीर गर्ग ने भेजे आदेश में कहा है कि 20 फरवरी यानि मंगलवार को समाधान दिवस के तहत तहसीलों में समस्याएं सुनी जाएंगी।

### जुमे की नमाज के दौरान अलर्ट रही पुलिस

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** जुमे की नमाज के दौरान पुलिस अलर्ट रही और नगर की सभी मस्जिदों के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा पुलिस बल के साथ तिराहा, चौराहा, गांधी नगर, डुंडवा बुजुर्ग, मझपुर्वा, समधन में भ्रमण कर नजर रखी। कस्बा प्रभारी राबिन सिंह, समधन चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह, मझपुर्वा चौकी प्रभारी विनय शर्मा, उपनिरीक्षक देवीचरण साहू ने जामा मस्जिद, तिर्वा रोड, गांधी नगर सहित समधन, डुंडवा बुजुर्ग, मझपुर्वा, सफीपुरजप्ती, इस्माइलपुर मस्जिदों पर पुलिस कर्मियों के साथ तैनात रहे। पुलिस की मौजूदगी के बीच जुमा की नमाज अदा कराई गई।

### डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के अध्यक्ष बने संतोष, अरुणेश सचिव

**कन्नौज।** ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ का वार्षिक चुनाव में चार पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। मध्य-पूर्व क्षेत्र के संगठन सचिव राजीव गोयल व नगेंद्र कुमार की देखरेख में प्रक्रिया संपन्न हुई। शुक्रवार को अवर अभियंता कक्ष में चली प्रक्रिया में संतोष कुमार को जिलाध्यक्ष बनाया गया। सचिव पद पर अरुणेश रावत, वित्त सचिव नगेंद्र कुमार व उपाध्यक्ष पद पर चांदनी यादव को चुना गया।

**आयोजन** 34वीं राज्यस्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक समारोह

# होनहारों पर लखनऊ में मेडलों की बारिश

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** लखनऊ में तीन दिवसीय 34वीं राज्यस्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक समारोह 15 फरवरी से शुरू हो गया है। इसमें शामिल होने गए परिषदीय स्कूलों के होनहारों ने तीन गोल्ड मेडल, चार-चार रजत व कांस्य कुल 11 पदक जीतकर जनपद का नाम रोशन किया है।

समारोह में टीम के साथ गए बीईओ सदर विपिन कुमार ने बताया कि 17 फरवरी तक चलने वाली खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन स्पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया कानपुर रोड लखनऊ में हो रहा है। बीईओ ने बताया कि जूनियर वर्ग 400 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में यूपीएस नरमऊ तालग्राम की छात्रा प्रार्थना ने गोल्ड मेडल जीता। 200 मीटर दौड़ में भी प्रार्थना ने कांस्य पदक झटका। 100 मीटर बालिका वर्ग जूनियर में छात्रा अपराजिता ने गोल्ड मेडल जीतकर वाहवाही लूटी। इसी तरह ताईक्वांडो में यूपीएस तहसीपुर कन्नौज ने अपने-अपने भार वर्ग 30-35 में जीते। इसमें पूनम ने गोल्ड मेडल, 40-45 भार वर्ग में नेहा ने रजत पदक व भार वर्ग 35- 40 में शिखा ने रजत पदक, 25-30 भार वर्ग में नंदनी ने भी कांस्य पदक, भार वर्ग 40-45 बालक वर्ग में प्रांशू ने गोल्ड मेडल, भार वर्ग 35-40 शिवा ने सिल्वर मेडल भार वर्ग 30-35 आकाश ने कांस्य पदक जीतकर जनपद का नाम रोशन किया। जूडो कराटे में 30-40 भार वर्ग में अन्नू ने कांस्य पदक प्राप्त किया। बीएसए उपासना रानी वर्मा ने मोबाइल से बातकर छात्र-छात्राओं का हौसला बढ़ाया और शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर जिला व्यायाम शिक्षक विनोद मिश्र, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक कन्नौज रजनीश कन्नौजिया, नोडल शिक्षक पनगवां जयवीर व विपिन देव आदि रहे।




विजेता छात्र-छात्राओं के साथ बीईओ सदर विपिन कुमार, बीएसए उन्नाव संगीता सिंह व अन्य शिक्षक। अमृत विचार

# भाजपाइयों की कारें भिड़ीं उठाने पर पुलिस से भिड़े

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** शरीफापुर में भाजपाइयों की कारें भिड़ गईं। एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस से कार्यकर्ताओं ने नोकझोंक करते हुए क्षतिग्रस्त कार नहीं उठाने दी। भाजपा नेता कन्हैया दीक्षित के आनेपर पुलिस ने कार कब्जे में ली।

गुरुवार की रात 10 बजे के करीब तिर्वा-कन्नौज मार्ग पर शरीफापुर गांव के निकट कट पर भाजपा कार्यकर्ता विनय पटेल पुत्र राज वहादुर पटेल निवासी नौबस्ता बैरी कल्यानपुर व अवनीश बेरिया पुत्र राकेश बेरिया निवासी पुरानी ठठिया की कारों में भिड़ंत हो गई। दुर्घटना के बाद अवनीश कार छोड़ कर हट गये। दुर्घटना में विनय की कार पर सवार प्रशांत कुमार निवासी सरायमीरा को घायल अवस्था में जिला अस्पताल भेजा गया। चोट अधिक होने पर कानपुर रेफर कर दिया गया। दुर्घटना की जानकारी पर दोनों पक्षों के कई भाजपा कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गये। पता चलते ही कोतवाली प्रभारी विष्णुकांत तिवारी ने घटना स्थल पर पहुंच कर रास्ते में खड़ी एक कार को कोतवाली भेजा। जब उन्होंने दूसरी कार को हटाने का प्रयास किया तो विनय पक्ष के युवकों ने हंगामा शुरू कर दिया। कहा कि जब तक कन्हैया दीक्षित नहीं पहुंचते तब तक कार नहीं हटेगी।



दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त कार व लोगों की लगी भीड़।

## एक नजर

### हादसे में बालक घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** घर पर खेल रहा मासूम ऊंचाई से गिरने पर घायल हो गया। परिजन उसे नगर सीएचसी लेकर आये। जानकारी के अनुसार थाना कंपिल क्षेत्र के गांव अजीजपुर निवासी गुरनाम सिंह का 5 वर्षीय पुत्र अर्जुन घर पर खेल रहा था। तभी वह अचानक ऊंचाई से गिर पड़ा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों उसे सीएच सी में भर्ती कराया है।

### युवक ने कीट नाशक पिया, हालत गम्भीर

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** गृह कलह से तंग युवक ने कीटनाशक पी लिया। परिजन उसे सीएचसी लेकर गए। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। थाना कंपिल क्षेत्र के गांव धड़ियापुर निवासी महेंद्र पाल के 20 वर्षीय पुत्र संदीप ने किसी बात से नाराज होकर कीटनाशक पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी कायमगंज मे भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### अलीगंज रोड पर टेंपो की टक्कर से बाइक सवार दो गंभीर

**कायमगंज, फर्रुखाबाद।** अलीगंज रोड पर टैम्पों की टक्कर से बाइक सवार दो गंभीर घायल हो गए। कंपिल क्षेत्र के गांव रानीपुर निवासी ब्रजेश व भौरुआ निवासी सुखवीर बाइक से कायमगंज आ रहे थे। कायमगंज अलीगंज मार्ग स्थित ढमढेरा के पास तेज रफ्तार टैम्पों चालक ने टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार दोनो गंभीर घायल हो गए। दुर्घटना देख ग्रामीण मौके पर पहुंचे। जहां चालक टैम्पों छोड़कर भाग गया। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस से घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी है।

### शुरू होंगे ग्राम सचिवालय

**कमालगंज, फर्रुखाबाद।** ब्लाक क्षेत्र की 8 ग्राम पंचायतों में जिलाधिकारी के अनुमोदन से पंचायत सहायक की नियुक्ति कर दी गई है। अब यहां ग्राम सचिवालय में काम चालू हो सकेगा। जिला पंचायत राज अधिकारी राजेश चौरसिया ने आदेश जारी किया। हुसैनपुर नौखंडा में विवेक कुमार, रूनी चुरसई में नीलेंद्र प्रताप, हिसामपुर में अंजू पाल, ईशेपुर में शालू, बन्दरखेड़ा में विवेक, मोहनपुर दिनारपुर में प्रांजुल कुमार, छीतापुर कपूरापुरके रजत यादव व कोरीखेड़ा में रागिनी की पंचायत सहायक, लेखाकार कम डाटा एंट्री आपरेटर पर नियुक्ति हुई।

# मनरेगा में 65वीं रैंक पर डीएम ने दी चेतावनी

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ वी के सिंह की अध्यक्षता में माह जनवरी की सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में संपन्न हुई इसमें 29 विभागों की 71 योजनाओं में खराब प्रदर्शन वाले विभागों को डीएम ने सुधार करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि रैंकिंग में सुधार न होने पर संबंधित अधिकारी का वेतन रोका जाएगा।

बैठक में जिला विकास अधिकारी ने बताया कि 15 वे वित्त आयोग ग्राम पंचायत,5 वे राज्य वित्त आयोग, सहकारिता, एम्बुलेंस 108, मुख्य मंत्री सुमंगला योजना, मुख्य मंत्री युवा स्वरोजगार योजना, जल जीवन मिशन ग्रामीण की रैंकिंग सबसे खराब पाई गई है। इन विभागों से

**● सुधार न होने पर डीपीआरओ को दिया शासन को लिखने का अल्टीमेटम**

जिलाधिकारी ने सख्त नाराजगी व्यक्त की।

डीपीआरओ को चेतावनी दी गई कि यदि फरवरी की रैंकिंग में सुधार न हुआ तो शासन को उनके खिलाफ कार्यवाही के लिए लिखा जाएगा। सभी को प्रगति खराब होने का कारण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मनरेगा की रैंक घट गई है। मीटिंग में बताया गया कि जिले की 65 रैंकिंग है। जिले की विधुत आपूर्ति ठीक है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए उपनिदेशक कृषि एवं, सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भारत बंद पूरी तरह बेअसर, पुलिस रही चौकन्ना

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के आह्वान पर भारत बंद जिले में पूरी तरह बेअसर रहा। बन्द के आह्वान को लेकर पुलिस व प्रशासन सुबह से ही चौकन्ना हो गया। चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया। रोज की तरह आज भी सभी बाजार और प्रतिष्ठान खुले रहे। कोई भी भाकियू नेता व पदाधिकारी पुलिस के भय से बाजार बंद कराने नही आया। व्यापार मंडल के नेता अरुण कुमार तिवारी ददुआ ने बताया कि भाकियू के बन्द का फर्रुखाबाद में कोई असर दिखाई नही दिया। रोज की तरह आज भी बाजार खुले रहे।

हालांकि पुलिस ने भाकियू के वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा को उनके घर पर ही



घर पर नजर बंद भाकियू नेता। अमृत विचार




खुले बाजार। अमृत विचार

**● पुलिस ने भाकियू के वरिष्ठ उपाध्यक्ष को घर पर ही किया नजरबंद**

नजरबंद कर लिया।

किसानों के आंदोलन को देखते हुए सीओ सिटी प्रदीप सिंह, फतेहगढ़ कोतवाल हरि श्याम सिंह सहित भारी पुलिस फोर्स उनके निवास पर तैनात कर दिया गया। किसानों के आंदोलन को देखते हुए जगह जगह पर पुलिस बल तैनात है। खुफिया विभाग से डीएम, एसपी पल पल की रिपोर्ट लेते रहे। जिले में भारत बंद पूरी तरह बेअसर रहा है। पुलिस और प्रशासन की सक्रियता से भाकियू कार्यकर्ता व पदाधिकारी सड़क तक नही पहुंच सके। भारतीय किसान यूनियन(टिकैत गुट) के समस्त पदाधिकारियों से वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा ने आह्वान किया है कि भारत बंद को सफल बनाएं।

हमारे क्रायमगंज, मोहम्मदाबाद, नवाबगंज, शमसाबाद, कमाल गंज, खुदा गंज प्रतिनिधि के अनुसार यहां भी भारत बन्द पूरी तरह बेअसर रहा। रोज कीतरह आज भी बाजार खुले रहे कोई भी भाकियू नेता या कार्यकर्ता बाजार बंद कराने नहीं आया।

# सिर्फ दो गांठ लहसुन के पीछे वृद्ध को पीटा, अस्पताल में मौत

## छिछौनापुर गांव की घटना, खेत मालिक ने लाठी-डंडों से पीटा

संवाददाता, शमसाबाद-फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** खेत से लहसुन की दो गांठ उखाड़ लेने पर खेत मालिक ने मारपीट कर दी। मारपीट में घायल हुए वृद्ध को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद में भर्ती कराया गया। शुक्रवार दोपहर उसकी मौत हो गई। वृद्ध के स्वजन ने गांव के ही खेत मालिक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने शव का पंचायत नामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



हरीराम

गांव छिछौनापुर निवासी 62 वर्षीय हरीराम ने गुरुवार की शाम गांव के ही शैतान सिंह के खेत से लहसुन की दो गांठ उखाड़ ली थी। यह करते खेत के पास मौजूद शैतान सिंह ने देख लिया और गाली गलौज की। थोड़ी देर मुंहाचाई के बाद शैतान सिंह ने हरीराम को लाठी डंडों से पीटकर उसे मरणासन्न कर दिया। गंभीर रूप से घायल हरीराम को देर रात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद ले जाया गया। शुक्रवार को उसकी मौत हो गई।



रोते-बिलखते हरीराम के परिजन। अमृत विचार

**● लहसुन उखाड़ते खेत मालिक ने देख लिया था**

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कार्रवाई की जाएगी।

### भूमि विवाद में चले लाठी-डंडे महिलाओं सहित चार घायल

**कायमगंज।** जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मार पीट हो गई। जिससे दो महिलाओं समेत चार लोग घायल हो गए। थार दार हथियार से घायल युवक की हालत गम्भीर बनी हुई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव ज्योना निवासी सुमित कुमार व अखिलेश व उनकी मां बेबी देवी को घायलावस्था में परिजन नगर के सरकारी अस्पताल लाए। सुमित ने बताया कि उसकी जमीन की पैमाइश क्षेत्रीय लेखपाल ने कर चिन्हांकन किया था। विपक्षी देशराज व फकीरे पुत्र सियाराम, सतेन्द्र व जितेन्द्र पुत्र मकरन्द चिन्हांकन को हटा रहे थे। जब विरोध किया तो उक्त लोग मारपीट पर अमादा हो गए। बचाने आईं मॉं बेबी देवी, बुआ वृद्धा हिना देवी एवं भाई अखिलेश को भी मारापीटा। इन लोगों ने मारपीट के दौरान धारदार हथियार से भी हमला किया। जिससे सुमित लहूलुहान हो गया। जानकारी होने पर हल्का आरक्षी अस्पताल पहुंचे और घटना की लिखित शिकायत पुलिस से करने को कहा।

## तंबाकू की फसल नष्ट करने से मना किया तो पीटा

**कायमगंज-फर्रुखाबाद।** कटरी के गांव महादेवपुर में तंबाकू की फसल नष्ट करने का विरोध किया तो हमलावरों ने 3 भाईयो को मारपीट कर घायल कर दिया। जिसमें एक की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने 4 आरोपितों के खिलाफ रिपोर्टदर्ज कर ली है।

क्षेत्र के गांव महादेवपुर निवासी रामरतन ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है 3 फरवरी की शाम 6 बजे वह अपने भाई ब्रजेंद्र, कुलदीप के साथ खेत की रखवाली कर रहा था। तभी भजी नगला निवासी कल्लू, रिंकू, दयाराम, सत्यपाल अपने मवेशी लेकर खेत में घुस आए और तंबाकू की फसल को नष्ट कर दिया। जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपित हमलावर हो गए और लाठी डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया। तभी बीच बचाव करने आए गांव के बीरपाल को भी हमलावरों ने टकोरा व हंसिया से हमला कर घायल कर दिया। शोर शराबा सुनकर आसपास के ग्रामीण दौडे.। हमलावर गाली गलौज करते हुए धमकी देकर भाग गए।

# बोर्ड परीक्षा के लिए बनाए छह जोन और 11 सेक्टर

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह की अध्यक्षता में माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2024 को नकलविहीन व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिये समीक्षा वैठक का आयोजन किया गया। परीक्षा के मद्देनजर जिले को 06 जोन, 11सेक्टर में विभाजित किया गया। परीक्षा के लिये जिले में 79 परीक्षा केंद्र बनाये गये ।प्रत्येक पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई ।बैठक में निर्देशित किया गया कि प्रश्नपत्र खोलते वक्त वीडियोग्राफी कराई जाये। प्रश्नपत्रों को स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केंद्र,वाह्य केंद्र व्यवस्थापक की उपस्थिति में ही खोला जाए। सभी कक्षो में वॉइस रिकॉर्डर युक्त सी सीटीवी कैमरे लगे हो ये सुनिश्चित कर लिया जाये। परीक्षा केंद्र में कोई भी मोबाइल व इलेक्ट्रॉनिक गैजेट केंद्र के अंदर नही जाएगा ।परीक्षा केंद्र

**● परीक्षा में गड़बड़ी हुई तो जाना होगा जेल**

में निर्धारित सीटिंग प्लान ही लगाये। कापियों को ससमय सील करे कोई भी बाहरी व्यक्ति परीक्षा केंद्र के अंदर नही जाएगा। सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस की ड्यूटी लगा ली जाये। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि सभी केंद्र व्यवस्थापकों का व्हाट्सएप ग्रुप बना लिया जाये । कोई भी परीक्षा में गड़बड़ी करेगा तो वह जेल जाएगा व विभागीय कार्यवाही भी होगी। सभी केंद्र व्यवस्थापक निर्देश पुस्तिका का अध्ययन अवश्य कर ले और उसका अनुपालन सुनिश्चित करे ।इस अवसर पर 24 घंटे सक्रिय रहने बाला कण्ट्रोल रूम का नंबर 9450109285 भी जारी किया गया। व डीआईओएस का नंबर 9454457390 भी जारी किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी समस्या होने पर इन नम्बरों पर सम्पर्क करें। बैठक में सीडीओ व उपजिलाधिकारी आदि थे।

# सामूहिक विवाह : एक-दूजे के हुए पांच जोड़े

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** सागर सिंह सोमवती पीजी कालेज हर्ष नगर बहोरिकपुर में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौका था सागर सिंह सोमवती की 9वीं पुण्य तिथि का।

विद्यालय के संस्थापक गजेंद्र सिंह यादव अपने पैसे से 5 कन्याओं के हाथ पीले किये।उन्हें दान दक्षिणा देकर विदा किया। इससे पहले वर कन्याओं को आशीर्वाद देते हुए गजेंद्र सिंह ने कहा कि सामूहिक विवाह का आयोजन वह पिछले 9 साल से करते चले आ रहे हैं।इस आयोजन में वह किसी तरह का सरकार या निजी लोगों से सहयोग नही ले रहे हैं। इससे पहले एक विशाल प्रीति भोज का आयोजन किया गया। हजारों की संख्या में महिला-पुरूषों ने भाग लिया। कालेज की निदेशक संगम यादव ने नम आंखों से शादी के बाद बेटियो को विदा किया।



मंच पर मौजूद जोड़े। अमृत विचार



बेटियों को विदा करते संस्थापक गजेंद्र सिंह यादव व अन्य। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि बेटियों को सेवा की जरूरत हो तो वह निसंकोच उनसे मदद ले सकती हैं। इस मौके पर रामेंद्र सिंह, रामपाल सिंह, श्याम सिंह, दिनेश कुमार, राम नरेश सिंह, बृजेश कुमार, सुशील कुमार, आशीष कुमार, अभिषेक, मयंक, रोहित, धनराज, हर्ष बाबू आदि रहे।

## आशा कार्यकर्ताओं ने सीएमओ दफ्तर का किया घेराव

**फर्रुखाबाद।** अपनी समस्याओं को लेकर आशा कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को सीएमओ कार्यालय का घेराव कर लिया। सैकड़ो की संख्या में पहुंची आशा कार्यकर्ताओं ने कहा कि उनसे कम 10 गुना ज्यादा लिया जाता है।दाम देने के नाम पर कटौती की जाती है। आशा कार्यकर्ताओं ने कहा कि उन्हें 2000 मानदेय के रूप में प्रतिमाह दिया जाता है। इसमें भी 1000 कटौती कर ली जाती है। इसको लेकर वह कई बार उच्च अधिकारियों से दरखास्त कर चुकी है। लेकिन उनकी एक नहीं सुनी गई। इस मौके पर आशा सपना कटिहार ने कहा कि उनसे हर विभाग में काम लिया जाता है। लेकिन उसे मान देय केवल 2000 की जगह 1000 दिया जाता है। कहा कि मांगें न मानी आंदोलन करेंगे। इस मौके पर उषा, नजमा , किरण, गीता सपना, सरस्वती आदि रहीं

# पांच कर्म करने वाले व्यक्ति को ही देवत्व की प्राप्ति

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मेला श्रीरामनगरिया में चल रहे वैदिक क्षेत्र में चरित्र निर्माण शिविर में शुक्रवार को प्रातःकाल देवेश एवं निरंजना के यजमानत्व में यज्ञ किया गया।यज्ञोपरान्त वेदों के प्रकाण्ड विद्वान आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री ने बताया कि पांच कर्म करने वाला मनुष्य देवत्व को प्राप्त करता है।

ओम् का ध्यान, वेदों का ज्ञान, यज्ञ का अनुष्ठान, सुसंस्कारी संतान और राष्ट्रहित बलिदान ये पांच कर्म केवल मनुष्य ही करता है। इसीलिए मनुष्य संसार का सर्वश्रेष्ठ प्राणी है। मनुष्य का प्रथम कर्तव्यकर्म ईश्वर की भक्ति है । ईश्वर की भक्ति से ही शक्ति प्राप्त होती है। हमारे शरीर के प्रत्येक अवयव में ईश्वर की शक्ति विद्यमान है। आंखों में देखने की शक्ति, कानों में श्रवण करने की शक्ति आदि इन्द्रियाँ ईश्वर की शक्ति से ही कार्य करती हैं। इसलिए




मंचासीन आचार्य व भजन सुनातीं कु . उदिता आर्या। अमृत विचार

मनुष्य का कर्तव्य है कि वो मन की पवित्रता और बुद्धि की शुद्धि से ईश्वर का साक्षात्कार करे। जयपुर से आए प्रो. आचार्य योगेश ने बताया कि यज्ञ संसार का सर्वोत्तम कर्म है, जिसे करके मनुष्य मनोवांछित फल की प्राप्ति कर सकता है। यज्ञ रूपी कल्पवृक्ष के पास बैठने से हर शुभ मनोकामना पूर्ण होती है। धर्म के तीन स्कन्ध हैं जिस पर धर्म ठहरा हुआ है, यज्ञ, अध्ययन और दान। यज्ञ करने वाला, श्रेष्ठ पुस्तकों का अध्ययन करने वाला और शुभ कार्यों में दान देने वाला मनुष्य धार्मिक होता है। कु. उदिता आर्या ने भजन के माध्यम से बताया कि हवन करने वाले मनुष्य के जीवन में परमात्मा की अमृत वर्षा होती है। पण्डित शिवनारायण आर्य, रामवीर आर्य, आदि ने मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। अध्यक्षता प्रमोद कुमार यादव ने किया। मंच का संचालन स्वामी महेन्द्रानंद ने किया। सभा में उत्कर्ष आर्य, उदयराज आर्य, हरिओम शास्त्री, आचार्य महावीर शास्त्री, शिशुपाल आर्य आदि रहे।

### मेला में मारपीट, पुलिस ने दो को पकड़कर छोड़ा

**फर्रुखाबाद।** गंगा तट पांचाल घाट पर लगे मेला रामनगरिया में मनोरंजन क्षेत्र के बाहर पापड़ी विक्रेताओं में मामूली सी बात चीत पर जम कर मार पीट हो गई। दोनों पक्षो की महिलाएं भी आपस मे भिड़ गई। मौके पर पहुंचे मेला कोतवाली प्रभारी सत्यपाल दोनों पक्षो से एकएक युवक को पकड़ कर थाने ले आये। इस दौरान मनोरंजन क्षेत्र के बाहर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ लग गई । पुलिस दोनों पक्षो को रात भर कोतवाली में बैठाए रही ।सुबह दोनों पक्षों ने कोई कार्रवाई न करने की बात कह कर समझौता कर लिया । मेला राम नगरिया में आये दिन हो रहे बवाल पर कल्पवासी पुलिस पर सवालिया निशान लगाने लगे हैं। लोगो का कहना है कि पुलिस निष्क्रियता से मेले में आये दिन मार पीट हो रही है। यदि पुलिस ने इन घटनाओं पर फौरी तौर पर अंकुश न लगा तो बड़ी घटना घट सकती है।

**सहाकरी बैंक की बैठक** — राज्यसभा चुनाव के चलते नहीं आए राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर

# घाटे में चल रहे सहकारी बैंक को 116 .88 लाख का लाभ

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** फतेहगढ़ स्थित जिला सहकारी बैंक के प्रांगण में बैंक की 64वीं वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष कुलदीप गंगवार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम में बताया गया कि वर्ष 2022-23 में सहकारी बैंक के पुराने घाटे को समाप्त करते हुए 116.88 लाख रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। मुख्य अतिथि सांसद कन्नौज सुब्रत पाठक मौजूद रहे। कार्यक्रम में विगत 9 वर्षों के कार्यकलापों एवं आगामी वर्ष 2024-25 के प्रस्तावित कार्यक्रम व बजट का अनुमोदन किया गया।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर को मुख्य अतिथि के रूप में रहना था, पर वह लखनऊ में राज्यसभा चुनाव के कारण जनपद पहुंचने में असमर्थ रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कन्नौज सांसद सुब्रत पाठक ने कहा एक समय था जब उत्तर प्रदेश का सहकारी विभाग समाजवादी पार्टी के गुंडे और माफियाओं के संरक्षण में चलता था । समाजवादी पार्टी के गुंडे और माफियाओं के संरक्षण में चलने वाला यह विभाग लूट का केंद्र बन गया था। विभाग के अभिलेखों में हेरा फेरी करके धन का बंदरबांट होता था। गुजरात के सहकारी विभाग की तर्ज पर सरकार व्यवस्था को सुधारने के लिए प्रयासरत है। 80 प्रतिशत से अधिक सदस्य भाजपा के हैं।



बैंक की पत्रिका का विमोचन करते सांसद सुब्रत पाठक व मुकेश राजपूत तथा अन्य।

सांसद मुकेश राजपूत ने कहा समाजवादी पार्टी ने अपनी सरकार रहते हुए सहकारी का विभाग को अपनी निजी संपत्ति मान लिया था उनके संरक्षण में पूरे विभाग में भ्रष्टाचार और संगठित लूट का अड्डा बन गया था। कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार ने बताया फर्रुखाबाद कन्नौज जिला सहकारी बैंक जो कई वर्षों से संकलित हानि में था उसमें वर्ष 2020-21 वर्ष 2021-22 वर्ष 2022-23 में लगातार वार्षिक लाभ अर्जित किया है। इस अवधि में बैंक ने कुल 445.19 लाख रुपए का वार्षिक लाभ अर्जित किया। वर्ष 2022-23 में बैंक के पुराने घाटे को समाप्त करते हुए 116.88 लाख रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। उन्होंने बताया सहकारी विभाग में 20,900 नए सदस्य बनाने का कार्य किया गया है। भवन और ऑफिस की भी मरम्मत का कार्य किया गया है जर्जर व्यवस्था को सुधारने का कार्य किया जा रहा है। जल्द ही लखनऊ में सहकारिता मंत्री के निर्देश में आयोजित बैठक में विशेष अनुदान का प्रस्ताव भी रखा जाएगा। कार्यक्रम का संचालन शैलेंद्र सिंह राठौर ने किया। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सत्यपाल सिंह, दिनेश कटियार जिला संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ, धर्मेंद्र कटियार, ब्लॉक प्रमुख अजय कुमार वर्मा रामपाल सिंह दोहरे आदि रहे।

# भोलेपुर क्रासिंग बंद होने पर ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** भोलेपुर रेलवे क्रॉसिंग बंद होने से आजिज जाए दर्जनों मोहल्ले के बाशिंदों ने शुक्रवार को सांसद मुकेश राजपूत को ज्ञापन सौंप कर क्रॉसिंग खोले जाने की मांग की है।

सांसद मुकेश राजपूत को दिए गए ज्ञापन में मोहल्ला नगला नयन, बेवर रोड ,अंबेडकर नगर ,विश्वकर्मा पुरी के रहने वाले लोगों ने कहा है कि इस क्रॉसिंग के बंद होने से उन लोगों की जीविका पर खासा प्रभाव पड़ा है ।यहां के विकलांग और वृद्ध जनों को फतेहगढ़ और फर्रुखाबाद आने-जाने में भारी दिक्कत हो रही है ।उनका कहना है कि जो ओवर ब्रज बनाया गया है वह इन मोहल्लों से काफी दूर है ।इसका लाभ यहां के बुजुर्ग ,बच्चों और विकलांगों को नहीं मिल पा रहा है। बच्चों को स्कूल जाने के लिए तकरीबन 2 किलोमीटर के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। नागरिकों ने कहा कि क्रॉसिंग के दक्षिण तरफ कई एक स्कूल है ।जिनमे जाने आने के लिए बच्चों को भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने सांसद मुकेश राजपूत से मांग की अतिशीघ्र क्रॉसिंग खुलवाई जाए ।सांसद मुकेश राजपूत ने उनकी मांग को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का भरोसा दिया है। इस मौके पर अमरपाल सिंह ,गौतम वर्मा एडवोकेट ,श्याम राजपूत ,वार्ड नंबर 4 पूर्व सभासद सुरेंद्र सिंह, पप्पू ,आशू गुप्ता, महेंद्र सिंह यादव, संदीप तिवारी आदि रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत भाऊपुर चौरासी, विकास खंड राजेपुर, जनपद-फर्रुखाबाद**

निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत वर्ष 2023–2024 दिनांक 17. 02. 2024 से 23. 02. 2024 तक

| क्र0 | कार्य का नाम | सामग्री | कुल अनुमानित लागत | निविदा पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सी सी रोड से उदयपाल के खेत तक दोनो तरफ साइड बाल व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 235193 | 320161 | 7 दिन |

**दीप्ती तिवारी**
प्रधान
ग्राम पंचायत भाऊपुर चौरासी
विकास खंड राजेपुर जिला फर्रूखाबाद

**अशोक कुमार**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत भाऊपुर चौरासी
विकास खंड राजेपुर जिला फर्रूखाबाद

## एक नजर

### संपूर्ण समाधान दिवस 20 फरवरी को

**इटावा।** अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि शासन के आदेशों के अनुपालन में 17 फरवरी शनिवार को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा आयोजित की जा रही है। 19 फरवरी को ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन होना है, जिसमें अधिकांश अधिकारी उनकी व्यवस्थाओं में व्यस्त रहेंगे। इसलिए 17 फरवरी शनिवार को आयोजित होने वाला तहसील दिवस 20 फरवरी को आयोजित किया जायेगा।

### सफाई कर्मचारियों का धरना 19 को

**इटावा।** पंचायतीराज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के आह्वान पर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की मांगों के निराकरण के लिए आंदोलन किया जा एगा। इसके तहत 19 फरवरी को सुबह द स बजे ग्रामीण सफाई कर्मचारी रेलवे स्टेशन पर एकत्रित होंगे और रैली के रुप में शास्त्री चौराहा होकर विकासभवन पहुंचेगे। वहां धरना प्रदर्शन करने के बाद बतीन बजे ज्ञापन डीपीआरओ को सौंपेगे।

### युवक ने फांसी लगा दी जान

**इटावा।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कटरा फतेह महमूद खां में घरेलू कारणों से परेशान एक युवक ने फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई। उक्त मोहल्ला निवासी संजीव कुमार 30 वर्ष पुत्र राम स्वरूप घरेलू कारणों से परेशान था। इसी परेशानी के चलते उसने अपने घर के कमरे में फंदा लगाकर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

# किसान मोर्चा व मजदूर यूनियनों ने सरकार के खिलाफ भरी हुंकार

## शहर में जुलूस निकालकर की नारेबाजी, जुलूस के आगे पीछे चलती रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** संयुक्त किसान मोर्चा एसकेएम और ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर शुक्रवार को किसानों औद्योगिक हड़ताल के तहत किसान संगठनों और ट्रेड यूनियनों ने हुंकार भरी। इन संगठनों से जुड़े किसानों मजदूरों और अस्थाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर शहर में जुलूस निकालकर जमकर नारेबाजी की। कचहरी पहुंचकर सभा की और एसडीएम सदर को ज्ञापन भी सौंपा। बड़ी संख्या में लोग लाल झंडे और बैनर अपने हाथों में लेकर नारे लगाते हुए चल रहे थे। सुरक्षा के नजरिए से पुलिस भी पूरी तरह सतर्क थी। रेलवे स्टेशन से जुलूस शुरू होने से ही पुलिस जुलूस के साथ रही।

कचहरी में सभा में संयुक्त किसान मोर्चा के नेता मुकुट सिंह ने कहा कि सभी फसलों के लिए लागत का डेढ़ गुना समर्थन मूल्य और एमएसपी की गारंटी के वादे से मोदी सरकार मुकर गई है। हरियाणा बॉर्डर पर किसानों मजदूरों पर सरकारें अंग्रेजों से भी बदतर दमन के तरीके अपना रही है। दमन से किसान आंदोलन रुकने वाला नहीं है।

उन्होंने कहा कि सरकार बिजली बिल वापसी, किसानों की कर्जा मुक्ति, महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार रोकने, किसानों की आमदनी दोगुनी करने जैसे वादों से भी मुकर गई है। का. मुकुट सिंह ने आशा रसोइयों और संगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए 26000 रुपये प्रति माह वेतन, पुरानी पेंशन बहाली, यूपी में 300 यूनिट घरेलू बिजली फ्री व किसानो को फ्री बिजली, इटावा में ऑटो-ई रिक्शों पर अवैध तहबाजारी रद करने जैसी मांगों को भी उठाया। शुक्रवार की सुबह रेलवे स्टेशन से बड़े हुजूम के साथ जुलूस झण्डा बैनरों से सुसज्जित और गगन भेदी नारों के साथ शुरू हुआ। पुलिस और प्रशासन की कड़ी घेराबंदी में जुलूस शहर में होता हुआ कचहरी पहुंचा। जहां सभा के तब्दील हो गया। सभा के बाद राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन उपजिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव को दिया गया। साथ ही जमकर नारेबाजी करते रहे।



जुलूस में शामिल किसान नेता मुकुट सिंह व अन्य। अमृत विचार

### इन नेताओं ने भरा जोश

**इटावा।** सीटू के प्रांतीय नेता अमर सिंह शाक्य, आशा कर्मचारी यूनियन यूपी की मंत्री संगीता कश्यप, किसान सभा के राज्य संयुक्त मंत्री संतोष शाक्य, बीकेयू टिकैत के जिलाध्यक्ष संजीव किसान, बीकेयू अम्बाबता के जिलाध्यक्ष रामविजय बाबा, आटो-ईरिक्शा के सत्येन्द्र प्रताप व सुधीर यादव, यूपीएमएसआरए के प्रांतीय नेता ज्वाय मुखर्जी, आशा यूनियन की जिलाध्यक्ष शकुंतला, रसोइया यूनियन की जिलामंत्री अनीता पोरवाल व उमा देवी, जय श्री, किसान सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष विश्राम सिंह यादव।

### हरियाणा बॉर्डर पर किसान आंदोलन का मुद्दा भी गूंजा

- किसान संगठनों तथा ट्रेड यूनियनों के आहवान पर शुक्रवार को ग्रामीण भारत बंद के तहत आंदोलन किया गया। इन संगठनों ने जुलूस निकालकर ज्ञापन सौंपा। खास बात यह रही कि इस सभा के दौरान हरियाणा बोर्डर पर किसानों के आंदोलन का मुद्दा भी खूब गूंजा। किसान और मजदूर नेताओं ने यह मुद्दा उठाया और केन्द्र तथा हरियाणा सरकार पर किसानों के दमन करने का आरोप लगाया। किसान नेताओ ने कहा कि हमारी मांगे जायज हैं और सरकार इन मांगों को पूरा करने के स्थान पर आंदोलन कर रहे किसानों का दमन कर रही है।

## साक्ष्यों के अभाव में हत्या का आरोपी बरी

**इटावा।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कल्पना द्वितीय ने चार साल पुराने हत्या के एक मामले की सुनवाई करते हुए साक्ष्यों के अभाव में कोर्ट ने आरोपी को बरी कर दिया।

बचाव पक्ष के वकील वरिष्ठ अधिवक्ता सुबोध चंद्र द्विवेदी ने बताया कि जसवंत नगर थाना क्षेत्र के गांव खेडा बुजुर्ग धनुआ निवासी माया नारायण चौधरी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि उसका चचेरा भाई निराकार उर्फ कृष्ण कांत गांव के ठाकुर चंद जाटव के मकान में रहते थे। 15 मई 2019 को पता लगा कि उसके घर से बदबू आ रही है। बाद में जब दरवाजा खोलकर देखा तो तख्त के नीचे उनका शव पडा था गर्दन पर चोटों के निशान थे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

छानवीन के बाद पुलिस ने गांव के ही विकास उर्फ भूरा पुत्र हरि प्रसाद के खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में पेश कर दिए। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कोर्ट में हुई। बचाव पक्ष की ओर से सुबोध द्विवेदी ने बचाव के लिए सबूत पेश किए। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने साक्ष्यों के अभाव में विकास उर्फ भूरा को बरी कर दिया।



अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते दीपक राज। अमृत विचार

# सड़क न बनने से ग्रामीणों में आक्रोश, दिया ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- मार्ग निर्माण न होने से ग्रामीणों में आक्रोश
- ग्रामीणों ने दी लोक सभा चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी

**अमृत विचार।** विकासखंड बढ़पुरा की ग्राम पंचायत शेखूपुर जखौली के ग्रामीणों ने शेखूपुर जखौली से इकदिल तक की सड़क न बनने पर आक्रोश जताया है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण न होने पर लोकसभा चुनाव का वहिष्कार करने की धमकी दी है। इस आशय का ज्ञापन भी अतिरिक्त मजिस्ट्रेट कौशल किशोर को सौपा।

ग्राम प्रधान प्रमोद कुमार, समाज सेवी दीपक राज ने बताया की बढ़पुरा विकास खंड की ग्राम पंचायत शेखुपुर जखौली से कस्बा इकदिल की दूरी लगभग चार किलोमीटर है। जहां हाट बाजार शिक्षण संस्थान ,सामुदायिक केंद्र, स्थापित हैं। गांव के निवासियों को अक्सर आना जाना पड़ता है। करीब तीन वर्ष पूर्व ईटों से बनाया गया खड़ंजा वर्तमान समय में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। इसके अलावा कोई जाने आने का कोई अन्य रास्ता भी नहीं है। आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इकदिल कस्बे से इंधौआ गांव तक मार्ग प्रधानमंत्री सड़क योजना से पक्का बन चुका है। इधौआ गांव से शेखूपुर जखौली तक लगभग दो किलोमीटर का रास्ता पूरी तरह जर्जर व क्षतिग्रस्त हो गया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पूर्व जर्जर क्षतिग्रस्त सड़क का पक्का डामरीकरण नहीं कराया गया तो तो समस्त गांव के लोग लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे।



बसरेहर ब्लाक में लगी ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन रेनगेज। अमृत विचार

# पहले से ही मिलेगी मौसम की सटीक जानकारी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- जिले में बनाए जाएंगे ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन रेनगेज
- प्राकृतिक आपदा से बचने के लिए पहले से हो सकेंगे प्रयास

**अमृत विचार।** अब जिले में ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन रेनगेज लगाए जाएंगे। इससे किसानों को काफी फायदा होगा और मौसम की पूर्व जानकारी उपलब्ध हो सकेगी। यह सौगात राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से दी जा रही है। यह जानकारी अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने दी है।

उन्होंने बताया है कि इसका सबसे अधिक फायदा किसानों और ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को होगा क्योंकि, उन्हंस अब मौसम का सटीक अनुमान पता चल जाएगा। किस इलाके में कितनी बारिश हुई है, यह भी रिकार्ड हो सकेगा। किसानों को मौसम का सटीक पूर्वानुमान बताने की तैयारी जिले में हो रही है। आपदा विभाग सभी तहसीलों में एक-एक ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन व बरसात का आंकड़ा एकत्र करने के लिए सभी ब्लॉकों में दो-दो ऑटोमेटिक रेनगेज लगाने का कार्य जोर शोर से चल रहा है।

बेमौसम बरसात के साथ ही तेज हवा भी किसानों के लिए चुनौती है। इससे खेतों में खड़ी फसल गिर जाती है और नदियों के किनारे बसे लोग विशेषकर चकरनगर एवं इटावा तहसील के कई ग्राम बाढ़ की चपेट में आ जाते हैं। आपदा विभाग मौसम की सटीक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए जिले की समस्त तहसीलों में एक-एक ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन स्थापित करा रहा है, इससे हवा की गति, बवंडर की दिशा, बारिश की तीव्रता के साथ इससे होने वाले नुकसान की जानकारी मिल सकेगी।

एडीएम ने बताया कि इस सेटअप के लगने से जिले में मौसम व बारिश का पूर्वानुमान लगाया जा सकेगा। आपदा विशेषज्ञ अवनीश दुबे ने बताया कि आपदा रोकी तो नहीं जा सकती पर यदि समय पूर्व सूचना मिल जाए तो इसका असर कम किया जा सकता है प्राकृतिक आपदाओं से जिले में हर साल भारी क्षति होती है। इसमें सबसे ज्यादा नुकसान आकाशीय बिजली गिरने से होता है। इन मौसमी आपदाओं से निपटने और समय पूर्व प्रबंधन की कवायद शुरू हो सकेगी।

## बिजली चोरी में पकड़े गए आठ उपभोक्ता

**इटावा।** बिजली चोरी को रोकने के लिए विभाग की टीम की ओर से चलाए गए अभियान में शुक्रवार को आठ उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर राजधानी से आई लिस्ट के रोस्टर अनुसार चेकिंग करने पर हाई पोटेंशियल फीडर छैराहा से संबंधित क्षेत्र छपैटी अहीरन टोला के पास से आठ लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। इनपर कार्यवाही की गई।

इन आठ लोगो को केबिल बायपास करके बिजली चोरी करते पकड़ा गया। टीम में उपखण्ड अधिकारी प्रथम पीयूष मौर्य, अवर अभियंता शिवम शर्मा, विजीलेंस प्रभारी मनोज कुमार, प्रभारी निरीक्षक गंधर्व सिंह , अनुराग त्रिपाठी मौजूद रहे ।

# ध्रुव चरित्र की कथा सुन कर श्रोता हुए भाव विभोर

संवाददाता महेवा, इटावा

**अमृत विचार।** ग्राम रतनपुर में आयोजित श्री रामकथा में कथा प्रवक्ता आचार्य भानु तिवारी ने ध्रुव चरित्र की कथा सुनाई।

राजा की बड़ी रानी का नाम सुनीति था और उनके कोई संतान नहीं थी। देवर्षि नारद रानी को बताते हैं कि यदि तुम दूसरी शादी करवाओगी तो संतान प्राप्त होगी। रानी अपनी छोटी बहन सुरुचि की शादी राजा से करवा देती हैं। कुछ समय बाद सुरुचि को एक संतान की उत्पत्ति होती है। जिसका नाम उत्तम रखा। उसके कुछ दिनों के बाद बड़ी रानी भी एक बालक ध्रुव को जन्म देती है। पांच वर्ष बाद जब राजा उत्तम का जन्म दिन मना रहे थे तो बालक ध्रुव भी बच्चों के साथ खेलता हुआ उनकी गोद में बैठ गया। जिस पर सुरुचि उठा देती है और उसे कहती है कि यदि अपने पिता की गोद में बैठना है तो अगले जन्म तक इंतजार कर। बालक ध्रुव को यह बात चुभ जाती है और वह वन में जाकर कठिन तपस्या करने लगते हैं। उसकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु उन्हें दर्शन देते हैं। उन्हें मनचाहा वरदान देने का वचन देते हैं। इस प्रसंग से यह शिक्षा मिलती है कि किसी से भेदभाव नहीं करना चाहिए। कथा के परिक्षित निखिल पाल मोनू व उनकी धर्मपत्नी अलका पाल रहीं।



कथा सुनाते आचार्य भानु तिवारी।

# बाइक की टक्कर से दो की मौत

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** बकेवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर शुक्रवार की दोपहर सड़क के किनारे जा रही एक महिला व छह माह के मासूम बच्चे को तेजी से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से महिला व बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल भिजवाया गया, जहां डाक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद भाग रहे बाइक सवार को लोगों ने पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

क्षेत्र के गांव कोठी शेरपुर निवासी महेंद्र सिंह की पत्नी मीरा देवी की भतीजी की गोपियापुर में शादी है। वह अपने परिवार की निर्मला देवी , महिमा देवी व अनामिका के साथ शादी में शामिल होने के लिए गोपियापुर जा रही थी। सभी टेंपो से गोपियापुर के सामने हाईवे पर उतर गई। सभी रोड पार रोड के किनारे खड़ी हो गई। महिमा देवी ने अनामिका के छह माह के बच्चे को अपनी गोद में ले लिया। तभी इकदिल की ओर से आ रहे बाइक सवार ने महिमा को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से महिमा मय बच्चे के सड़क पर जा गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गई। बच्चे को भी गंभीर चोटें आई। महिलाओं ने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों ने बाइक सवार को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया और दोनों घायलों को जिला अस्पताल भेज दिया। जहां डाक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दोनों की मौत होने से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।




- हाईवे पर गांव गोपियापुरा के पास हुआ हादसा

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बसरेहर, इटावा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बसगवां नहर पुल के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत हो गई। सैंफई थाना क्षेत्र के गांव नगला मठिया निवासी शिवपाल सिंह 55 वर्ष पुत्र हदय राम बाइक से अपनी ससुराल लखन पुरा भरथना ससुर की मौत हो जाने पर उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे तभी बसगवां नहर पुल के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद परिवार के लोग मौके पर आ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।

# 30 केन्द्रों में आज होगी पुलिस भर्ती परीक्षा

कार्यालय संवाददात, इटावा

**अमृत विचार।** जिले में पुलिस भर्ती परीक्षा आज व कल होगी। इसके लिए जिले में 30 केन्द्र बनाए गए हैं जिनमें 64 हजार परीक्षार्थी दो दिनों में चार पालियों में परीक्षा देंगे।

परीक्षा केन्द्र बनाए गए विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरे दुरुस्त हैं और सीसीटीवी से भी परीक्षा की निगरानी की जाएगी। इसके साथ ही सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट भी लगातार परीक्षा पर नजर रखे रहेंगे और परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करते रहेंगे। परीक्षा में मोबाइल और डिवाइस ले जाने पर कड़ी रोक रहेगी।

इस परीक्षा को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा व एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने रिजर्व पुलिस लाइन में अधिकारियों, कर्मचारियों को परीक्षा प्रबंधन के निर्देश दिए। एसएसपी ने कहा कि जिले में होने वाली उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी संवर्ग परीक्षा के संबध में पुलिस को रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंड, चौराहों एवं परीक्षा केन्द्रों के आस पास शान्ति व्यवस्था, कानून व्यवस्था व यातायात व्यवस्था सुगम व भ्रमणशील रह कर परीक्षा से संबंधित अवांछनीय तत्वो पर सतर्क दृष्टि रखनी है।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, अपर पुलिस अधीक्षक नगर, सभी क्षेत्राधिकारी एवं समस्त केन्द्र व्यवस्थापक तथा अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। इससे पहले एसपी ग्रामीण सतपाल सिंह ने पुलिस लाइन में शिक्षकों और परीक्षा में लगे पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी को लेकर जानकारी दी। उ न्होने परीक्षा से संबंधित सभी अधिकारियों और शिक्षकों को मोबाइल ना ले जाने की जानकारी दी। यह भी बताया कि जनपद में टोटल 30 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं और सभी पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगा दी गई है परीक्षा में आने जाने वाले विद्यार्थियों की चेकिंग और उनकी सुविधा के लिए व्यवस्था भी की गई है।

### 50 हजार अतिरिक्त लोगों के शहर में होने की संभावना

**इटावा।** पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर दो दिनों तक शहरी क्षेत्र में अतिरिक्त 50 हजार लोगों के आने की संभावना है। इसे लेकर प्रशासन अलर्ट पर है। एक दिन में करीब 32 हजार परीक्षार्थी जिले में परीक्षा देने के लिए आंएगे। इनमें महिल अभ्यर्थी भी शामिल हैं और स्वाभाविक है कि उनके अभिभावक भीउनके साथ होंगे। ऐसे में दोनों दिन पचास पचास हजार अतिरिक्त लोगों के शहर में आने की संभावना है, इससे भीड़ बढ़ेगी।

## सार-संक्षेप




बच्चों को योग सिखाते योग गुरु अभिषेक भदौरिया। अमृत विचार

### योग गुरु ने छात्रों को बताया योग का महत्व

**महेवा, इटावा।** भारतीय संस्कृति में योग का बहुत अधिक महत्व है। यह शरीर, मन और आत्मा को नियंत्रित करने के साथ तनाव और चिंता को दूर करता है। यह बड़ों के साथ-साथ बच्चों के लिए भी फायदेमंद होता है। महेवा स्थित अवध एकेडमी में योग सभा का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों को योग व उसके फायदे के बारे में जानकारी दी गई। नई दिल्ली स्थित भारतीय योग संस्थान से जुड़े योग गुरु अभिषेक भदौरिया ने छात्रों को योग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी । योग, आसन व व्यायाम कर सुंदर त्वचा, संतुलित वजन, मजबूत और लचीला शरीर तथा निरोग रहने के लिए योग करना अत्यंत आवश्यक है। प्रधानाचार्या डॉ. ज्योति दुल्हानी ने बताया कि योग एक कला है, जो हमारे शरीर, मन और आत्मा को एक साथ जोड़ता है। विद्यालयी शिक्षा में व्यायाम-योग बहुत ही लाभदायक होता है। इससे छात्रों के मनो-मस्तिष्क में स्थिरता आती है।

### आचार्य सन्मति सागर महाराज की जयंती मनाई

**इटावा।** आचार्य आदिसागर अंकलीकर इंटर कॉलेज में तपस्वी सम्राट आचार्य सन्मति सागर महाराज का जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम अंकलीकर वाणी मासिक पत्रिका समिति कॉलेज परासनी विजयपुरा इटावा में अध्यक्ष डा .अनिल कुमार जैन तथा प्रबंधक विशुन कुमार चौधरी ने महाराज की प्रतिमा का पंचामृत से अभिषेक किया। जिला चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरित किए। आचार्य आदिसागर अंकलीकर इंटर कॉलेज में इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने णमोकार मंत्र,वंदना तथा भजन प्रस्तुत किए। प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ .अनिल कुमार जैन ने बताया कि आचार्य सन्मति सागर महाराज ने आचार्य श्री महावीर कीर्ति जी महाराज से 18 साल की आयु में ब्रह्मचर्य व्रत लेते ही नमक का त्याग कर दिया।बाद में घी,शक्कर अन्न आदि का भी त्याग किया। इसीलिए हम उनको तपस्वी सम्राट बुलाते हैं। विद्यालय के प्रबंधक विशुन कुमार चौधरी ने कहा कि आचार्य जी युग संत है और शिक्षा व ज्ञान के क्षेत्र में उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किया। कार्यक्रम में विभा यादव, राजकिशोर वर्मा, अचला वर्मा,शिखा अग्रवाल, कंचन,चेतन सिंह,सुनील कुशवाहा, सुमित यादव,विपिन कुमार, अविनाश बाथम, शीला शर्मा,महविश नज़र, श्रोति यादव,अंशिका सक्सेना आदि उपस्थित रहे।



सन्मति सागर की प्रतिमा का अभिषेक करते पुजारी। अमृत विचार

उद्घाटन

नवनिर्मित स्वधा हॉस्पिटल का शिवपाल सिंह ने किया उद्घाटन, भाजपा पर जमकर साधा निशाना

# स्वास्थ्य, शिक्षा बेहतर होगी तो देश की तरक्की होगी : शिवपाल

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

**अमृत विचार।** बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए समर्पित स्वधा हॉस्पिटल का उद्घाटन मुख्य अतिथि सपा महासचिव शिवपाल सिंह यादव और डीसीबी अध्यक्ष आदित्य ने किया। उन्होंने कहा कि देश की तरक्की तभी संभव है जब स्वास्थ्य और शिक्षा बेहतर हो।

उन्होंने कहा कि चौ.सुघर सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन द्वारा कचौरा मार्ग रेलमंडी के सीएसएसजीआई कैम्पस में अत्याधुनिक उपकरण और सुविधाओं से सुसज्जित स्वधा हॉस्पिटल के रूप में क्षेत्र में नई उपलब्धि है। इसके लिए उन्होंने सीएसएसजीआई ग्रुप के चेयरमेन डॉ बृजेश चंद्र यादव, वाइस चेयरमेन डॉ भुवनेश चंद्र यादव, प्रबंध निदेशक अनुज मोंटी यादव को बधाई दी। कहा कि स्वधा हॉस्पिटल के बनने से क्षेत्र के लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी। उन्होंने कहा कि इलाज के लिए अन्य शहरों में किसी को जाने की जरूरत नहीं है। नगर और ग्रामीण मरीजों को अत्याधुनिक मेडिकल सुविधाएं यहां मिल सकेंगी। इस अस्पताल से गरीब निर्धन वंचित सुखी होकर यहां से जाएगा।

उन्होंने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि सपा सरकार और नेताजी ने आसपास के जिलों की सहूलियत के लिए सैफई में पीजीआई बनाया था। जिससे आसपास के लोगों को सुविधा मिल सके। अब भाजपा सरकार द्वारा अब अच्छी सुविधाओं के लिए पैसा नहीं मिल रहा है। जिससे वहां इलाज बेहतर नहीं हो पा रहा है। भाजपा सिर्फ देश को बांटने का काम कर रही है। विपक्ष को भी खत्म करना चाहती है। यह लोग संविधान में विश्वास नहीं रखते। विशिष्ट अतिथि डीसीबी अध्यक्ष आदित्य यादव ने कहा कि यह हॉस्पिटल चिकित्सा क्षेत्र में नगर व ग्रामीण अंचल के लिए वरदान साबित होगा। इस दौरान स्वधा हॉस्पिटल के एमडी अनुज मोंटी यादव ने हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में मिलने वाली सेवाओं से सभी को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि यहां स्त्री रोग,बाल रोग, पेट, आंख, नाक, कान, दांत, फेफड़े, हृदय, त्वचा, मधुमेह, क्षय, मूत्र रोग समेत डिजिटल एक्स-रे की विशेष सुविधा के साथ जनरल मेडिसिन, जनरल सर्जरी, कार्डियोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स, यूरोलॉजी, फिजियोथेरेपी आदि से जुड़ी बीमारियों का इलाज अनुभवी योग्य चिकित्सकों द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर सपा के वरिष्ठ नेता रामनरेश यादव बाबा,जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य,सप्पू यादव, राजपाल यादव,अशांक हनी यादव, विश्वनाथ प्रताप सिंह यादव,हनी यादव प्रो०अरविंद यादव,राहुल गुप्ता, ठा०अजेंद्र सिंह गौर विनोद यादव, पूर्व प्राचार्य फतेबहादुर सिंह यादव,पूर्व प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद यादव,अनिल प्रताप यादव, हाजी मोहम्मद अहसान राजीव यादव रामवीर यादव संदीप पांडे,गोपाल गुप्ता मौजूद रहे।



स्वधा हॉस्पिटल का उद्घाटन करते शिवपाल सिंह यादव और प्रो . ब्रजेश चंद्र ।

## शादी में उत्पात मचा किया घायल

**महेवा, इटावा ।** बकेवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गोपियापुर में अनुसूचित वर्ग के एक गरीब व्यक्ति की लड़की की शादी में गांव के नामजद लोगों ने रात में पहुंचकर उत्पात मचाया। ग्राम गोपियापुर निवासी मिश्रीलाल दिवाकर ने थाना प्रभारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 14 फरवरी को उसकी बेटी की शादी थी जिसका कार्यक्रम चल रहा था किसी बात को लेकर रात करीब साढ़े बारह बजे गांव के ही नामजद पांच लोग आकर उत्पात करने लगे जब उन्हें रोका तो उन्होंने पीड़ित मिश्रीलाल के ऊपर धारदार हथियार से हमला कर दिया जब उसकी भाभी रिंकी व कुछ बाराती बचाने आये तो नामजद लोगों ने उनके साथ भी मारपीट करते हुए जानमाल की धमकी देकर चले गये । पीड़ित ने थाने में जानकारी दी।

# यमुना पुल के भार परीक्षण में फंसा पेच

## भार परीक्षण के लिए धनराशि की मंजूरी न मिलने से रुका है कार्य, व्यापारियों को हो रही है परेशानी

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जिले को जालौन की सीमा से जोड़ने वाले शेरगढ़ घाट पर यमुना नदी के पुल पर भारी वाहनों के प्रवेश पर 16 दिसंबर से रोक लगी है। इस पुल की मरम्मत कर दी गई लेकिन हाटगेज लगाकर अभी सिर्फ छोटे चार पहिया वाहनों की ही आवाजाही है।कहा गया था कि पुल की मरम्मत के बाद भार परीक्षण होगा।यदि भार परीक्षण में पुल की क्षमता भारी वाहनों के लिए पाई जाएगी तो भारी वाहन पुल से आवागमन कर सकेंगे। लेकिन अभी तक भार परीक्षण के लिए शासन से धनराशि नहीं मिल सकी है। जिसके चलते भार परीक्षण नहीं हो सका। जिससे यह स्पष्ट नहीं है कि कब तक भारी वहन चलेंगे। जिसके चलते व्यापारियों को परेशानी हो रही है।क्योंकि भारी वाहनों को इस वजह से बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे पर बहुत अधिक टोल टैक्स देना पड़ता है। जबकि लोक निर्माण विभाग की तरफ से भार परीक्षण को लेकर शासन को 30 लाख रुपए का प्रस्ताव भेजा गया था।

शेरगढ़ घाट पुल से टोल टैक्स बचाने के लिए गंगा एक्सप्रेसवे के लिए हरदोई मौरंग व गिट्टी लेकर जाने वाले 800-900 ट्रक गुजरते थे। इससे पुल को नुकसान होने की आशंका जताते हुए हुए लोक निर्माण विभाग ने डीएम के के आदेश पर 16 दिसंबर 2023 को भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी थी। तभी पुल के दोनों ओर हाइट गेज लगा दिए गए थे। इससे शहर में झांसी से आने वाले मौरंग व गिट्टी समेत अन्य झांसी से मौरम व गिट्टी के ट्रक बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से घूमकर आते है। जिसके चलते गिट्टी के दाम बढ़ गए है। व्यापारी ही नहीं आम जन परेशान है। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण अभिषेक यादव ने बताया कि भार परीक्षण को लेकर शासन को प्रस्ताव भेजा गया है और जल्द मंजूरी मिलेगी।


यमुना नदी का बना पुल। अमृत विचार

### दिबियापुर नहर पुल का अप्रैल में काम हो सकता शुरू

दिबियापुर में नहर पर नया पुल बनाने का काम अप्रैल में शुरू होने की उम्मीद है। इससे पहले पुल के दोनों ओर से अतिक्रमण हटवाया जाएगा। इसके लिए अतिक्रमण करने वालों को जल्द ही नोटिस जारी किए जाएंगे। लोक निर्माण विभाग से शासन को भेजे गए नए पुल निर्माण के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। इसके बाद उसके निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है। वहा अप्रैल में निर्माण शुरू कराने के लिए विभाग के अधिकारी तैयारी कर रहे हैं। इसको लेकर सिंचाई विभाग व लोक निर्माण विभाग के बीच बातचीत हो चुकी। यह पुल 280 लाख रुपये खर्च किए जाने हैं। यहां पर भी भारी वाहन नहीं जा रहे है। जिससे लोगों को परेशानी हो रही है।

### अछल्दा नहर पुल को बजट का इंतजार

अछल्दा में नहर पुल की हालत ठीक न होने पर करीब दो माह पूर्व भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई थी। इसके निर्माण के लिए पहले नाबार्ड से प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। लेकिन इसकी मंजूरी नहीं मिल सकी है। इसके बाद लोक निर्माण विभाग ने जर्जर पुल कार्ययोजना के तहत दोबारा से यह प्रस्ताव भेज दिया है। इसके बाद अब उम्मीद जताई जा रही है कि नए वित्त वर्ष में इस पुल के निर्माण के लिए मंजूरी मिल जाएगी। दो महीने से भारी वाहन न आने से व्यापार प्रभावित हो रहा है। साथ ही भारी वाहन चक्कर काट कर जा रहे हैं। यह पुल करीबन तीन करोड़ की लागत से बनने जा रहा है। इसके अलावा दिबियापुर नहर पुल का को काम अप्रैल महीने में शुरू होने की उम्मीद है।

पुल के शुरू न होने से कारोबार बुरी तरह प्रभावित है। हम लोगों को वाहन बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से गुजर कर आ रहे है और टोल देना पड़ रहा है।

– अमर विश्नोई, व्यापारी





सामान से भरे ट्रकों को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से होकर आना पड़ रहा है। शहर में पांच हजार व्यापारी है, जिनको परेशानी हो रही है। इसमें कई का सामान झांसी से उरई होते हुए शहर में आता है। साथ ही दिबियापुर जाता है। जिसके चलते उनको टोल टैक्स और अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ रहा है।

– बबलू बाजपेई, जिलाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मेडल मिश्रा गुट

# पंचायत भवन में बनेंगे डिजिटल पुस्तकालय

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** बीहड़ क्षेत्र के ग्रामीणों व प्रतियोगी समेत अन्य परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए शासन से एक और सुविधा मिलने जा रही है।

सरकार उनके लिए पंचायत स्तर पर डिजिटल पुस्तकालय बनाने जा रही है। इसके लिए ग्राम पंचायतों में स्थित पंचायत भवन पर ही डिजिटल पुस्तकालय बनाने का फैसला किया गया है। अब इन पुस्तकालय के लिए संसाधन जिला प्रशासन जुटा रहा है। गांवों में रहकर ही युवा प्रतियोगी व अन्य परीक्षाओं की तैयारी कर सकें और इसके लिए उन्हें बेहतर सामग्री मिल सके। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल पुस्तकालय बनाए जाने की योजना तैयार की है। इसके खुलने से गांव के युवकों को परीक्षाओं की तैयारी करने में आसानी होगी। उन्हें शहर के चक्कर नहीं लगाने होंगे। जिले में पंचायत स्तर पर पंचायत भवन में ही 286 पुस्तकालय बनाने जा रही है। जिसको लेकर जगह को चिन्हित कर लिया गया है। अब प्रशासन की तरफ से आगे की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। जिसमें कंप्यूटर लगाए जाएंगे, उसमें अलग-अलग तरह के एप होंगे, साथ ही एलईडी आदि लगाई जाएंगी।

आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा पुस्तकालय डिजिटल पुस्तकालय में प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित सभी तरह की पठनीय सामग्री होगी। इसमें वाई-फाई समेत कई अन्य सुविधाएं व भी होंगी। इसके अलावा कई प्रकार की डाक्यूमेंट्री, साहित्यिक किताबें भी प रहेंगी। जिनको विद्यार्थी आनलाइन क पढ़ सकेंगे। हालांकि अभी शासन स्तर त डिजिटल पुस्तकालय की रूपरेखा मी बनाई जा रही है।



अजीतमल में बना पंचायत भवन।

डिजिटल पुस्तकालय को लेकर तैयारियां चल रही हैं, पंचायत भवन में बनाया जाएगा। जल्द ही यह सुविधा शुरू होंगी।

–अनिल कुमार सिंह, सीडीओ

## संचालक पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**बिधूना, औरैया।** एक दलित महिला ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि बीती रात वह 10 बजे एक होटल के पास से गुजर रही थी तभी होटल संचालक व उसका एक साथी उसे होटल के अंदर ले गये और दुष्कर्म किया।

## भर्रापुर हसनपुर को 95 रनों से हराया

**फफूंद, औरैया।** फफूंद-अछल्दा मार्ग पर स्थित मां आर.के देवी महाविद्यालय टीकमपुर के परिसर में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में भर्रापुर टीम ने हसनपुर टीम को 95 रनों से हराया। भर्रापुर टीम ने 10 ओवर में 150 रन का लक्ष्य दिया। जिसमें हसनपुर टीम ने 55 रन ही बना पाई, जिसमे भर्रापुर विजयी हुयी। मैन ऑफ द मैच सुमित कुशवाहा रहे, जिन्होंने 30 रन बनाए और 2 विकेट लिए। कमेटी अध्यक्ष प्रदीप राजपूत, साजन राजपूत, विकास राजपूत , दीपू राजपूत, चंदन कुशवाहा,विशाल रंजन त्रिपाठी, स्नेहिल दीक्षित , जगजीत,सुमित, विवेक, प्रियांशु, शिवा, नितिन, अवधेश आदि मौजूद रहे।

# अब लाभार्थी के साथ चार गवाह भी आएंगे

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- समाज कल्याण विभाग की ओर से जारी की गई एडवाइजरी
- बलिया की घटना के बाद एक-एक आवेदन के साथ जोड़ा जाएगा नाम

**अमृत विचार।** जिले में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में आवेदन करने वाले लाभार्थियों के साथ अब गांव के चार गवाहों का नाम भी जोड़ा जाएगा। जिससे सत्यापन में अपात्र होने पर गवाह भी कार्रवाई की जद में आएंगे। बलिया की घटना के बाद समाज कल्याण विभाग नई व्यवस्था के तहत आवेदन ले रहा है। इसके लिए ब्लॉकों को एडवाइजरी जारी की गई है।

गरीब बेटियों के साथ पीले करने के लिए प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना शुरू की है। इसमें आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को बेटियों की शादी की जाती है। जिसमें कन्या के खाते में 35 हजार भेजने के साथ दस हजार रुपये का उपहार दिया जाता है। इसके अलावा शादी समारोह पर दस हजार खर्च होता है। बलिया के मनियर ब्लॉक में सामूहिक विवाह में धांधली से शासन स्तर पर खलबली मच गई है। उस घपले की जांच जिले में भी देखने को मिल रही है। भविष्य में धांधली न हो इसलिए आवेदन लेते समय ही कई व्यवस्थाएं शुरू की गई हैं। लाभार्थी के आवेदन के समय गांव के ही चार गवाहों का नाम भी लिखा जाएगा। उनका मोबाइल नंबर और ग्राम प्रधान का नंबर भी आवेदन संग दर्ज किया जाएगा। इसके अलावा पूर्व की तरह सचिव, ब्लॉक स्तर पर सत्यापन पहले की तरह ही किया जाएगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ.इंदिरा सिंह ने बताया कि बलिया की घटना की लेकर शासन गंभीर है। भविष्य में होने वाले सामूहिक विवाह में आनलाइन आवेदनों का भौतिक सत्यापन पहले की तरह ही किया जाएगा। इस लाभार्थी के आवेदन संग चार गवाहों के नाम भी अंकित होंगे। जिससे अगर सत्यापन में आवेदक अपात्र मिलेता तो गवाहों से भी पूछताछ होगी।

### 19 फरवरी को होगा सामूहिक विवाह का आयोजन

**औरैया।** समाज कल्याण विभाग को शासन से सामूहिक विवाह योजना के तहत इस वर्ष 1019 जोड़ों का की शादी का लक्ष्य मिला है। जिसमें अभी तक 501 जोड़ों की ही शादी हो सकी है। समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि 19 फरवरी को ककोर स्थित तिरंगा मैदान पर सामूहिक विवाह योजना के तहत समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें सभी नगर निकायों के साथ-साथ ब्लॉकों से आवेदन मांगे गए हैं। कार्यक्रम की सफलता को लेकर तैयारियां चल रही हैं।

## हादसे में कार सवार घायल

**अजीतमल, औरैया।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत इटावा कानपुर एनएच 19 हाईवे पर अमावता कट से निकल रहे टैक्टर में कार की भिड़ंत हो गई। जिसमें कार सवार गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया।

कानपुर नगर निवासी इमरान पुत्र अब्दुल अपने अन्य साथियों के साथ शुक्रवार को कार द्वारा कानपुर से इटावा की ओर जा रहा था। जैसे ही अजीतमल क्षेत्र के अमावता मोड़ पर पहुंचा तो कट से रोड पार कर रहे ट्रैक्टर से कार की भिड़ंत हो गई। जिसमें कार चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया वहीं दुर्घटना करके ट्रैक्टर को चालक भगा ले गया।

हाईवे एंबुलेंस से उसे सी एच सी अजीतमल भेजा गया। जहां प्राथमिक उपचार देकर सैफई रेफर कर दिया गया।

# मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

संवाददाता, फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में दस दिन पूर्व जुआ पुल पर अज्ञात वाहन द्वारा बाइक में टक्कर मारने से गंभीर घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई।

गांव केशमपुर पसईपुर निवासी 18 वर्षीय अंशु कुशवाह बीती छह फरवरी को गांव निवासी आशीष और अंकुश के साथ बाइक पर मौजमपुर में एक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। जहां से देर रात वापस आते समय फफूंद क्षेत्र के जुआ पुल के पास बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिससे बाइक सवार तीनों युवक घायल हो गए थे। परिजन घायलों को अस्पताल ले गए। जहां उन्हे सैफई रेफर कर दिया गया। 10वें दिन गुरुवार रात इलाज के दौरान अंशू कुशवाह की मृत्यु हो गई। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया ।


रोते-बिलखते परिजन।

### बाइकों की भिड़ंत में घायल

**अजीतमल, औरैया।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत अमावता सिकरोड़ी रोड पर बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई, इसमें तीन लोग घायल हो गये। हादसे में 22 वर्षीय अंकित व दीपक पुत्र बलवीर निवासी ग्राम करहाता थाना कुदरकोट घायल हो गये। वहीं, दूसरी बाइक पर सवार आलोक कुमार पुत्र देवेंद्र कुमार शर्मा घायल हो गये। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां अंकित की हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया।

## दो कार डिवाइडर से टकराई, दो घायल

**ऐरवाकटरा, औरैया।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे की माइल संख्या 138 पर गुरुवार आधी रात को लखनऊ की ओर से आ रही इनोवा कार अनियंत्रित होकर दाएं साइड पर लगे डिवाइडर से टकराकर पलट गई। वहीं, पीछे से आ रही कार अनियंत्रित होकर बाए तरफ डिवाइडर से टकरा गई। यूपीडा के सुरक्षाकर्मी एवं चौकी प्रभारी उमरैन ने हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचकर घटना में घायल दो लोगों को आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई भेजा।

थाना प्रभारी निरीक्षक संतकुमार पटेल ने बताया कि बीती रात्रि आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे की माइल संख्या 138 पर थानाक्षेत्र की सीमा के नगला दौलत गांव के सामने हुई। घटना की जानकारी होने पर मौके पर पहुंच तत्काल घायल गोरखपुर थाना खोशपार क्षेत्र के सहारा स्टेट निवासी रवि कृष्णा पांडेय एवं कानपुर देहात के अकबरपुर निवासी आयुष तिवारी को घायलावस्था में उपचार के लिए यूपीडा की एम्बुलेंस की मदद से उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई भेजा। वही इनोवा सवार मथुरा के मोहल्ला बोर नगर निवासी राहुल सिंह वृदावन के पत्थरपुरा निवासी शशांक एवं मथुरा के ब्रह्मकुंड निवासी गोपाल कृष्णा ने हल्की चोट होने के चलते स्वयं दूसरी गाड़ी मंगवाकर अपने घर वापस चले गए। दोनों ही वाहन लखनऊ की ओर से आ रहे थे। एक्सप्रेसवे सुरक्षा अधिकारी मनोहर सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को मिनी पीजीआई सैफई उपचार के लिए भेजा गया और दोनों कारों को क्रेन से आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे की कुदरैल पुलिस चौकी पर पहुंचाया।

# याद किये गये बंजारा आराध्य गुरु सेवालाल

संवाददाता, फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** ब्लाक भाग्यनगर के अंतर्गत ग्राम साहब नगर व लक्षणपुर और रामपुर अड्डा में बंजारा समाज के आराध्य गुरु सेवालाल महाराज जी को पुष्प अर्पित कर 285 वीं जयंती धूम धाम से मनाई गई।

सैकड़ों लोगों ने पुष्प अर्पित कर संत सेवालाल महाराज जी को याद किया। सपा प्रदेश सचिव नीरज नायक ने कहा बंजारा समाज के गुरु संत सेवालाल महाराज जी 15 फरवरी 1739 को कर्नाटक के शिवमोग्गा जिले के सुरगोडनकोप्पा में जन्म हुआ था। नायक जी ने कहा बंजारा समाज के व्यक्ति एक दूसरे से जब भी मिला करें तो जय सेवालाल कहकर के अपने महापुरुष का मान बढ़ाया करें। बंजारा समाज के सदैव उत्थान के लिए प्रयास करने वाले बंजारा समाज के मसीहा समाज सुधारक व एक गुरु के रूप में भी जाने जाते थे। समाजवादी बाबा साहब आंबेडकर वाहिनी के प्रदेश सचिव नीरज नायक ने समस्त ग्रामीण लोगों से कहा कि आप सब लोग अपने-अपने बच्चों को अच्छे स्कूलों में एडमिशन करा कर शिक्षित बनाने का कार्य करें। इस मौके पर अतर सिंह नायक, सपा जिला अध्यक्ष सर्वेश बाबू गौतम, ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश नायक, वीरेंद्र राजपूत रहे।


जयंती पर पुष्प अर्पित करते सपाई। अमृत विचार

## दो युवकों को रॉड मारकर किया घायल

**औरैया।** कोतवाली क्षेत्र के हाईवे रोड भीखमपुर दयालपुर के समीप बाइक मैकेनिक की दुकान पर शुक्रवार की दोपहर कुछ लोगों ने बाइक दुकान के सामने खड़ी कर दी। जिस पर दुकान पर मौजूद दो सगे भाइयों ने बाइक दुकान के सामने से हटाने के लिए कहा। उसी समय दबंगों ने दोनों भाइयों को लोहे की रॉड मार कर जख्मी कर दिया।

कस्बा खानपुर निवासी फैयाज खांन स्थानीय हाईवे रोड भीखमपुर दयालपुर के सामने मोटर साइकिल रिपेयरिंग की दुकान किए हुए हैं। शुक्रवार की दोपहर करीब 11 बजे उसका पुत्र फारूख 18 वर्ष व मुरसलीव 24 वर्ष दुकान पर थे। उसी समय हिमांशु बिहारी एवं उसका साथी सूरज आ गए और बाइक को दुकान के सामने खड़ी कर दी। युवकों ने दुकान के सामने से बाइक हटाने के लिए कहा। उसी समय नामजाद एवं तीन अज्ञात लोग उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। जब उसने गालियां देने का विरोध किया, उसी समय नामजद व अज्ञात लोगों ने लोहे की रॉड मारकर दोनों भाइयों को जख्मी कर दिया। मामले की रिपोर्ट लिखने के लिए कोतवाली में तहरीर दी गई है।

## सार-संक्षेप



शिविर के दौरान जानकारी देते पीएलवी। अमृत विचार

### लोगों को दी गई विधिक जानकारी

**औरैया।** सदर विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम जैतापुर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में विधिक एवं सरकार द्वारा चलाई जा रहीं जन कल्याणकारी योजनाअओं की जानकारी दी गई। इसके साथ ही राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार प्रसार भी किया गया। शिविर का उद्घाटन विद्यालय की प्रधानाचार्य रजनी सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय में बच्चों को दी जाने वाली शिक्षा एवं सुविधाअओं आदि के बारे में जानकारी दी। पीएलवी रविदत्त ने किशोर न्याय, लिंग असमानता, नालसा स्कीम आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पैनल अधिवक्ता दीप चन्द्र ने पॉक्सो एक्ट की जानकारी दी। डॉ. शिव मोहन वर्मा ने सर्वाइकल कैंसर आदि के सम्बंध में जानकारी देकर इसमें सावधानी बरतने की अपील की। पीएलवी पायल राठौर ने राष्ट्रीय लोक अदालत की विस्तार से जानकारी देकर लाभ उठाने की अपील की। किरन चौहान ने घरेलू हिंसा आदि के सम्बंध में जबकि बीएचडब्लू सुनीता ने टीकाकरण आदि के सम्बंध में जानकारी दी। इसके साथ ही राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार प्रसार किया गया। शिविर में पीएलवी मीनाक्षी दुबे, जुबली, मयंक पुरवार, आले हसन, उपासना गुप्ता, करुणा, ममता देवी, गीता, लक्ष्मी, ज्ञानमती, ज्योति, हीरा शुक्ला, बहादुर सिंह प्रजापति आदि मौजूद रहे।

### नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की...

**अछल्दा, औरैया।** कस्बा के रमनगरा में चौथे दिन आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एवं ज्ञानयज्ञ में शुक्रवार को भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की कथा सुनाई गई। कथा के दौरान स्वामी जागेश्वर चैतन्य द्वारा प्रस्तुत नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की भजन पर भक्त झूमने को मजबूर हो गए। आचार्य ने बड़े मनोहारी ढंग से कृष्ण जन्म की कथा सुनाई। आचार्य ने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अत्याचार बढ़ता है। अर्धम का बोलबाला होता है तब-तब प्रभु को मानव शरीर में पृथ्वी पर अवतार लेना पड़ता है। उन्होंने बताया कि जब पृथ्वी पर कंस का अत्याचार बढ़ गया तो भगवान श्रीकृष्ण ने अवतार लिया। नन्हे कान्हा के स्वरूप पर पुष्प वर्षा कर प्रसन्नता प्रकट की। कथावाचक ने कहा कि भगवान जैसी दिव्य गुणी संस्कारित संतान की इच्छा रखने वाले माता-पिता स्वयं को राजा दशरथ, कौशिल्या, सुमित्रा, अनुसुइया आदि जैसे गुणों को जीवन में धारण करें। तब उनकी कामना जरूर पूरी होगी। इस दौरान आयोजक देवेंद्र यादव,अरविंद यादव,कीरत यादव,शिवम यादव,पिंटू, सत्येंद्र और भक्त मौजूद रहे।


कथा सुनाते आचार्य।

**जानकारी** — चने की फसल को फली छेदक कीट से बचाने के लिए जारी की एडवाइजरी, चने में होता है कैल्शियम, आयरन, विटामिन और कार्बोहाइड्रेट

# चने की फसल को कीटों से बचाने के लिये करें दवा का छिड़काव

संवाददाता, ककोर, औरैया

**अमृत विचार।** जिले के कृषि विज्ञान केंद्र के फसल सुरक्षा वैज्ञानिक ने चने की फसल को फली छेदक कीट से बचाए किसानों के लिए एडवाइजरी जारी की है।

डॉ. सिंह ने बताया कि चना देश में उगाई जाने वाली दलहनी फसलों में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इसमें कैल्शियम, आयरन, विटामिन और कार्बोहाइड्रेट पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। शरीर में होने वाली रक्त की कमी, कब्ज, मधुमेह और पीलिया जैसे रोगों में चना बहुत असरकारक सिद्ध होता है। डॉ. सिंह ने बताया कि प्रदेश में चने का क्षेत्रफल लगभग 627 हजार हेक्टेयर है। उन्होंने बताया कि चने की फसल में यदि फली छेदक कीट का नियंत्रण समय पर नहीं किया जाता है तो पैदावार में लगभग 50 से 60 प्रतिशत तक का नुकसान हो जाता है। कहा कि चने का फली छेदक कीट शुरुआत में पत्तियों को खाता है। इसके बाद फली लगने पर उन में छेद कर दानों को खोखला कर देता है। इससे दाना नहीं बन पाता व फसल खराब हो जाती है। उन्होंने इसके जैविक नियंत्रण हेतु किसानों को सलाह दी है कि फरवरी माह में 5 से 6 फेरोमेन ट्रैप प्रति हेक्टेयर लगा दे। एक या एक से अधिक फली छेदक कीट की तितलियां आने पर दवा का छिड़काव करना है। इसके लिए चना फसल में 50 फूल आने पर एनपीबी 250 एल.ई.एक मिलीलीटर दवा प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव कर दें। 15 दिन बाद बीटी 750 मिली लीटर प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें अथवा 50 फूल आने पर 700 मिलीलीटर नीम का तेल प्रति हेक्टेयर घोल बनाकर छिड़काव कर दें। डॉक्टर सिंह ने बताया कि रासायनिक नियंत्रण के लिए इंडोक्साकार्ब 14.3 एससी एक मिलीलीटर दवा प्रति लीटर पानी में घोलकर या इमामेक्टिन बेंजोएट 5 एसजी 0.5 ग्राम दवा प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।


जानकारी देते डा. सिंह।

### 21 को होगा किसान दिवस

**औरैया।** उप कृषि निदेशक प्रदीप कुमार ने बताया कि पूर्व की भांति प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को शासन के निर्देश में किसान दिवस का आयोजन डीएम नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में किया जाता है। 21 फरवरी को विकास भवन ककोर के सभागार में किया जाएगा। किसान दिवस में कृषि क्षेत्र से जुड़े विभागों के अधिकारियों एवं कृषि वैज्ञानिकों द्वारा कृषको की कृषि से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया जाएगा तथा विभागों में संचारित योजनाओं एवं कृषि की नवीनतम तकनीकी जानकारी से कृषकों को अवगत कराया जाएगा।

# मशरूम की खेती के बताये गुर

संवाददाता, अजीतमल, औरैया

**अमृत विचार।** जनता महाविद्यालय अजीतमल में दो द्विवसीय राष्ट्रीय सेमिनार के दूसरे दिन शुक्रवार को मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. कौशल किशोर चंद्र शेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय कानपुर ने कृषि संसाधन संरक्षण के विभिन्न तकनीक को आज के परिवेश में बताया कि वर्षा जल संचयन मृदा संरक्षण एवं प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग किया जाना चाहिए।

डॉ. जितेंद्र सिंह सक्षम भारतीय फाउंडेशन इटावा ने बताया कि हमारा संगठन किसान उत्पादक संगठन है। राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे जो शेष जमीन है उसका कैसे सदुपयोग किया जाए, इस पर विस्तार से चर्चा की। जनता कॉलेज बकेवर इटावा के डॉ मनोज यादव ने कृषि अवशेष का बेहतर प्रबंधन के लिए मशरूम की खेती की उपयोगिता के बारे में अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। डॉ. संतोष सिंह चंदेल ने मृदा स्वस्थ्य पर शोध पत्र के माध्यम से मृदा में हो रहे परिवर्तन तथा उसमे सुधार के बारे में व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ. राजीव कुमार जनता महाविद्यालय अजीतमल ने बताया कि सब्जी में विभिन्न चिक्तसीय गुण होते है । शोध छात्रों के रूप में मो आमिर, विवेक कुमार और सक्षम मिश्रा ने भी आज की राष्ट्रीय संगोष्ठी में अपना अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय संगोष्ठी में पोस्टर प्रदर्शन के रूप में सौरभ तिवारी, राहुल कुमार, विकास सिंह ने अपना अपना प्रदर्शन किया। पोस्टर प्रदर्शनी में निर्णायक की भूमिका में डॉ पंकज द्विवेदी, डॉ अमित सिंह, डॉ आदित्य कुमार एवं डॉ संतोष ने निरीक्षण कार्य किया।


सेमिनार के दौरान मौजूद लोग। अमृत विचार

# पंचनद के तट पर सजी साहित्य और कला की महफिल

## चंबल साहित्य महोत्सव शुरू : कार्यक्रम में पहुंचे हैं बड़े-बड़े साहित्यकार व फिल्मी लोग, 18 फरवरी तक चलेगा महोत्सव

**कार्यालय संवाददाता, औरैया**

**अमृत विचार।** चंबल लिटरेरी फेस्टिवल (चंबल साहित्य महोत्सव) का आयोजन शुक्रवार से शुरू हो गया है। चंबल संग्रहालय और द ऐंट्स का संयुक्त तत्वावधान में हो रहा तीन दिवसीय चंबल साहित्य महोत्सव 18 फरवरी तक चलेगा। पहले दिन महोत्सव में कवियों, साहित्यकारों, लेखकों, अभिनेताओं और पत्रकारों की महफ़िल सजी। इस मौके पर कला और साहित्य को बढ़ावा देने के साथ ही चंबल के कल, आज और कल पर चर्चा की गई। आयोजन स्थल पर किताबों के स्टॉल लगाये गए। महोत्सव में कई राज्यों के बुद्धिजीवी हिस्सा लेने पहुंचे हैं।

चंबल साहित्य महोत्सव की शुरुआत दीपोत्सव कर की गई। चंबल साहित्य महोत्सव की पुस्तिका भी जारी की गई है। इसके साथ ही साहित्य में बीहड़ और बीहड़ में साहित्य को लेकर चर्चा होगी। फ़िल्म स्क्रीनिंग एवं सांस्कृतिक संध्या- शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक चली।



दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन करते अतिथि। अमृत विचार

**पंचनद 'कल, आज और कल' चर्चा हुई:** पंचनद 'कल, आज और कल' चर्चा के दौरान दिल्ली से पहुंचे पर्यावरण शोधकर्ता, डॉक्यूमेंट्री मेकर, लेखक-फिल्मकार विद्या भूषण रावत ने कहा कि चंबल के पंचनद के किनारे साहित्य और कला की बातें और माहौल बेहद सुकून देने वाला है। दिल्ली जैसी जगहों से चंबल को डकैतों की कहानियों के साथ ही याद किया जाता है, लेकिन इसके उलट ये माहौल बेहद अद्भुद है। बॉलीवुड ने चंबल का पूरा सच नहीं दिखाया।

**साहित्य से जुड़ें यहां के युवक:** देवेंद्र सिंह चौहान भिंड ने कहा कि इस इलाके का इतिहास तो महाभारत और भीम से भी जुड़ा है। साहित्यकार, कवि इस अंचल की जान रहे हैं। साहित्य भी यहां के पानी में है। इतने स्वतंत्रता सेनानी यहां रहे हैं।

प्रवीण परिहार, भिंड ने कहा कि चंबल को इतिहास में ठीक से जगह नहीं मिली। आज के समय में युवाओं को साहित्य से जुड़कर चंबल की तासीर को समझने, पढ़ने की ज़रूरत है।



साहित्यतिक पुस्तकों के स्टॉल का निरीक्षण करते अतिथि। अमृत विचार

### पंचनद है बेहद ख़ास

धीरज कुमार समाजसेवी फतेहपुर, सुनील शर्मा और धीरेंद्र भदौरिया ने कहा कि पंचनद दुनिया की इकलौती ऐसी जगह है जहां पांच नदियों का संगम है। यहां चंबल और साहित्य पर सकारात्मक बात होना आश्चर्यजनक है। चंबल साहित्य महोत्सव के आयोजक डॉ. शाह आलम राना ने कहा कि चंबल साहित्य का मकसद न सिर्फ चंबल और पचनद से लोगों को परिचित कराना ही है। बल्कि इसके बारे में लोगों को बताना भी है।

### चंबल की तपिश हो महसूस

कानपुर के पत्रकार अनिल सिन्दूर ने कहा कि चंबल का इतिहास सिर्फ डकैतों वाला नहीं है, बल्कि इसके पहले और इसके बाद के समय को भी याद रखना चाहिए. चंबल में कई बड़े बुद्धिजीवी और क्रन्तिकारी जन्मे। चंबल की तपिश डकैतों के इतर भी महसूस करना चाहिए।

### चंबल का इतिहास किसने चुराया

सूरज रेखा त्रिपाठी ने कहा कि चंबल के डकैतों के किस्से आज की मीडिया पर भरे पड़े हैं, लेकिन चंबल के क्रांतिकारियों का इतिहास किसने चुरा लिया। चंबल के बाहर चंबल को लेकर और चीज़ों पर बात तभी होगी जब जंगल के बीच पंचनद जैसी जगह पर ऐसे साहित्य महोत्सव होंगे।

### चंबल के बहुत से सकारात्मक पक्ष

दूसरे सत्र में वरिष्ठ पत्रकार केपी सिंह ने कहा कि चंबल के डकैतों का एक साहित्यिक पक्ष भी था. पान सिंह तोमर जैसे बागी थे, जिनके बहुत से सकारात्मक पक्ष थे। वह एक समय धावक के रूप में पूरी दुनिया में छाये रहे। इतना बड़ा इलाका है, चंबल को तो अलग प्रान्त होना चाहिए।

### ये है दूसरे दिन का कार्यक्रम

दूसरे दिन 17 फरवरी को लेखन एवं कहानी कहने की कार्यशाला सुबह 10 से 11 बजे तक, स्वाभाविक सौंदर्य का पर्याय चंबल पर चर्चा सुबह 11 से 1 बजे तक, ब्रेक के बाद चंबल का सामाजिक तानाबाना पर चर्चा दोपहर 2 बजे बजे 4 बजे तक होगा. इसके बाद संगीतमय शाम 5 बजे से 8 बजे होगी।

# नौकरी मिलने पर 152 युवाओं के खिले चेहरे

**कार्यालय संवाददाता, औरैया**

- अछल्दा ब्लाक परिसर में आयोजित हुआ कार्यक्रम
- निशुल्क प्रशिक्षण के संबंध में छात्रों को दी जानकारी

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, जिला सेवायोजन और राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में बेरोजगार युवाओं को नौकरी देने के लिए ब्लाक स्तर पर रोजगार मेला (फेस-टू) का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को अछल्दा ब्लाक परिसर में आयोजित मेला में युवाओं की भीड़ उमड़ी। रोजगार पाकर उनके चेहरे पर मुस्कान देखने को मिली। मेला में 152 युवाओं को रोजगार दिया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन ब्लाक प्रमुख अछल्दा शरद कुमार सिंह राणा ने दीप प्रज्वलित कर लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में देश और उत्तर प्रदेश दोनों की तस्वीर बदल रही है। भाजपा सरकार में सबसे अधिक बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने का काम किया गया है। जो निरंतर जारी रहेगा। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के जिला कौशल प्रबंधक अतुल सिंह ने बताया कि ब्लाकों में आयोजित हो रहे रोजगार मेला कौशल विकास मिशन के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है। जिसका वह लाभ उठाएं। बताया कि मेला में 329 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। औरैया, दिल्ली, कानपुर, लखनऊ, कन्नौज आदि स्थानो से आईं आठ कंपनियों के प्रतिनिधियों ने सभी का साक्षात्कार लिया। इस दौरान 152 युवाओं का नौकरी के लिए चयन हुआ। जिन्हें आफर लेटर भी प्रदान किए गए और उन्हें शीघ्र नौकरी ज्वाइन करने के लिए कहा गया है। जिला समन्वयक संजीव कुमार ने कहा कि जिन युवाओं का आज चयन नहीं हो सका है। उसका फीडबैक लेकर उनके स्किल के अनुसार उन्हें भी रोजगार दिलाने का कार्य शीघ्र किया जाएगा। कार्यक्रम को नगर पंचायत अध्यक्ष अछल्दा अरुण कुमार दुबे व विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया। इससे पहले युवाओं को प्रमाण पत्र का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रमोद कुमार, अजय कुमार, रमेश कुमार आदि ने सहयोग प्रदान किया।



मौजूद युवाओं की भीड़। अमृत विचार

# संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर भाकियू ने किया प्रदर्शन

**संवाददाता, बिधूना, औरैया**

- सात सूत्रीय मांगों को लेकर प्रधानमंत्री को संबोधित तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार।** संयुक्त किसान मोर्चा के भारत बंद के आह्वान पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा शुक्रवार को किसानों की सात सूत्री मांगों को लेकर बिधूना नगर की सड़कों व तहसील कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करपीएम को संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा।

इस मौके पर संबोधित करते हुए भाकियू टिकैत के जिलाध्यक्ष विपिन कुमार राजपूत ने कहा कि सरकार लगातार किसानों के हितों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने कहा कि देश के 140 करोड़ लोगों को अन्न खिलाने वाला किसान आज सबसे ज्यादा दुखी है ऐसे में किसानों को भी अपने हक अधिकार के लिए एकजुट होना पड़ेगा। जिलाध्यक्ष श्री राजपूत ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा अब चुप नहीं बैठेगा और अपनी सात सूत्रीय मांगे पूरी न होने तक संघर्षरत रहेगा। भाकियू द्वारा पीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार रणवीर को सौंपा गया। इस मौके पर भाकियू टिकैत के जिलाध्यक्ष विपिन राजपूत सुभाष यादव प्रवीन कुमार यादव, सरोजनी देवी, राजेंद्र प्रसाद, आदेश कुमार मानसिंह, श्रीराम कुशवाहा, गुरबक्श पाल, ध्यान सिंह, केशव सिंह, रामलाल, भारत सिंह आदि प्रमुख किसान नेताओं के साथ भारी संख्या में किसान मौजूद थे। इससे पूर्व भाकियू द्वारा झंडे बैनर लेकर बिधूना नगर की सड़कों पर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

## सार-संक्षेप



भाजपा में शामिल हुए सपाइयों का स्वागत करते भाजपा जिलाध्यक्ष भुवनप्रकाश।

### तमाम सपाई साइकिल छोड़कर हुए भाजपाई

**ककोर, औरैया।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में चुनाव को लेकर जिला स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक आयोति की गई। वहीं, अन्य दलों से आए कार्यकर्ताओं का स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने कहा कार्यकर्ता लगन और निष्ठा से समर्पित भावना से भारतीय जनता पार्टी के लिए कार्य कर रहे हैं। उनसे अपील है कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को गांव स्तर पर पहुंचाने और अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ दिलाए जाने हेतु कार्य करें। जिससे योजनाओं का पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जा सके सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को जन-जन तक प्रसारित करें। इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री योगी का सपना साकार हो सके और भारतीय जनता पार्टी अपने हिंदुत्व के रास्ते पर चलकर भारत को विश्व गुरु बनाए जाने के लिए सपना साकार हो सके। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला स्तरीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वरिष्ठ सपा नेता धीरेंद्र पांडेय व जगत सिंह ने भारतीय जनता पार्टी में आस्था व्यक्त करते हुए भाजपा में आने का ऐलान किया जिला अध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, जिला महामंत्री कौशल राजपूत ने दोनों लोगों की भाजपा की पट्टिका पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष श्रीराम मिश्रा, अमरचंद राठौर, विशाल दुबे, जगमोहन सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।



समीक्षा बैठक के दौरान मौजूद चिकित्सक।

### महिलाओं के लिये वरदान है मातृ वंदना योजना

**अछल्दा, औरैया।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. जितेंद्र यादव की अध्यक्षता में ब्लॉक क्षेत्र की समस्त एएनएम समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना कार्य की स्थलीय समीक्षा की गई, सभी अभियानों पर सफलतापूर्वक कार्य करने पर चर्चा हुआ। फॉर्मेट के आधार पर शत प्रतिशत क्रियान्वयन एवं रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ जितेंद्र यादव ने बताया कि यह योजना गर्भवती महिलाओं के लिए बहुत लाभदायक साबित हुई है। इस योजना के तहत पहली बार गर्भवती महिलाओं को पांच हजार रुपये अनुदान सहयोग राशि दी जाती है। इस योजना को जनजन तक पहुँचाना है। इसमें सभी की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के चिकित्सा अधीक्षक ने अपने यहाँ चल रहे इस कार्यक्रम से सम्बन्धित समस्याओं और उसमें आ रही दिक्कतों पर भी चर्चा की गई और इस योजना का लाभ गर्भवती महिलाओं को शत प्रतिशत लाभ दिलाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने मौके पर बैठक में उपस्थित सभी एएनएम को बताया कि इस बात का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करें।

### टेंपो का टायर फटने से चार घायल

**जसवंतनगर, इटावा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत सैफई रोड पर ग्राम नगला नरिया मोड़ पर जसवंतनगर से सवारियों को भरकर सैफई जा रहा टेंपो का टायर फट गया। जिससे टेंपो असंतुलित होकर पलट गया। जिसमें उसमें बैठी सवारियों में से प्रदीप पुत्र राम प्रकाश, निवासी ग्राम अजबपुरा तिजोरा का पैर टूट गया। टेंपो ड्राइवर सहित ग्राम लरखोर निवासी एक महिला और उसके दो बच्चे घायल हो गए। गंभीर घायल प्रदीप को सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। जहां से उसे सैफई पीजीआई के लिए रेफर कर दिया गया।

# नसबंदी के बाद महिलाओं को नहीं मिला बेड, जमीन पर लिटाया

**जसवंतनगर, इटावा**

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तमाम प्रयासों के बाद भी स्वास्थ्य सेवाओं के हालात बदतर हैं। शुक्रवार को नसबंदी कैंप में व्यवस्थाओं के पोल खुल गई। ऑपरेशन के बाद जब महिलाएं ऑपरेशन कक्ष से बाहर निकलीं तो उन्हें बेड नसीब नहीं हुआ। उन्हें जमीन पर ही लिटा दिया गया।

शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में महिला एवं पुरुष नसबंदी कैंप लगाया गया। जिसमें लगभग 30 महिलाओं का रजिस्ट्रेशन हुआ। जिसमें से आशा बहुओं द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों से लाई गई 26 महिलाओं के ऑपरेशन किये गए। उसमें से दोपहर बाद कुछ महिलाओं को नसबंदी के बाद मौजूद स्टाफ ने आपरेशन कक्ष के बाहर छोड़ दिया। महिलाएं वहां से बाहर मैदान में आकर जमीन पर लेट गईं। नसबंदी के बाद महिलाओं को वार्डों में न भेजकर आपरेशन कक्ष के बाहर लिटा दिया। महिलाएं फर्श पर ही लेटी रहीं। **सीएचसी के अधीक्षक डॉ. सुशील कुमार** का कहना हैकि वे आज जिला मुख्यालय पर मीटिंग में भाग लेने गए थे। इसलिए पूरा मामला उनके संज्ञान में नहीं है। जानकारी में यह बात आई कि कुछ महिलाएं एंबुलेंस के इंतजार में बाहर लेट गई। वे जानकारी करेंगे। यदि किसी स्तर पर लापरवाही मिलेगी तो कार्रवाई होगी।

# घूमर, बाल शिशु नृत्य और समूह गान पर बजी तालियां

**कार्यालय संवाददाता, इटावा**

- जीसी जीनियस पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मना उत्सव समारोह

**अमृत विचार।** जीसी जीनियस पब्लिक स्कूल में उत्सव सांस्कृतिक वार्षिक समारोह का आयोजन हुआ। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि एसएसपी संजय कुमार ने किया। इस दौरान छात्रों-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए।

सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई। इसके बाद भारतीय संस्कृति की सत्यता को दर्शाते हुए नृत्य 'राम कथा, घूमर', बाल शिशु नृत्य ' चंदा ने पूछा तारों से' समूह गायन ' मिक्स अप' प्रस्तुति से दशर्कों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। इसके अलावा 'रोड सेफ्टी अवेयरनेस' जागरुकता अभियान पर नाटक भी प्रस्तुत किया। बच्चों ने क्लासिकल और राजस्थानी डांस की शानदार प्रस्तुति देकर अभिभावकों का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य सुनील दत्त अवस्थी ने कहा कि बच्चों ने अद्मभुत कार्यक्रम प्रस्तुत किए। भारतीय संस्कृति को दर्शाते और महापुरुषों को याद करते हुए कई नाटक भी प्रस्तुत किए। इस दौरान वहां मौजूद अभिभावकों और शिक्षकों ने तालियां बजाकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। समारोह को सफल बनाने के लिए छात्रों के प्रयासों की सराहना भी की। विशिष्ट अतिथि अर्बन कोआपरेटिव बैंक के महाप्रबंधक सतीश कुमार, नीलम राय वर्मा, संस्था के मैनेजर डॉ प्रत्यूष तिवारी, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ उदयवीर सिंह ने छात्र छात्राओं का उत्साबर्द्धन किया। कार्यक्रम में अनिका राजपूत, ख्याति, आर्यन, तन्वी, आयुषी, नैतिक, प्रगति, चाहत, शिफा, अनुभवी, टिया, गिनी, अद्वित, चाहत, मानवी, श्रेया, अवनी, अन्य सभी छात्र-छात्राओं ने सभी अभिभावकगण का अपनी शानदार प्रस्तुति से मन मोह लिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में उप प्रधानाचार्य भानु किशोर दुबे, जयंत मिश्रा, कुलदीप तिवारी, फराज खान, शान, हार्दिक, बुशरा रिजवान, निशा, भावना, ज्योति मिश्रा, दिव्या आदि रहीं।



समारोह का उद्घाटन करते एसएसपी संजय कुमार एवं प्रत्यूष तिवारी। अमृत विचार



प्ले हाउस का उदघाटन करतीं एसएसपी की धर्मपत्नी नीलम राय। अमृत विचार

# नीलम राय ने किया प्ले स्कूल का उदघाटन

**बकेवर, इटावा।** कस्बा बकेवर में मां भगवती गेस्ट हाउस के समीप किंडर हाउस प्ले स्कूल का उद्घाटन एसएसपी इटावा संजय कुमार वर्मा की पत्नी नीलम राय ने विधिवत पूजा अर्चन कर फीता काटकर किया गया।

उन्होंने कहा कि यहां प्ले स्कूल खुलने से यहां के बच्चों को शिक्षा के साथ खेल के क्षेत्र में भी परचम लहरायेगें। जिससे बच्चों को शारीरिक लाभ मिलेगा। डायरेक्टर अभिरल मिश्रा ने कहा कि स्कूल अंग्रेज़ी माध्यम से नर्सरी से पांचवीं कक्षा तक की पढ़ाई होगी। यहां के बच्चों को शिक्षा के साथ साथ खेल में कराटे, स्मार्ट क्लास एवं स्पोकेन इंग्लिश भी सिखाया या पढ़ाया जाएगा। इस अवसर पर थाना प्रभारी राकेश कुमार शर्मा, समाजसेवी सत्य प्रकाश उपाध्याय, भाजपा नेता सौरभ उपाध्याय, ऋषि शुक्ला, शीलू शर्मा, चेयरमैन लखना गणेश शंकर पोरवाल, राधे श्याम चौधरी, अशोक शुक्ला, प्रदीप चतुर्वेदी, धरणीधर शुक्ला, अंकित पाठक, अनिल चौधरी, राहुल शुक्ला, सुनील चौधरी, सहित दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे। प्रिंसिपल जया वाजपेयी ने आभार जताया है।

**शिक्षा** छात्र-छात्राओं को आगामी बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए दी जानकारी, 22 फरवरी से होनी हैं परीक्षाएं

# हवन-पूजन के साथ छात्र-छात्राओं का हुआ विदाई समारोह

**संवाददाता, फफूंद, औरैया**

**अमृत विचार।** नगर के श्री राम शंकर गौरी शंकर इंटर कॉलेज फफूंद में हाई स्कूल, इंटर के बोर्ड परीक्षा में सम्मलित छात्रों का विदाई समारोह हवन पूजन के साथ सम्पन्न किया गया। जिसमें छात्रों ने पूर्ण आहुति देकर अच्छे अंक पाने का संकल्प लिया।

आगामी 22 फरवरी से माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की हाईस्कूल व इंटर मीडिएट की बोर्ड परीक्षा शुरू होने जा रही है। विद्यालय प्रांगण में हवन पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। जिसमें शिक्षक सहित छात्र-छात्राओं ने हवन सामग्री के साथ पूर्ण आहुति देकर बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत अंक लाने का संकल्प लिया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार मिश्रा ने छात्र-छात्राओं से कहा कि आप लोग लगन और मेहनत करके अच्छे अंक प्राप्त करें। कहा छात्र के जीवन में शिक्षा उसके उज्जवल भविष्य की आधार शिला है अगर आप पढ़े लिखे है तो हर क्षेत्र में आपको नौकरी का सुनहरा मौका मिलेगा। हर माता पिता अपने बच्चे की शिक्षा में कोई कसर नही छोड़ता है अपने घर के बजट में कटौती करके बच्चे की शिक्षा अनवरत जारी रखता है। इस मौके पर विद्यालय की संरक्षक जीत कुमारी दुबे, संचालक सरोज कुमार मिश्रा, प्रधानाचार्य अशोक कुमार मिश्रा, श्याम जी दुबे, कमलेश राजपूत, उदय प्रताप, उपेंद्र दुबे, राम जी दुबे, शिप्रा दुबे, शोभना, स्वतंत्र कुमार, अनार सिंह, विजय लक्ष्मी, अभिनव कुमार आदि मौजूद रहे।



हवन-पूजन करते विद्यालय के छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

# बच्चों ने मचाया धमाल, मेधावी हुए सम्मानित

**औरैया।** सहार ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय बहलोलपुर में शुक्रवार को अभिभावक सम्मेलन एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जहां छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए।

विद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से की गई। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं ने मां शारदे के चरणों में अपनी वंदना प्रस्तुत की। जिसके बाद छात्र-छात्राओं ने पीटी अभ्यास दिखाकर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। वहीं शिक्षा पर आधारित कई नाटक भी प्रस्तुत किए। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे खंड शिक्षा अधिकारी उपेंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि सरकार की ओर से वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के लिए दी गई गाइड लाइन बहुत ही अच्छा प्रयास है। कार्यक्रम में एसआरजी सुभाष रंजन द्विवेदी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से ग्रामीण प्रतिभाओं को बाहर निकालने का मौका मिलता है। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानध्यापक दिलीप कुमार, सहायक अध्यापक धर्मेंद्र कुमार संखवार, देवांशु, पंकज कुमार, अवनीश कुमार, अखिलेश कुमार, बलराम के अतिरिक्त एसआरजी अलका यादव एआरपी सुबोध कुमार, विश्वनाथ सिंह, पंकज तिवारी, अमित कुमार,, अनिल बाथम, अमित पाल, अनिता राजपूत, कमलेश कुमार, रमेश भदौरिया आदि रहे।



मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

बैंक ऑफ़ इंडिया
Bank of India BOI

वित्तीय समावेशन विभाग, हरदोई आंचलिक कार्यालय 849, प्रथम तल, अवस्थी कॉम्प्लेक्स, शाहजहाँपुर रोड, डीएम चौराहा हरदोई, उ0प्र0-241001

**वित्तीय साक्षरता सलाहकार फर्रुखाबाद एवं कन्नौज**
**अनुबंध के आधार पर स्टाफ सदस्यों की आवश्यकता**

बैंक ऑफ इंडिया, हरदोई अंचल अनुबंध के आधार पर फर्रुखाबाद एवं कन्नौज में विभिन्न पदों के लिये योग्य व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित करता हैः-

| पद का नाम | जगह | रिक्त पद | मासिक मानदेय |
|---|---|---|---|
| वित्तीय साक्षरता सलाहकार | फर्रुखाबाद | 1 | ₹ 18,000/- (नियम एवं शर्तें लागू) |
| वित्तीय साक्षरता सलाहकार | कन्नौज | 1 | ₹ 18,000/- (नियम एवं शर्तें लागू) |

**कृपया नोट करेः केवल सेवानिवृत्त बैंक कर्मचारी ही पात्र (नियम एवं शर्तें लागू)**

कृपया नोट करें कि उपरोक्त पद पूर्ण रूप से अनुबंध के आधार पर भराजाएगा एवं नियुक्त व्यक्ति का कार्य विस्तार उनके कार्य की समीक्षा के आधार पर निश्चित अंतराल पर किया जाएगा। नियुक्ति बैंक के नियम एवं शर्तों के आधार पर की जाएगी। उपरोक्त पद के लिए आवेदन पत्र हमारी वेबसाइट **www.bankofindia.co.in** के करियर सेक्शन से प्राप्त किया जा सकता है। पूर्ण रूप से भरे गये एवं समस्त दस्तावेज़ के साथ आवेदन पत्र हमारे आंचलिक कार्यालय, हरदोई के उपरोक्त पते पर दिनांक **04.03.2024** की शाम **5.00 बजे** तक भेजे जा सकते हैं।

कृपया नोट करें कि बैंक ऑफ इंडिया, बिना किसी पूर्व सूचना के इस विज्ञापन को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। (उम्मीदवार अधिमांतः स्थानीय क्षेत्र के होने चहिए) आवेदन पत्र का डाक संक्रमण में प्राप्त न होना, या नुकसान होना, या आवेदन पत्र प्राप्त होने में किसी भी देरी के लिए बैंक किसी भी प्रकार से ज़िम्मेदार नही होगा। आंशिक रूप से भरे या अपूर्ण आवेदन पत्र पर विचार नही किया जाएगा। यदि आवेदक चुना जाता है तो प्रस्ताव पत्र स्वीकार करने की तिथि पर आवेदक किसी भी सरकारी या निजी संगठन के साथ पूरा या अंशकालिक आधार या अनुबंध के आधार पर जुड़ा नही होना चाहिए।

****उपरोक्त चयन के लिए बैंक ऑफ इंडिया हरदोई अंचल के पास अंतिम निर्णय सुरक्षित रहेगा।**

दिनांकः 17.02.2024, स्थानः हरदोई — आंचलिक प्रबन्धक, हरदोई अंचल

